

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, गंभीर समस्या है नशीली दवाइयों का व्यसन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2081


# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 89, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम | 39.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे | सूर्योदय 05 : 15 सूर्यास्त 19 : 05

मुरादाबाद, रविवार, 23 जून 2024

प्रभास की फिल्म कल्कि का नया ट्रेलर रिलीज..16

## एक नजर

### दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा में सीएनजी 1 रुपये महंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में सीएनजी की कीमत में शनिवार को एक रुपये प्रति किग्रा की बढ़ोतरी की गई। आईजीएल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दिल्ली में सीएनजी की कीमत 74.09 रुपये से बढ़कर 75.09 रुपये प्रति किग्रा हो गई है जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में यह दर 78.70 रुपये से बढ़कर 79.70 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

### बम की सूचना पर रोकी गई फ्लाइट, छानबीन

**कोझिकोड।** केरल के कालीकट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से शारजाह के लिए रवाना होने वाले एयर अरबिया के एक विमान में शनिवार को बम होने की सूचना पर विमान रोक दिया गया। बम निरोधक दस्ते ने विमान का गहन निरीक्षण किया जिसमें यह धमकी फर्जी पाई गई। हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शारजाह से कालीकट आए यात्रियों में से एक ने सीट पर बम लिखा हुआ एक नोट छोड़ा था, विमान के उड़ान भरने से पहले एक कर्मचारी की नजर इस पर पड़ी।

### हिमाचल में बनी 22 दवाओं के सैंपल फेल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बनी 22 दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं। हिमाचल समेत देश में निर्मित 52 दवाएं मानकों पर खरा नहीं उतरीं हैं। पांवटा साहिब की दवा कंपनी जीं लेबोरेंटरी के तीन और झाडमाजरी के डेक्सीन फार्मा के दो सैंपल एक साथ फेल हुए हैं। ड्रग कंटोलर मनीष कूपर ने बताया कि फेल होने वाली दवा उघोगों को नोटिस जारी किए जाएंगे, बाजार से स्टॉक को वापस मंगवाया जाएगा।

### बिभव की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ाई गई

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत शनिवार को छह जुलाई तक के लिए बढ़ा दी गई। कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट करने का आरोप है। कुमार को 'वीडियो कॉन्फ्रेंस' के जरिए मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल के समक्ष पेश किया गया जिन्होंने उसकी न्यायिक हिरासत छह जुलाई तक बढ़ा दी।

**जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक में शनिवार को लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसले, कई राज्यों के वित्तमंत्री भी उपस्थित रहे**

# रेलवे प्लेटफार्म टिकट, रिटायरिंग रूम की सुविधा अब जीएसटी से मुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी



- सोलर कुकर और दूध के डिब्बों पर एक समान 12% की दर तय

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक में शनिवार को कई अहम फैसले लिए गए। बैठक के बाद सीतारमण ने कहा कि सभी सोलर कुकरों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने का निर्णय लिया गया है। सभी दूध के डिब्बों पर 12 प्रतिशत की एक समान दर निर्धारित करने की सिफारिश की गई है। सीतारमण ने कहा कि रेलवे द्वारा आम आदमी को दी जाने वाली सेवाएं, प्लेटफार्म टिकटों की बिक्री, रिटायरिंग रूम सुविधा, वेटिंग रूम, क्लॉक रूम सेवाएं, बैटरी चालित कार सेवाओं को जीएसटी से छूट दी जा रही है। अंतर-रेलवे आपूर्ति को भी छूट दी गई है। शैक्षणिक संस्थानों के बाहर छात्रों के लिए छात्रावासों को भी छूट दी जा रही है। परिषद ने प्रति व्यक्ति प्रति माह 20,000 रुपये तक की आपूर्ति मूल्य वाली आवास सेवाओं को छूट देने की सिफारिश की है। ये सेवाएं न्यूनतम 90 दिनों की निरंतर अवधि के लिए दी जाती हैं। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय स्तर पर बायोमेट्रिक आधारित आधार प्रमाणीकरण की शुरुआत की जाएगी। इससे फर्जी चालान के जरिए किए गए धोखाधड़ी वाले इनपुट टैक्स क्रेडिट दावों से निपटने में मदद मिलेगी। परिषद ने सभी कार्टन बॉक्स और पेपर बोर्ड के मामलों पर 12 प्रतिशत की एक समान जीएसटी दर निर्धारित करने की भी सिफारिश की है। मोदी 3.0 सरकार की जीएसटी काउंसिल की इस पहली बैठक में कई राज्यों के वित्तमंत्री भी उपस्थित रहे।

### डिमांड नोटिस पर ब्याज व जुर्माना माफ कर व्यापारियों को राहत देने की तैयारी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने व्यापारियों, एमएसएमई और करदाताओं को राहत देते हुए धोखाधड़ी, दमन या गलत बयानी से जुड़े मामलों सहित जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी किए गए डिमांड नोटिस के लिए ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है। सीतारमण ने कहा वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए जो नोटिस जारी किए गए थे, परिषद ने उन पर ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है। सीतारमण ने कहा सरकारी मुकदमेबाजी को कम करने के लिए परिषद ने विभाग द्वारा अपील दायर करने के लिए जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए 20 लाख रुपये, हाईकोर्ट के लिए एक करोड़ और सुप्रीम कोर्ट के लिए 2 करोड़ रुपये की मौद्रिक सीमा की सिफारिश की है। परिषद ने यह भी सिफारिश की है कि अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर करने के लिए पूर्व-जमा की अधिकतम राशि 25 करोड़ रुपये सीजीएसटी और एसजीएसटी से घटाकर 20 करोड़ सीजीएसटी और एसजीएसटी कर दी जाएगी।

### पेट्रोल व डीजल को भी दायरे में लाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र की मंशा हमेशा से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की रही है और अब राज्यों को एक साथ आकर इसकी दर तय करनी है। सीतारमण ने कहा जीएसटी को जब एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था, तब यह फैसला किया गया कि कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन पर जीएसटी कानून के तहत बाद में कर लगाया जाएगा।

# परीक्षा प्रक्रिया में सुधार के लिए सात सदस्यीय कमेटी गठित

## एनटीए पर सिफारिश के लिए कमेटी के अध्यक्ष बने इसरो के पूर्व प्रमुख राधाकृष्णान

**सकारात्मक पहल**

- डेटा सुरक्षा व एनटीए की कार्यप्रणाली को लेकर दो महीने में केंद्र को सौंपनी होगी रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



नीट विवाद को लेकर आलोचना का सामना कर रहे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्य प्रणाली को पारदर्शी, आसान और न्यायपूर्ण परीक्षा कार्यान्वयन की गारंटी के लिए इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया है। समिति परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना एवं कार्यप्रणाली को लेकर दो महीने में मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपेगी।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) और यूजीसी-नेट की परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर बहस छिड़ी हुई है। सरकार ने कहा है कि वह विद्यार्थियों के हित से खिलवाड़ नहीं होने नहीं देगी। इसी संदर्भ में इस समिति का गठन किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक समिति को संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया का विश्लेषण करना और प्रणाली की दक्षता में सुधार करने तथा संभावित उल्लंघन को रोकने के लिए उपाय सुझाने और एनटीए की मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी), प्रोटोकॉल की गहन समीक्षा करना तथा प्रत्येक स्तर पर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निगरानी तंत्र के साथ-साथ इन प्रक्रियाओं/प्रोटोकॉल को मजबूत करने के उपाय सुझाने का काम सौंपा गया है। वहीं, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार के संदर्भ में एनटीए की मौजूदा डेटा सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल का मूल्यांकन करने तथा इसके सुधार के लिए उपाय सुझाने और विभिन्न परीक्षाओं के लिए पेपर-सेटिंग और अन्य प्रक्रियाओं से संबंधित मौजूदा सुरक्षा प्रोटोकॉल की जांच करने तथा सिस्टम की मजबूती बढ़ाने के लिए सिफारिशें करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### एनटीए महानिदेशक को पद से हटाया गया

**नई दिल्ली।** प्रतियोगी परीक्षाओं नीट और यूजीसी-नेट में अनियमितताओं को लेकर बड़े पैमाने पर उठे विवाद के बीच एनटीए के महानिदेशक सुबोध सिंह को शनिवार को पद से हटा दिया गया। सिंह को अगले आदेश तक कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) में अनिवार्य प्रतीक्षा में रखा गया है। भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला को नियमित नियुक्ति किए जाने तक परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### विशेषज्ञों की समिति में ये सदस्य हैं शामिल

समिति में दिल्ली एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीजे राव, आईआईटी मद्रास के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. के राममूर्ति, पीपल स्ट्रॉन्ग और बोर्ड सदस्य- कर्मयोगी भारत के सह-संस्थापक पंकज बंसल, आईआईटी दिल्ली के डीन स्टूडेंट अफेयर्स प्रो. आदित्य मित्तल और शिक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल को रखा गया है। डॉ. राधाकृष्ण वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के संचालन मंडल के अध्यक्ष हैं।

# प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश में सड़क पर खुलेआम चलाई गोलियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सड़क पर गोली चलाता युवक।

- पूर्व विधायक राजेश मिश्रा समेत 12 नामजद, 150 अज्ञात पर रिपोर्ट
- दोनों पक्षों ने की फायरिंग, एक पक्ष ने दो बुलडोजर जलाए
- एसएसपी ने इंस्पेक्टर समेत सात पुलिस कर्मियों को किया निलंबित

**अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास पर कई करोड़ रुपये के प्लॉट पर कब्जे के लिए शनिवार सुबह बिल्डर के गुर्गों ने फायरिंग की और बुलडोजर से दुकान में रखे मार्बल तोड़ दिए। दूसरे पक्ष ने फायरिंग कर दो बुलडोजर जला दिए। दोनों पक्षों की ओर से करीब 50 राउंड फायर किए गए। पुलिस ने रोहित की तहरीर पर पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल समेत 12 नामजद और 150 अज्ञात के खिलाफ हत्या की कोशिश, बलवा समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने इज्जतनगर थाना प्रभारी समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों से 11 लोगों को गिरफ्तार कर तीन कार कब्जे में ली है। इस मामले में पुलिस ने भी दोनों पक्षों के नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

दरोगा राजीव प्रकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे शंकरा महादेव मार्बल दुकान के पास विवाद की सूचना पर पहुंचे तो वहां पर दो बुलडोजर से संजय नगर निवासी राजीव राणा और रोहित ठाकुर 20-25 सहयोगियों के साथ मार्बल हटवा रहा था। मार्बल दुकान के मालिक गांव लालपुर निवासी आदित्य उपाध्याय ने अपने बेटे अभिराज और साथियों के साथ पहुंचकर विरोध किया। इस पर राजीव राणा ग्रुप के लोगों ने फायरिंग कर दी। इसके बाद आदित्य पक्ष की ओर से भी फायरिंग की गई। दोनों तरफ से करीब 50 राउंड फायरिंग की गई। आदित्य पक्ष के साथियों ने दोनों बुलडोजर में आग लगा दी। बीच सड़क पर फायरिंग से अफरातफरी मच गई और ट्रैफिक रुक गया। लोग अपने वाहन छोड़कर भागने लगे और दुकानें भी बंद हो गईं। फोर्स ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रण में की। वहीं पूर्व विधायक का कहना है कि घटना के समय वे शहर से बाहर थे। विरोधियों ने मेरे खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया है।

### इन पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

एसएसपी और अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और फिर थाने में भी मामले की जानकारी ली। एसएसपी की शुरुआती जांच में पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आई। जिस पर एसएसपी ने थाना प्रभारी जयशंकर सिंह, दरोगा राजीव प्रकाश, मुख्य आरक्षी योगेश, सिपाही सन्नी कुमार, विनोद कुमार, राजकुमार और अजय तोमर को निलंबित कर दिया।

> प्लॉट कब्जा करने के लिए दो पक्षों में फायरिंग हुई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है। **-घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

# उत्तराखंड में उपचुनाव से आकाश आनंद की वापसी

ब्यूरो, देहरादून



- बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलौर के लिए बनाया स्टार कैंपेनर

**अमृत विचार :** बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद की पार्टी में फिर से वापसी हो गई है। बसपा ने आकाश आनंद को राज्य में दो सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में स्टार कैंपेनर बनाया है। पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीधर की ओर से जारी की गई 13 स्टार प्रचारकों की सूची में बसपा सुप्रीमो मायावती के बाद आकाश आनंद का नाम है।

चमोली की बदरीनाथ और हरिद्वार की मंगलौर विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। 10 जुलाई को मतदान होना है। लोकसभा चुनाव से पहले बदरीनाथ सीट से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। अब भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है। वहीं मंगलौर विस सीट से बसपा के सरबत करीम अंसारी विधायक थे। उनका निधन होने के बाद उक्त सीट पर भी उपचुनाव हो रहा है। बसपा ने मंगलौर सीट पर पूर्व विधायक सरबत करीम अंसारी के बेटे उदेबुर्रहमान को प्रत्याशी बनाया है।

# उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षा बलों ने शनिवार को घुसपैठियों की कोशिश को नाकाम कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादी मार गिराने में भी कामयाबी पाई है। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बारामूला के गोहलान उरी सेक्टर में शनिवार तड़के घुसपैठ की कोशिश की गई। नियंत्रण रेखा पर तैनात सेना के जवानों ने घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखते ही उन्हें ललकारा। इसके बाद उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी, जिस पर सेना के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी।

# कुत्तों ने पांच वर्षीय बच्ची को नोचकर मार डाला

संवाददाता, किरतपुर (बिजनौर)



- घर के बाहर खेल रही थीं तीन बच्चियां, दो मामूली घायल

**अमृत विचार :** किरतपुर कस्बे के मोहल्ला इस्लामनगर में घर के बाहर खेल रहीं दो बहनों समेत तीन बच्चियों पर खूंखार कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्ते एक बच्ची को खींचकर आम के बाग में ले गए। वहां नोचकर उसे मार डाला। दो बच्चियां मामूली घायल हुई हैं।

नगर में छितावर रोड स्थित इस्लाम नगर में फहीम का परिवार रहता है। शनिवार सुबह आठ बजे उनकी दोनों बेटियां रुकय्या (5 ), आसिफा (7) और पड़ोसी की बेटी जवेरिया (5) सड़क पर खेल रही थीं। तभी कुत्तों ने बच्चियों पर हमला कर दिया। रुकय्या को खींचकर बाग में ले गए। वहां उसे नोचकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाग की रखवाली कर रहे लोगों ने कुत्तों को भगाया और बच्ची को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। बच्ची के परिजन भी अस्पताल पहुंचे। डॉ. प्रमोद कुमार ने बच्ची को प्राथमिक उपचार देकर बिजनौर के लिए रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में मौत हो गई।

# मूल्य स्थिर रखने को सरकार ने 71,000 टन प्याज खरीदा

**नई दिल्ली।** सरकार ने इस वर्ष अब तक सुरक्षित भंडार के लिए लगभग 71,000 टन प्याज खरीदा है। यह मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन खरीद के कुल लक्ष्य में शामिल है। सरकार को उम्मीद है कि मानसून की प्रगति के साथ खुदरा कीमतों में कमी आएगी। उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को देशभर में औसत प्याज खुदरा मूल्य 38.67 रुपये प्रति किलोग्राम था, जबकि मॉडल मूल्य 40 रुपये प्रति किलोग्राम था। उपभोक्ता मामलों के विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 20 जून तक केंद्र ने 70,987 टन प्याज खरीदा है।

# छह उत्पादन इकाइयां ठप हुईं, बिजली संकट बढ़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्थिति पर नियंत्रण पाने को की गई आपात कटौती
- टांडा, जवाहरपुर व ऊंचाहार में बिजली उत्पादन ठप

**अमृत विचार :** प्रदेश में उत्पादन बिजलीघरों की इकाइयों के ठप होने का सिलसिला जारी है। शनिवार को टांडा, जवाहरपुर व ऊंचाहार बिजलीघरों की तीन इकाइयां ठप हो गईं। पहले से बंद तीन को मिलाकर कुल छह इकाइयों के बंद होने से 2165 मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ। इससे बिजली संकट बढ़ गया। स्थिति संभालने के लिए बुंदेलखंड सहित प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में करीब छह सौ मेगावाट की कटौती की गई।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार टांडा की 110 मेगावाट, ऊंचाहार की पांच सौ मेगावाट व जवाहरपुर की 660 मेगावाट की एक-एक इकाइयां ठप हो गईं। बिजली अभियंताओं ने जवाहरपुर इकाई के 23 जून को चालू होने व बाकी दो इकाइयों के 24 जून को चालू होने की उम्मीद जताई है। पहले से बंद बारा की 660 मेगावाट इकाई के भी 23 जून जबकि मेजा की 660 मेगावाट के 24 जून को चालू होने की संभावना है। सिंगरौली की 200 मेगावाट इकाई के शनिवार की देर रात तक चालू होने की उम्मीद जताई गई।

# रमित शर्मा बनाए गए एडीजी बरेली जोन अमरेंद्र सेंगर लखनऊ के पुलिस आयुक्त

- एसबी शिरडकर को बनाया गया एडीजी लखनऊ जोन

**कई आईपीएस अधिकारियों के तबादले**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



रमित शर्मा

**अमृत विचार :** उप्र. में शनिवार को कई आईपीएस अफसरों के तबादले हुए हैं। लखनऊ व प्रयागराज के पुलिस आयुक्त भी बदले गए हैं। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमित शर्मा को एडीजी बरेली जोन बनाया गया है। अमरेंद्र कुमार सेंगर लखनऊ के नए पुलिस आयुक्त होंगे। लखनऊ के पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर को लखनऊ जोन का एडीजी बनाया गया है। लखनऊ के आईजी तरुण गाबा को पुलिस आयुक्त प्रयागराज बनाया गया है। राजेश द्विवेदी को एसपी कुंभ प्रयागराज की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रेमचंद मीना को एडीजी पुलिस आवास निगम का प्रभार दिया गया है। प्रशांत कुमार द्वितीय को आईजी रेंज लखनऊ बनाया गया है। बिनोद कुमार सिंह एडीजी साइबर क्राइम और प्रकाश डी एडीजी रेलवे बनाए गए हैं। जय नारायन सिंह को एडीजी पीटीसी सीतापुर नियुक्त किया गया है। एलवी एंटनी देव को एडीजी सीबीसीआईडी और रघुवीर लाल को एडीजी सुरक्षा के साथ एडीजी एसएसएफ की भी जिम्मेदारी दी गई है। के सत्यनारायण को एडीजी यातायात और बीडी पॉल्सन को एडीजी प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। विद्यासागर मिश्र को पुलिस अधीक्षक रामपुर नियुक्त किया गया है। यमुना प्रसाद को डीसीपी नोएडा बनाया गया है।

# नीट-यूजी : झारखंड से छह लोग हिरासत में लिए गए

देवघर (झारखंड), एजेंसी

- सभी आरोपी बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले

बिहार पुलिस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' में अनियमितताओं के मामले में झारखंड के देवघर जिले से छह लोगों को हिरासत में लिया है। शनिवार को एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की रात देवीपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), देवघर के समीप एक घर से छह लोगों को हिरासत में लिया।

अनुमंडल पुलिस अधिकारी (देवघर सदर) ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि बिहार पुलिस ने हमें सूचना दी थी। हिरासत में लिए गए सभी संदिग्धों को बिहार ले जाया गया है। सभी संदिग्ध झुनू सिंह नाम के व्यक्ति के घर पर रह रहे थे। देवघर पुलिस के अनुसार संदिग्धों की पहचान परमजीत सिंह उर्फ बिट्टू, बलदेव कुमार उर्फ चिंटू, प्रशांत कुमार उर्फ काजू, अजीत कुमार, राजीव कुमार उर्फ कारू और पंकू कुमार के रूप में हुई है। ये सभी बिहार के नालंदा जिले के निवासी हैं।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी की परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें करीब 24 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। चार जून को परिणाम घोषित किए गए थे।

### प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआई ने की पूछताछ

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने यूजीसी-नेट का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में शनिवार को एक व्यक्ति से पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि प्रश्नपत्र का एक हिस्सा टेलीग्राम पर पोस्ट करने वाले संदिग्ध को जिले के पडरौना कोतवाली ले जाया गया जहां सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा की टीम उससे पूछताछ कर रही है। ऐसा माना जा रहा है कि संदिग्ध ने राजस्थान के कोटा में नेट की कोचिंग की थी। सीबीआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर यूजीसी-नेट प्रश्नपत्र लीक करने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज की थी।

### बिहार पुलिस को मिले एनटीए से संदर्भ प्रश्न पत्र

**पटना।** बिहार पुलिस ने कथित नीट-यूजी पेपर लीक मामले में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से संदर्भ प्रश्न पत्र प्राप्त करने का दावा किया है। इस मामले की जांच कर रही बिहार आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि पिछले महीने पटना में तलाशी के दौरान एक घर से कथित तौर पर लीक हुए प्रश्न पत्रों के जले हुए टुकड़े बरामद किए गए थे, जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजे जाने से पहले संदर्भ प्रश्न पत्रों के साथ मिलान किया जाएगा।

### राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (पीजी) भी टली

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने उच्च चिकित्सा शिक्षा की राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा परा स्नातक (नीट-पीजी प्रवेश) टालने की घोषणा की है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड की नीट-पीजी प्रवेश टाल दी गई है। परीक्षा की नई तिथि बाद में घोषित की जाएगी। नीट-पीजी प्रवेश 23 जून रविवार को निर्धारित थी। मंत्रालय ने कहा है कि कुछ प्रवेश परीक्षाओं में अनियमितताओं की घटनाओं को देखते हुए इस परीक्षा को टालने का निर्णय लिया गया है।

**शहर में आज**



☞ जिला कृषि विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी अनुगूंज में जिगर मंच पर भोजपुरी नाइट रात 8 :00 बजे।

☞ अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा की ओर से रक्तदान शिविर आईएमए भवन, कचहरी कंपाउंड में 10 :30 बजे।

☞ सोनकपुर स्टेडियम में क्रीड़ा प्रतियोगिता सुबह 9 :00 बजे।

**एक नजर**

### 28 को होगी विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों के मूल्यांकन व अनुश्रवण के लिए मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में 28 जून को 10 :00 बजे विकास कार्यक्रमों की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में होगी। संयुक्त विकास आयुक्त विजय प्रकाश श्रीवास्तव ने सभी संबंधित अधिकारियों से बैठक में समय से उपस्थित होने के लिए कहा है।

### एमडीए उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के समक्ष पेश किया था तैयार किया गया मास्टर प्लान

# महानगर के मास्टर प्लान पर कल लग सकती है मुहर

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



**अमृत विचारः** महानगर के विकास के लिए मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) द्वारा तैयार किया गया मास्टर प्लान 2031 जल्द ही शासन से पास होने वाला है। एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष मास्टर प्लान 2031 को पेश कर दिया है। इस मास्टर प्लान से मुख्यमंत्री पूरी तरह संतुष्ट भी हुए हैं। उम्मीद है कि सोमवार को मास्टर प्लान पर मुहर लग सकती है।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा जनपद के विकास के लिए प्रति 10 वर्ष में मास्टर प्लान तैयार किया जाता है। जिसके तहत मास्टर प्लान 2031 तैयार करके छह माह पहले शासन को भेजा गया था। लेकिन बीच में चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण मास्टर प्लान लटक गया था। छह दिन पहले ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों ने एमडीए उपाध्यक्ष को मुख्यमंत्री के सामने मास्टर प्लान के प्रजेंटेशन की तैयारी को कहा था और मुख्यमंत्री के सामने प्रजेंटेशन को भी कहा था। जिसके तहत बीते गुरुवार को एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने प्रजेंटेशन किया। वीडियो कॉन्फेंसिंग के माध्यम से इसका प्रजेंटेशन हुआ था। इस दौरान मास्टर प्लान के प्रजेंटेशन से मुख्यमंत्री पूरी तरह संतुष्ट नजर आए थे। उन्होंने अधिकारियों को इसी माह मास्टर प्लान पास करने के निर्देश भी दिए हैं।



> अब मास्टर प्लान की सभी बाधाएं दूर हो गई हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि नया मास्टर प्लान सोमवार तक पास होकर आ सकता है। जिसके बाद नए मास्टर प्लान के विकास कार्य भी तेजी से शुरू कराए जाएंगे।
>
> **-शैलेष कुमार,** उपाध्यक्ष एमडीए

**मास्टर प्लान-2031 में यह रहेगा खास**

- शहर के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 200 एकड़ में शिल्पग्राम की रहेगी व्यवस्था।
- कांठ रोड व दिल्ली पर व्यावसायिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बाजार स्ट्रीट तथा उपनगर केंद्रों का रहेगा प्रावधान।
- संभावित मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय, अस्पताल, स्टेडियम, बस व ट्रक टर्मिनल के लिए भी रहेगी पर्याप्त व्यवस्था।
- मछली मंडी और कैटल कॉलोनी को शहर के बाहर स्थापित करने की रहेगी व्यवस्था।
- अनाज मंडी, सब्जी मंडी की भी रहेगी व्यवस्था। ग्रीन बेल्ट के लिए पहले से आरक्षित क्षेत्र का बढ़ेगा दायरा।
- जहां काफी समय से आबादी और औद्योगिक इकाई स्थापित हैं वहां बदल सकता भू-उपयोग।

### योजना का लाभ लेने को डीएम ने किया प्रेरित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** निजी नलकूप एकमुश्त समाधान योजना का लाभ लेने के लिए जनपद के किसानों से जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने अपील की है। विद्युत विभाग ने किसानों के लिए एक अप्रैल 2023 से निजी नलकूप संयोजनों (श्रेणी एलएमवी-5) के बिल माफी के लिए एक मुश्त समाधान योजना चालू की थी। जो 30 जून को समाप्त हो रही है। डीएम ने बताया कि बिजली विभाग के नियमानुसार इस योजना का लाभ निजी नलकूप का 31 मार्च 2023 तक का बिजली बिल जमा करने के बाद मिल सकेगा। ऐसे सभी निजी नलकूप उपभोक्ता जिनका 31 मार्च 2023 तक की अवधि तक का बिल जमा है, वह अपने नजदीकी बिजली केंद्र, जाकर अपना नलकूप का संयोजन संख्या, घरेलू संयोजन संख्या एवं मोबाइल नंबर बताकर अपना पंजीकरण करा लें। वह 1 अप्रैल तक 2023 से निजी नलकूप के बिल में माफी का लाभ ले सकते हैं।

### ज्यादा किराया देकर भी रेल यात्री हो रहे परेशान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा संचालित की जा रहीं स्पेशल ट्रेनें भी यात्रियों को परेशान कर रही हैं। जबकि स्पेशल ट्रेनों का किराया भी ज्यादा है, उसके बाद भी यात्री दुश्वारियों भरा सफर करने को मजबूर हैं। समर स्पेशल ट्रेनें निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही है। पिछले एक सप्ताह में अधिकतर समर स्पेशल ट्रेनें पांच से 10 घंटे की देरी से पहुंची है। जिससे भीषण गर्मी में यात्रियों का बुरा हाल है।

गर्मी में यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। जिसके चलते लोग सफर को आसान करने के लिए समर स्पेशल ट्रेनों में ज्यादा पैसा देकर टिकट बुक कराते हैं। लेकिन स्पेशल ट्रेनों में भी यात्रियों के साथ धोखा हो रहा है। क्योंकि नियमित ट्रेनों के साथ-साथ समर स्पेशल ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही हैं। जिसके चलते यात्री ज्यादा किराया देने के बाद भी सफर से ज्यादा ट्रेनों का इंतजार कर रहे हैं। गर्मी का सीजन बीतने वाला है, लेकिन स्पेशल ट्रेनें अपने निर्धारित समय से नहीं पहुंच रही हैं।

# हल्की बारिश से मिली राहत, तापमान में आई कमी

### दोपहर में उमस से बढ़ी लोगों की परेशानी, शनिवार को अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस रहा

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** दो दिन से हो रही छिटपुट बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। तापमान में कमी आने से दिन में लू का असर भी कम हो गया है। हालांकि उमस से लोग परेशान हैं। अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहा।

शनिवार को सुबह हुई बारिश से तापमान में और कमी आई। हालांकि दोपहर में धूप तेज होने पर गर्मी और उमस बनी रही। लेकिन पिछले दिनों के 45 डिग्री तापमान की अपेक्षा गर्मी में कमी रही। शुक्रवार को हुई बारिश के बाद शनिवार को भी हल्की बारिश होने से सुबह और शाम को मौसम सुहाना हो गया। बारिश होने से किसानों को भी राहत मिली। अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान भी गिरकर 27.4 डिग्री सेल्सियस आ गया। 55 प्रतिशत नमी रहने से लोग उमस से बेचैन हुए। 12.8 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दक्षिण पूर्व दिशा से हवा चली। जिससे शाम को लोगों ने सुकून महसूस किया। वहीं बारिश के समय कई मोहल्लों में नाले का कीचड़ सड़क पर आ गया। जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हुई। जबकि नगर निगम प्रशासन ने बरसात से पहले ही नाले-नालियों की तलीझाड़ सफाई के लिए अभियान चलाया है। आशियाना, हरथला में सड़क पर कीचड़ आने से सुबह राहगीर परेशान हुए।

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह का कहना है कि प्री मानसून की छिटपुट बारिश का क्रम चलेगा। 23-24 जून को 5-6 मिलीमीटर बारिश हो सकती है। मानसून पूरी तरह 28 जून या इसके बाद सक्रिय होगा।



आशियाना कॉलोनी में रिमझिम बारिश के बीच गुजरता युवक। ● अमृत विचार



शाम को बदले मौसम के बीच कांठ रोड से गुजरते लोग। ● अमृत विचार

### बारिश से खिले किसानों के चेहरे, फसलों को लाभ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद में शनिवार सुबह तेज हवाओं के साथ बारिश ने गर्मी से राहत दी है, उधर, बारिश से किसानों के चेहरे भी खिल उठे। बारिश ने एक ओर मौसम सुहाना बना दिया है तो वहीं किसानों के खेतों की नमी भी वापस ला दी। अब किसान खेतों में खाद डालना शुरू करेंगे। जिले में शनिवार सुबह से मौसम बदल गया। सुबह ठंडी हवा के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। लेकिन कुछ ही देर में बारिश रूकने के बाद मौसम में उमस बढ़ गई। जेबड़ी, फत्तेहपुर विश्नोई, कोकरपुर, समंदपुर के किसान राम सिंह, करन सिंह, सोहन पाल, मदन ठाकुर आदि ने बताया कि पिछले काफी दिनों से गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। इसके चलते खेतों की नमी तक गायब हो गई थी। लेकिन बारिश से कुछ राहत मिलेगी और जमीन की नमी वापस आएगी। किसान बिजली कटौती के कारण सिंचाई भी नहीं कर पा रहे थे। गर्मी के कारण गन्ना भी सूखने लगा था। इस बारिश से थोड़ी राहत मिलेगी। अब खेतों में खाद डाल सकेंगे। हालांकि किसानों को कहना है कि कुछ देर की बारिश से कोई फायदा नहीं होगा। जिले में लगातार बारिश होनी चाहिए।



मैनाठेर थाने में शिकायतें सुनते डीएम मानवेंद्र सिंह व एसएसपी हेमराज मीना।

### 19 शिकायतों में से चार निस्तारित

**मुरादाबाद/मैनाठेर, अमृत विचारः** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की अध्यक्षता में जून के चतुर्थ शनिवार को मझोला और मैनाठेर थाने में थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। इसमें दोनों अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें सुनकर उनके त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों को एक सप्ताह के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने और शिकायत करने वालों को इसकी जानकारी अवश्य देने का निर्देश दिया। उन्होंने भूमि विवादों में राजस्व/पुलिस विभाग की टीम गठित कर प्रभावी कार्रवाई करने के लिए कहा। कुल 19 शिकायत आई जिसमें चार का निस्तारण मौके पर किया। इस दौरान एसीएम द्वितीय, नायब तहसीलदार, थानाध्यक्ष के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### बैंक खाते से लिंक कराएं आधार कार्ड

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों को अपना बैंक खाता आधार से लिंक कराना होगा। नहीं तो उनकी पेंशन रुक जाएगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि जिले में 53, 923 निराश्रित महिला पेंशनर्स हैं। वह सभी लाभार्थी अपना बैंक खाता जिसमें उनकी पेंशन जाती है, आधार से लिंक करवा लें। बैंक में जाकर केवाईसी भी जरुर कराएं जिससे उनके खाते में पेशन की धनराशि नियमित रूप से जाती रहे।

क्योंकि बिना आधार से लिंक बैंक खाते में पेंशन की अगली किस्त नहीं जाएगी। इसको देखते हुए अब पेंशनर्स को समय से अपने खाते को आधार से लिंक कराना जरूरी है। अन्यथा उनकी पेंशन में रुक सकती है।

# पौधे लगाने वालों को किया सम्मानित

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट की मासिक बैठक दीनदयाल नगर के रेस्टोरेंट में हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना एडवोकेट ने और संचालन राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सक्सेना ने किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि संस्था द्वारा शहर के प्रतिष्ठित हॉस्पिटल कॉसमॉस से अनुबंध किया है जिसमें उनके द्वारा शर्तों के अनुसार मरीज को छूट प्रदान की जाएगी। जिसके लिए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एक कार्ड जारी करेगा।

बड़ी संख्या में उपस्थित महिला शक्ति को राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला नीतू सक्सेना ने मनोनयन पत्र देकर सदस्यता ग्रहण कराई। पर्यावरण को बचाने के लिए जिन महिलाओं ने पौधे लगाए थे उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सम्मानित किया। कहा कि आज इस प्रचंड गर्मी से पेड़ पौधे ही राहत दिला सकते हैं। हम सबको मिलकर पौधरोपण के साथ ही उन्हें बचाना भी है। तभी हम इस गर्मी से निजात पा सकते हैं। सभी ने प्रण लिया कि हम सब कम से कम दो पेड़ अवश्य लगाएंगे। इस दौरान दीपक सक्सेना, अनिल सक्सेना, केबी सक्सेना, बीके सक्सेना, शिवोतार, विवेक बिसारिया, डब्लू सक्सेना, अखिलेश, रजनी, सुभाषिनी, बिंदू सक्सेना, वर्षा बिसारिया, मीता जौहरी, सोनल सक्सेना, निधि सक्सेना, मोना, पूनम सक्सेना, दीपा सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे।



पौधरोपण करने वाली सम्मानित महिला पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना एडवोकेट व अन्य।

● **अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक आयोजित**

**हालात** जनपद के 217 परिषदीय विद्यालयों में टाइल्स लगने का इंतजार

# 90 विद्यालयों में नहीं दिव्यांगों के लिए शौचालय

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- **शहरी क्षेत्र के 7 और ग्रामीण क्षेत्रों के 83 स्कूलों में दिव्यांगों के लिए शौचालय नहीं**
- **शौचालय नहीं होने से दिव्यांग छात्र-छात्राओं को करना पड़ता है असुविधा का सामना**

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित जिले के 90 विद्यालयों में दिव्यांगों के लिए शौचालय न होने से शारीरिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी हो रही है। हालत यह है कि शासन के आदेश के बाद भी कई विद्यालयों में शौचालयों का निर्माण नहीं कराया गया है।

जनपद में 1401 परिषदीय विद्यालय हैं। इनमें प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय शामिल हैं। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत परिषदीय विद्यालय में दिव्यांगों के लिए शौचालय का निर्माण होना था। इनमें अभी तक जनपद के 90 परिषदीय स्कूलों में दिव्यांगों के लिए शौचालय नहीं बना है। इनमें 7 स्कूल शहर क्षेत्र के और 83 स्कूल ग्रामीण क्षेत्र के शामिल हैं। दिव्यांगों के लिए शौचालय न होने से उन्हें असुविधा हो रही है। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 19 पैरामीटर में शामिल दिव्यांगों के लिए शौचालय का निर्माण 1294 स्कूलों में कराया जा चुका है। कई विद्यालयों में निर्माण कार्य शुरू होने हैं। परिषदीय स्कूलों में दिव्यांगों के लिए शौचालय में रैंप व अन्य सुविधाएं होने से उन्हें सहूलियत मिलती है।

पंचायतीराज विभाग प्रत्येक ग्राम पंचायत में संचालित परिषदीय स्कूलों में दिव्यांगों के लिए अलग से शौचालय का निर्माण कराएगा। उधर, जिले के 217 परिषदीय विद्यालयों में टाइल्स लगाने का काम भी नहीं हो सका है। इसके लिए भी जल्द प्रयास किए जा रहे हैं। 1401 में से 1191 परिषदीय स्कूलों में टाइल्स लगाने का काम पूरा हो चुका है।

**अधिकांश स्कूलों की दीवारों पर अंकित नहीं जरूरी नंबर**

शिक्षा विभाग के आदेशानुसार सभी परिषदीय विद्यालय में 6 दिनों के खाने के टाइम टेबल का बाहर दीवार पर लिखना जरूरी है। इतना ही नहीं इसके साथ कुछ जरूरी नंबर भी दीवार पर लिखने जरूरी है। जिससे अगर अभिभावकों को बीएसए या अन्य अधिकारी से किसी प्रकार की कोई शिकायत करनी है, तो वह यहां लगे नंबर पर संपर्क कर सकें। मगर बहुत से स्कूलों की दीवार पर अभी भी इन नंबरों को नहीं लिखा गया है।

> शासन के आदेशानुसार सभी स्कूलों में दिव्यांग शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही अन्य कार्य भी पूरे किए जाएंगे। सरकार की मंशा सभी छात्र-छात्राओं को सुविधा उपलब्ध कराना है।
>
> **-अजीत कुमार,** बेसिक शिक्षा अधिकारी



अटल घाट पर मां गंगा की आरती करते पुजारी परिषद के सदस्य। ● अमृत विचार

### गंदे नालों को तुरंत बंद कराए प्रशासन


**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पुजारी परिषद की ओर से शनिवार को ज्येष्ठ माह पूर्णिमा पर श्रीराम गंगा मैय्या की भव्य महाआरती और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ प्राचीन गंगा मंदिर अटल घाट पर किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने कहा कि मां गंगा और उसकी सहायक नदियां भारत की प्राण है। हमें नदियों को प्रदूषण मुक्त करना है। राष्ट्रीय पुजारी परिषद शासन से मांग करता है कि रामगंगा में मिल रहे गंदे नालों को तुरंत बंद किया जाए। कार्यक्रम में पं. सुभाष चंद्र दीक्षित, पं. विनीत शर्मा, पुजारी महेंद्र, पं. विनोद शर्मा, पं. कृष्ण मोहन श्याम शुक्ला, अनिल रस्तोगी, शिव शंकर बंसल, बबलू भटनागर, विजय बाजपेई, पं. रमेश चंद शर्मा, पं. सतीश खंडूरी, सतीश अग्रवाल, नितिन दुबे, अज्जू आदि मौजूद रहे।

नाईस प्राकृतिक आयुर्वेदिक चिकित्सा सेन्टर
प्रकृति से जुड़े
(अब सब कुछ खुलकर खाये भरपेट एक ही परहेज)
पेट, शुगर, दर्द एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
कैसा भी पेट खराब
● पेट खराब होने का गहरा सम्बंध दिमाग से।
● पेट सही तो कोई रोग नहीं।
● मुंह से खट्टा पानी आना
● पेट साफ ना होना
● सर भारी रहना
● अल्सर, पेट फूलना
● नाप, नलों की सेटिंग
गैस, क़ब्ज, पाइल्स, फैटी लिवर, IBS, पैरालाइसिस
अब डायबिटीज के अंतिम दिन
चाहे इन्सुलिन डिपेन्डेन्ट हो (टाइप-1, टाइप- 2)
शुगर से जुड़े रोग जैसे-मोटापा, हार्ट, ब्लड प्रेशर, ब्लॉकेज, सांस फूलना, थायराइड, कैसा भी चर्म रोग, पुराना जोड़ों का दर्द, गर्दन, कंधो का दर्द (सर्वाइकल), कमरदर्द (सिल्पडिस्क) गठिया, सभी बीमारियों का इलाज केवल एक छत के नीचे आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा
ब्लड शुगर के कैसे भी रोगी पहले दिन से सभी मीठे-मीठे फल (केला, पपीता, चीकू, सेब, आम, तरबूज) दाल चावल, रोटी, सब्जी आलू, छोले-भटूरे शुरू
मेडीटेशन द्वारा सभी शारीरिक एवं मानसिक रोगों से हमेशा के लिए मुक्ति पायें।

डॉ. पंकज कुमार
B.Sc., B.N.Y.S.

डॉ. रीटा आजाद
D.A.M.S
केवल एक ही परहेज
सिर्फ 10 सेकेण्ड में रोगी का हाथ देखकर बतायेंगे रोग बिना रोगी से पूछें
लाईफ स्टाईल एक्सपर्ट
नोटः सभी रोगी सुबह खाली पेट मिलें।
कृपया शुगर की जाँच लैब से कराकर आयें।
योग थैरेपिस्ट, न्यूरो थैरेपिस्ट, नैचुरोपैथी व डायटीशियन चिकित्सक
घर बैठे कोरियर द्वारा दवाई मंगवाने की सुविधा उपलब्ध।
अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें
9808874188, 6395469255
क्लीनिक खुलने का समय प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक (साप्ताहिक अवकाश बृहस्पतिवार)
शराब का नशा (कोई भी नशा) छुड़ाएं 100% प्राकृतिक जड़ी बूटियाँ द्वारा
क्लीनिक का पता
TA-13 आशियाना कालोनी फेज-1, हरथला, कांठ रोड, मुरादाबाद (उ.प्र.)




## आज का मौसम

छिटपुट बारिश हो सकती है।

37.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:17 | सूर्यास्त 07:17

# चोरी हुए 40 लाख के मोबाइल बरामद, मालिकों को सौंपे

## 201 पीड़ितों ने मोबाइल मिलने पर जताई खुशी, जिले के कई स्थानों पर फोन की बरामदगी के लिए की गई थी छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जनपद के अलग-अलग स्थानों से चोरी हुए 40 लाख के मोबाइल बरामद कर पुलिस ने मालिकों को सौंप दिए। खोए मोबाइल वापस मिलने से पीड़ितों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। वह भी तब जब पीड़ित अपने मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ चुके थे। जुलाई 2023 से दिसंबर के बीच में गुम या चोरी हुए 201 मोबाइल एसओजी और सर्विलांस टीम ने बरामद किए हैं।

शनिवार को एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि अपराध पर अंकुश को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। आए दिन मोबाइल गुम होने, चोरी की घटनाएं सामने आती है। बदमाशों द्वारा ऐसे मोबाइल का उपयोग भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में किया जा रहा है। पुलिस ने चोरी मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए अभियान चलाया था। सर्विलांस टीम और थानों के सहयोग से जिले के कई स्थानों से अलग-अलग कंपनियों के 201 मोबाइल बरामद किए हैं। सभी मोबाइल फोन की कीमत 40 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि फोन बरामदगी के बाद पीड़ितों का पता लगाकर उन्हें सौंप दिया है।



पुलिस लाइन में लोगों को मोबाइल देते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना। ● अमृत विचार

### फोन मिला तो चेहरे पर लौटी मुस्कान



मझोला थाना क्षेत्र निवासी विशाल ने बताया कि एक साल पहले वह ब्रजघाट से कांवड़ लेकर आ रहे थे। रास्ते में थकान होने पर आराम करने लगे। इस बीच उनका मोबाइल चोरी हो गया। विशाल ने इसकी शिकायत पर गागन चौकी में की थी। मोबाइल पाकर बहुत खुशी हुई।

### एसएसपी का जताया आभार



मझोला थाना क्षेत्र के रहने वाले सुदेश हॉस्पिटल में नौकरी करते हैं। अक्टूबर 2023 को ड्यूटी से लौट रहे थे। उनका फोन बैग की जेब में रखा था। इस बीच तहसील सदर के पास किसी ने उनका मोबाइल बैग से निकाल लिया। उन्होंने शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई थी। फोन मिलने के बाद उन्होंने एसएसपी का आभार जताया।

### तहसील में बाइक से गिरा था एक साल बाद मिला फोन



सिविल लाइन थाना निवासी क्षमा ठाकुर अपने पति विजय कुमार के साथ बाइक से बाजार जा रही थीं। 10 जुलाई 2023 को उनका फोन तहसील परिसर के निकट गिर गया। उन्होंने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई। एक साल बाद फोन मिलने के बाद उन्होंने पुलिस प्रशासन का आभार जताया।

### गुम होने के आठ महीने बाद मिला मोबाइल



विपिन हलवाई का काम करते हैं। नवंबर 2023 को वह ऑटो से काम पर जा रहे थे। इसी बीच उनका मोबाइल गुम हो गया। उन्होंने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में की थी। पुलिस ने आठ माह बाद गुम फोन खोजकर उन्हें सौंप दिया। उन्होंने कहा, मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी।

- जुलाई 2023 से दिसंबर तक गुम हुए मोबाइलों को किया गया बरामद

### भीड़भाड़ वाले स्थान पर बरतें सावधानी

एसएसपी ने बताया कि आज के समय में मोबाइल फोन बहुत महंगे आते हैं। मोबाइल ही सब कुछ है। इसकी सुरक्षा को लेकर हमेशा सतर्क रहना चाहिए। फोन को भीड़ वाली जगह पर कभी भी ऊपर की जेब में और पैंट के पीछे की जेब में रखने से बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा घटनाएं दोनों कारणों से ही होती हैं। उन्होंने कहा कि गुम हुए मोबाइल को ढूंढने में समय लगता है और खर्च भी ज्यादा होता है। इसलिए हमेशा सुरक्षित जगह पर ही फोन को रखें।

> एसओजी और सर्विलांस टीम की मदद से गुम या चोरी हुए मोबाइलों की बरामदगी की है। पुलिस टीम की यह बड़ी सफलता है। जिनमें अलग-अलग कंपनियों के 201 फोन हैं, जिनकी कीमत करीब 40 लाख रुपये हैं। बरामद मोबाइल फोन को उनके मालिकों को सौंप दिया गया है।
>
> -हेमराज मीना, एसएसपी

## योग जीवन जीने का सबसे बेहतर तरीका

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** टीएमयू के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इंडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम में योग और आसन कराए गए।

मुख्य अतिथि डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर एवं चीफ प्रॉक्टर प्रो. एमपी सिंह ने कहा कि योग जीवन जीने का एक तरीका है। यह हमें अपने व्यस्त जीवन में संतुलन पाने और अपने भीतर से जुड़ने में मदद करता है। हमें योग अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लेना चाहिए ताकि एक स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकें। इस मौके पर कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन के प्रिंसिपल प्रो. मनु मिश्रा के संग-संग गुरमीत कौर भी मौजूद रहीं।

फैसिलिटेटर अमित शर्मा के नेतृत्व में योग सत्र हुआ। योग सत्र में विभिन्न योग आसनों सूर्य नमस्कार, त्रिकोण आसन, हलासन, शीतली प्राणायाम, शीतकारी प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम के बारे में समझाया। योग कार्यक्रम में डॉ. मधुसूदन चक्रवर्ती, तौहिद अख्तर, उन्मेश उथासैनी, मुकेश कुमार, शेखर राघव आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### तमंचा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में पुलिस ने तमंचा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से कारतूस व मादक पदार्थ भी बरामद हुआ है। थाना प्रभारी संजय कुमार के मुताबिक, शुक्रवार देर रात कर्बला में एक आरोपी के छिपे होने की सूचना मिली थी। छापेमारी के दौरान साबिर उर्फ कालिया पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेरकर उसे पकड़ लिया। जिसके पास से तमंचा और कारतूस समेत मादक पदार्थ बरामद किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। कालिया को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

### शर्बत वितरित कर कमाया धर्मलाभ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सवेरा फाउंडेशन की ओर से शर्बत वितरण का कार्यक्रम किया गया। फाउंडेशन के सदस्यों ने सिविल लाइंस के पुलिस लाइंस मंदिर के पास शिविर लगाया। इसमें दीपक वर्मा, आदित्य दुबे, इमरान खान, पीके पूर्वी, पुनीत पुर्वी, सुशील अग्रवाल, अर्जुन प्रजापति, विनय कुमरा का विशेष सहयोग रहा। विकास शर्मा ने सभी का आभार जताया।

### बॉक्सिंग में खिलाड़ियों ने लगाए पंच

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला कृषि, विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी, मुरादाबाद व क्षेत्रीय खेल कार्यालय द्वारा सोनकपुर स्टेडियम में जिला स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान बालिका वर्ग में आराध्या सक्सेना व यूविका ने स्वर्ण पदक हासिल किया। जबकि बालक वर्ग में दित्य राज, तरूण कुमार, राज शेखर, सरित, मनदीप सिंह, आदित्य, बासु व रितिक ने स्वर्ण पदक जीता। इस अवसर पर योगेंद्र कुमार, उदय प्रताप, रवि कुमार, प्रदीप कुमार शाहबाज मलिक, कविता गौड़ मौजूद रहीं।

# सेना में भर्ती के नाम पर 14 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सेना में भर्ती कराने के नाम दो लोगों से ठगी हो गई। आरोपियों ने आठ साल में 14 लाख से अधिक रुपये ठग लिए। पीड़ितों ने रुपये वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करने लगे और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। डीआईजी के आदेश पर सिविल लाइंस पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कांठ के गांव सिरसा निवासी करन सिंह ने तहरीर में बताया है कि उनके बेटे राहुल कुमार, रोहित कुमार और उनके साले का बेटा डिलारी थाना क्षेत्र के गांव ईकयाम निवासी अंकुल कुमार सेना में भर्ती की तैयारी करने के लिए हर रोज सोनकपुर स्टेडियम आते थे। जहां पर तीनों की मुलाकात विक्रान्त, प्रणदीप कुमार गिल और अमित उर्फ पिक्की से हुई। तीनों आरोपी थाना क्षेत्र के नवीन नगर कॉलोनी के मानसरोवर स्कूल के निवासी हैं। जो कि स्टेडियम में सेना में भर्ती की तैयारी कराते थे। आरोप है कि सेना में भर्ती कराने के नाम पर तीनों ने लालच दिया। जिसमें तीन-तीन लाख रुपये एडवांस और शेष भर्ती होने के बाद देने की बात कही। आरोपियों ने प्रलोभन देकर पीड़ित से दो साल में कई बार में 8 लाख 50 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद तीनों आरोपी उनके बेटों को ज्वाइन कराने के लिए लखनऊ लेकर गए। जहां पर 15 दिन तक उन्हें होटल में रखा। इसके बाद तीनों लौट आए। पीड़ित करन सिंह का आरोप है कि एक साल पहले पैसे वापस मांगे तो तीनों आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि तीनों आरोपी आए दिन तक पैसे वापसी को लेकर टालमटोल कर रहे हैं। शुक्रवार को पीड़ित ने इसकी शिकायत डीआईजी से की। उनके आदेश पर सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी संजय मिश्रा ने बताया कि आठ साल पुराना मामला है। जिसकी जांच की जा रही है।

### अन्य पीड़ित ने भी दर्ज कराई रिपोर्ट

अमरोहा के रजबपुर थाना क्षेत्र के अतरासी की मडैया निवासी महाराज सिंह ने तहरीर में बताया है कि, उनके बेटा मोनू रुहल सेना भर्ती की तैयारी कर रहा है। आरोप है कि, प्रणदीप कुमार गिल और अमित कुमार उर्फ पिक्की ने उनके बेटे की आर्मी में भर्ती कराने के नाम पर छह लाख रुपये ठग लिए हैं। जिसमें तीन लाख रुपये शुरूआत में दिए। आरोपियों ने तीन लाख रुपये बाद में ले लिए। आरोप है कि, पैसे वापस मांगने पर दोनों आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की है। पुलिस से शिकायत करने पर दोनों आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चाकू के दम पर महिला से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में महिला से शोहदे ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर दुकान में घुसकर सामान इधर-उधर फेंक दिया और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। शनिवार को महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कटघर थाना क्षेत्र निवासी महिला की परचून की दुकान है। जिसपर उसके पति बैठते हैं। बताया कि पति की तबीयत खराब होने के कारण वह 17 जून को दुकान पर बैठी थी। इसी दौरान पड़ोसी इमरान दुकान पर आया और छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने विरोध किया तो आरोपी दुकान में घुस गया और सामान इधर-उधर फेंककर चाकू से डराकर अश्लील हरकत करने लगा। महिला के चिल्लाने पर इमरान जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। शनिवार को पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच चल रही है।

# बैट्री स्क्रैप व्यापारी से वसूले छह लाख

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** राज्य कर विभाग की टीम ने सूचना पर सचल दल इकाई ने चेकिंग के दौरान बिना दस्तावेजों के बैट्री स्क्रैप ले जा रहे वाहन को पकड़ लिया। टीम ने संबंधित व्यापारी से छह लाख रुपये का जुर्माना वसूला।

शनिवार को संभल-जोया मार्ग पर विशेष अनुसंधान शाखा की टीम चेकिंग कर रही थी। इस दौरान गुजरात से उत्तराखंड जा रहे एक ट्रक को टीम ने रोका। जांच के दौरान पाया गया कि वाहन में गुजरात से वाहन में भरकर ला रहे प्लास्टिक दाना तो दस्तावेजों के मुताबिक है। लेकिन, संभल के ट्रांसपोर्टर की सांठ-गांठ से नियम विरुद्ध वाहन में ओवर लोड बैट्री स्क्रैप ले जाया जा रहा था। संयोग से उसी दिन अमरोहा-गजरौला में 50 अधिकारियों की टीम दो फैक्ट्रियों में जांच कर रही थी। इसकी जानकारी संभल के व्यापारी को थी। इसलिए उसने अधिकारियों की व्यस्तता का फायदा उठाकर माल पार करना चाहा। लेकिन, अधिकारियों की सजगता व सूचना पर संयुक्त आयुक्त मोहित गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने चेकिंग के दौरान माल लदे ट्रक को पकड़ लिया। जांच के दौरान दस्तावेजों में बैट्री स्क्रैप का उल्लेख न मिलने पर संबंधित व्यापारी पर छह लाख का जुर्माना वसूला। कार्रवाई के दौरान सचल दल के टीम प्रभारी सहायक आयुक्त दमयंती गंगवार के साथ मौ. जिशान और भानु प्रताप सिंह भी शामिल रहे। गौरतलब है कि सचल अधिकारियों द्वारा अभी तक जांच के दौरान लगभग 30 लाख रुपये का जुर्माना वसूला जा चुका है।



संभल-जोया मार्ग पर बैट्री स्क्रैप से भरा वाहन। ● अमृत विचार

- बिना दस्तावेज गुजरात से उत्तराखंड ले जाया जा रहा था बैट्री के स्क्रैप से भरा वाहन

# 49,332 बेरोजगारों ने कराया पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सेवायोजन विभाग के माध्यम से संगम पोर्टल पर बेरोजगारों का पंजीकरण कराकर उनको नौकरी दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। मंडल में 49,332 युवाओं ने रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। जिसमें से 7149 अभ्यार्थी स्नातक और 2449 परास्नातक उत्तीर्ण हैं।

मंडल के सेवायोजन कार्यालय में पिछले साल 15 रोजगार मेले लगाने का लक्ष्य रखा था। जिसमें से अब तक 32 रोजगार मेले आयोजित कराए जा चुके हैं। इन रोजगार मेलों में डिक्सन, डिजाइनको, सिद्ध हॉस्पिटल, सागर सिक्योरिटी, भारतीय जीवन बीमा निगम जैसी बड़ी कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार लिया। जिसमें 2550 पंजीकृत अभ्यर्थियों का चयन हुआ। यह पोर्टल बेरोजगारों के लिए नौकरी का बेहतर अवसर उपलब्ध करा रहा है। इस पोर्टल पर कैम्पस प्लेसमेंट, डायरेक्ट हायरिंग, विदेश में रोजगार, ऑनलाइन काउंसलिंग की व्यवस्था है। वर्तमान में मंडल में सेवायोजन कार्यालय पर रोजगार पाने के लिए 20301 अभ्यर्थी सक्रिय हैं। क्षेत्रीय सहायक निदेशक सेवायोजन डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि सभी इच्छुक अभ्यर्थी इस पोर्टल पर अपना पंजीकरण अवश्य कराएं। ऐसे अभ्यर्थी जो अभी अंतिम वर्ष या अंतिम सेमेसटर में अध्ययनरत हैं। वह अपना पंजीयन कैम्पस अभ्यर्थी के रूप में और जो अभ्यर्थी कोर्स पूर्ण कर चुके हैं, वह अपना पंजीयन जनरल जॉब सीकर के रूप में करा सकते हैं।



कांठ रोड स्थित सेवायोजन कार्यालय। ● अमृत विचार

### पंजीकरण कर बेरोजगार अभ्यर्थी पा सकते हैं नौकरी

बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने rojgarsangam.up.gov.in नाम की बेवसाइट संचालित की है। इस बेवसाइट पर पंजीकरण कर अभ्यर्थी सरकारी या निजी संस्थानों में आउट सोर्सिंग के माध्यम से रोजगार पा सकते हैं।

## दहेज उत्पीड़न को लेकर महिला से मारपीट, पांच पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दहेज उत्पीड़न को लेकर पति ने महिला से मारपीट की और घर से निकाल दिया। महिला के विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कटघर थाना क्षेत्र के पीतलनगरी निवासी शोभा की शादी एक साल पहले मोहित से हुई थी। विवाह के कुछ दिन बाद ससुराल वाले शोभा को दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। गुरुवार को पति मोहित दहेज की मांग को लेकर गाली गलौज करने लगा और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर उसे घर से भगा दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

**आयोजन** | कल से ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में आयोजित होगा फैशन ज्वेलरी व एसेसरीज शो

# एक्सपो मार्ट में दिखेगा फैशन ज्वेलरी का आकर्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद की ओर से 18वां फैशन ज्वेलरी एवं एसेसरीज शो का आयोजन सोमवार(24 जून) से ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में होने जा रहा है। इसमें डिजाइनर व फैशन ज्वेलरी का रंग दिखेगा। साथ ही इसमें पर्यावरण के अनुकूल वस्तुओं का बाजार भी सजेगा।

एक्सपो मार्ट में मुरादाबाद, दिल्ली, मुंबई, मेरठ, फरीदाबाद, कोलकाता, श्रीनगर, भदोही, गुड़गांव, वाराणसी, असम, केरल, मणिपुर समेत सभी प्रमुख शहरों व मेन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर के लगभग 200 उत्पादक एवं कारीगर हिस्सा लेंगे।

ईपीसीएच के अध्यक्ष दिलीप वैद ने बताया कि इस बार फैशन ज्वेलरी एवं एक्सेसरीज शो का सोशल मीडिया के माध्यम से भी व्यापक प्रचार प्रसार करने पर फोकस किया गया है। पर्यावरण के अनुकूल पहनने योग्य वस्तुएं जैसे जूट, जलकुंभी, बेंत, बांस, स्टोन, सीप और रिसाइकिल की जा सकने वाली चीजों से तैयार उत्पाद इस शो में विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। वहीं ईपीसीएच के चीफ मेंटर डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि समूचे भारतीय कारीगरों के शिल्प को दर्शाने वाले क्षेत्रीय थीम एरिया भी मेले में विभिन्न देशों से पहुंचने वाले आगंतुकों के लिए आकर्षण रहेंगे।




- रिसाइकिल की जा सकने वाली चीजों से तैयार उत्पाद होंगे विशेष आकर्षण

### 29 जून तक ऑटम फेयर के लिए बुक कराएं स्टॉल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आगामी अक्टूबर में ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में आयोजित होने जा रहे ऑटम फेयर में भाग लेने के इच्छुक सभी निर्यातकों को अपना स्टॉल 29 जून तक बुक कराना होगा। मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नवेदउर्रहमान ने बताया कि स्टॉल बुक कराने की अंतिम तारीख 29 जून तय की गई है। उन्होंने बताया कि जो निर्यातक अपना स्टाल बुक करा ले। इसके अलावा अंतिम तारीख तक अग्रिम भुगतान भी जमा कराना होगा।

एक नजर

## बिजली ट्रिपिंग व कटौती ने बढ़ाई समस्या

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शनिवार को दिन में बुद्धि विहार में लगे बिजली के कई पोल हीट हो गए। जिसके बाद तारों के जाल में आग लग गई। जिससे घंटों बिजली गुल हो गई। वहीं शुक्रवार की रात को पीतल नगरी बलदेव पुरी, कटघर पचपेड़ा मोहल्ले में 12 बजे के बाद ट्रांसफार्मर में आग लगी। जिससे वहां रहने वाले ढाई हजार उपभोक्ताओं को सुबह आठ बजे तक बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ी। बुद्धि विहार, आवास विकास, कांशीराम योजना की आवासीय कालोनी में रहने 4 हजार उपभोक्ताओं को रातभर बिजली ट्रिपिंग की समस्या का सामना करना पड़ा। अधीक्षण अभियंता (नगरीय) मनीष चोपड़ा ने बताया कि ओवर लोडिंग से महानगर में फाल्ट होने की स्थिति नहीं हुई है। क्षमता से अधिक खपत और बिजली चोरी होना फाल्ट का अहम कारण है। विभाग की ओर से बिजली चोरी रोकने के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इससे कुछ मोहल्लों में फाल्ट होने कम हो गए हैं।



शिकायत केंद्र की तोड़ी गई दीवार दिखाता बिजली कर्मी। ● अमृत विचार

# निगम ने बिजली विभाग के शिकायत केंद्र की तोड़ी दीवार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी के चौड़ीकरण को लेकर नगर निगम की टीम ने पीलीकोठी चौराहे पर बने 50 साल पुराने बिजली विभाग के शिकायत केंद्र की दीवार ध्वस्त कर दी। जिस पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने आपत्ति जताई।

निगम की टीम में मौजूद अधिकारियों ने निर्माण को अवैध बताते हुए बिजली विभाग शिकायती केंद्र को तोड़ने की बात कही है। हालांकि बिजली विभाग के पीलीकोठी एसडीओ राणा प्रताप सिंह ने बताया कि शिकायत केंद्र 2020 से पहले बिजली विभाग के उपकेंद्र के रूप में स्थापित था। उनके अनुसार निगम के पास शिकायत केंद्र अवैध होने का कोई प्रमाण नहीं है। मुख्य अभियंता ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। रविवार को मामले में निर्णय लिया जाएगा।

## जिगर मंच पर सारेगामापा से मशहूर हुई गायिका ने गानों से बांधा समां

# लैला मैं लैला... गाने से निष्ठा शर्मा ने मचाया धमाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला कृषि विकास, औद्योगिक व सांस्कृतिक प्रदर्शनी अनुगूंज के मंच पर सारेगामापा से बुलंदी को छूने वाली मशहूर गायिका निष्ठा शर्मा ने अपने गानों से महानगर के दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनकी जादू भरी आवाज ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संयुक्त निदेशक कृषि प्रशांत कुमार, कृषि सचिव व जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम जलाकर कार्यक्रम का आरंभ किया।

शनिवार को जिगर मंच पर सारेगामापा से मशहूर हुई गायिका निष्ठा शर्मा ने मोरे परदेसिया मेरे ढोलना गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद आ लग जा गले, फिर ऐसी रात हो न हो सुनाया। जिस पर वहां मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर उनका हौसला बढ़ाया। इसके बाद बाहों में चले आओ गाने से लोगों को रोमांचित कर दिया। कजरा मोहब्बत वाला गाने पर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद तो झुमका गिरा रे बरेली के बाजार में व मेरे ढोलना गाने पर महिला दर्शक भी झूमने लगीं। इसके बाद तो लोगों की मांग पर पान खाए सइंया हमार के बाद सात समंदर पार में तेरे पीछे पीछे आ गई, फिर लैला मैं लैला सुनाया जिस पर देर तक झूमते रहे। कार्यक्रम के अंत मे निष्ठा शर्मा के साथ आए हर्षित ने लोगों को पंजाबी गाने पर जमकर नचाया। जिला कृषि प्रदर्शनी समिति ने निष्ठा शर्मा के ग्रुप को पटका पहनकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संजीव आकांशी ने किया।



जिगर मंच पर गीत प्रस्तुत करतीं निष्ठा शर्मा। ● अमृत विचार



निष्ठा शर्मा के गानों का आनंद लेते लोग। ● अमृत विचार

● कार्यक्रम का संयुक्त कृषि निदेशक ने किया आरंभ

# जिले के 12 विद्यालयों में बनेगा रसोई घर जिला खनन अधिकारी करें समन्वय

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला शिक्षा व अनुश्रवण समिति योजना की बैठक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति व मध्याह्न भोजन योजना की टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिलाधिकारी को बताया गया कि 12 विद्यालयों में रसोईघर नहीं है। इस पर उन्होंने जिला खनन अधिकारी से समन्वय कर धनराशि जारी कराने का निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया।

जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत जो विद्यालय 19 पैरामीटर पर पूर्ण नहीं हुए हैं उनका काम जल्द पूरा कराने के लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों व खंड विकास अधिकारियों को समन्वय से काम करने के लिए निर्देश दिया। कहा कि जो भी नवीन निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं उनका निर्माण गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र पूरा कराएं। जर्जर भवनों की नीलामी से मिली धनराशि को उसी विद्यालय में आवश्यकता के अनुसार व्यय करने के लिए प्रस्ताव बनाने के लिए कहा। चिह्नित 12 विद्यालयों में जहां रसोई घर नहीं बना है वहां रसोई घर बनवाने के लिए जिला खनन अधिकारी से प्राथमिकता के आधार पर धनराशि अवमुक्त करने के लिए समन्वय करने का निर्देश बीएसए को दिया। कहा कि ऐसे विद्यालय जहां किचन गार्डन विकसित करने के लिए धनराशि मिल गई है वहां पर सहजन के पौधे के साथ-साथ हरी सब्जियां उगाई जाएं और उनका प्रयोग मध्याह्न भोजन बनाने में किया जाए। ऐसे छात्र-छात्राएं जिनका नामांकन हो चुका है और डीबीटी का लाभ दिलाने के लिए प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है वहां तत्काल अध्यापकों के माध्यम से कराने, खंड शिक्षाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि कोई भी अर्ह बच्चा नामांकन से वंचित न रह जाए। उन्होंने समर्थ एप के माध्यम से दिव्यांग बच्चों का शत प्रतिशत चिह्नांकन कर समीप के विद्यालय में प्रवेश कराने के लिए निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, जिला विकास अधिकारी जीबी पाठक, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अजीत कुमार के अलावा सभी खंड शिक्षाधिकारी आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, साथ में सीडीओ व अन्य।

## सब्जीपुर में जांच करने पहुंचे अधिकारी

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** सब्जीपुर गांव के प्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की शिकायत पर जांच करने के लिए गांव में अधिकारी पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को बुलाकर उनकी शिकायतों को सुना। इस दौरान गांव में भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

थाना क्षेत्र के गांव सब्जीपुर में अनीशा बेगम प्रधान हैं। कुछ दिन पहले ग्रामीणों ने डीपीआरओ से प्रधान की शिकायत की थी। साथ ही ग्राम प्रधान को हटाने की मांग की थी। इसी के चलते शनिवार को गांव में जांच करने के लिए एडीओ पंचायत भगतपुर एवं एडीओ पंचायत डिलारी ग्राम पंचायत सचिव मौजूद रहे। साथ ही कानून व्यवस्था के मद्देनजर एएसपी अमरिंदर सिंह, थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह एवं पीएसी बल के साथ भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही। गांव में जिन लोगों ने डीपीआरओ कार्यालय पहुंचकर शिकायत की थी उन सभी को बुलाया गया। सभी के आधार कार्ड एवं अंगूठा चेक किए गए। वहीं ग्राम प्रधान अनीशा बेगम के पति ने बताया कि हमारे पक्ष के लोगों को रास्ते में ही रोक दिया गया।

# सिविल सर्विसेज, नीट व जेईई की तैयारी को 254 ने दी प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में अनुसूचित जाति के छात्रों को सिविल सर्विसेज, नीट, जेईई की परीक्षा की तैयारी करने के लिए पहल की है। जिसके लिए जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा कराई गई। परीक्षा दो पालियों में कड़ी निगरानी में संपन्न हुई। परीक्षा में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को विद्यालय में ही तैयारी कराई जाएगी। तीनों परीक्षा के लिए 299 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था।

शनिवार को जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में पहली पाली में सिविल सर्विसेज की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक चली। जिसमें 146 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 127 ने ही परीक्षा दी। 19 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली दोपहर एक बजे से तीन बजे तक चली। जिसमें नीट व जेईई की परीक्षा कराई गई। नीट के लिए पंजीकरण कराने वाले 130 परीक्षार्थियों में 108 ने परीक्षा दी। 22 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। जेईई के कोर्स की तैयारी के लिए 23 ने पंजीकरण कराया था लेकिन मात्र 19 ने परीक्षा दी। चार अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम की अध्यक्षता में कराई गई। उन्होंने बताया कि परीक्षा पारदर्शिता व कड़ी निगरानी में संपन्न हुई है। परीक्षा की निगरानी में परीक्षा प्रभारी मनोज कुमार, कोर्स कोऑर्डिनेटर मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना नूर आलम, जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार रहे। तीनों परीक्षा में 45 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा पास करने वाले सभी परीक्षार्थियों को विद्यालय की ओर से तीनों सर्विसेज की तैयारी कराई जाएगी। इसका सारा खर्च सरकार की ओर से वहन किया जाएगा।



परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम व अन्य।

● मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत सर्वोदय विद्यालय में हुई प्रवेश परीक्षा



राजकीय पॉलिटेक्निक से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

# शांतिपूर्ण रही डीफार्मा की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राजकीय पॉलीटेक्निक में शनिवार को डीफार्मा की परीक्षा शुरू हुई। पहले दिन दोनों पॉलियों की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के लिए 1500 विद्यार्थियों का पंजीकरण है। पहली पाली में फार्मास्यूटिक्स की परीक्षा हुई। जबकि दूसरी पाली में फार्माकोलॉजी विषय की परीक्षा हुई।

पहली पाली में फार्मास्यूटिक्स की परीक्षा 9 बजे से 11.30 बजे तक चली। परीक्षा प्रभारी चंद्रशेखर ने बताया राजकीय पॉलीटेक्निक में 11 निजी फार्मेसी कॉलेज का सेंटर रहा। इसमें पहली पाली में 547 विद्यार्थियों का पंजीकरण रहा। जबकि दूसरी पाली में 581 विद्यार्थियों का पंजीकरण रहा। वहीं राजकीय महिला पॉलीटेक्निक में 9 निजी फार्मेसी कॉलेज के विद्यार्थी परीक्षा देंगे। इसमें प्रति पाली 466 का पंजीकरण रहा। परीक्षा के बाद विद्यार्थियों की प्रतिक्रिया मिलीजुली रही। किसी को पेपर आसान लगा,तो किसी को कठिनाई हुई। परीक्षा के बाद सभी विद्यार्थी परीक्षा को लेकर चर्चा करते नजर आए।

## 23 से होगी एमबीबीएस चिकित्सकों की भर्ती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले के सरकारी अस्पतालों में एमबीबीएस डिग्रीधारक चिकित्सकों की भर्ती की कार्रवाई शुरू होगी। चुनाव आचार संहिता खत्म होते ही चिकित्सकों की भर्ती का रास्ता साफ हो गया था, लेकिन मेडिकल में पीजी की पढ़ाई के लिए प्रवेश परीक्षा के मद्देनजर इसकी प्रक्रिया शुरू नहीं की गई थी।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि बड़ी संख्या में एमबीबीएस डिग्रीधारक अभ्यर्थियों के इस परीक्षा की तैयारी में जुटे होने के मद्देनजर चिकित्सकों की भर्ती के लिए वाक इन इंटरव्यू 23 जून के बाद ही शुरू किए जाने का फैसला लिया गया। अर्बन हेल्थ कोआर्डिनेटर प्रमोद कुमार ने बताया कि मुरादाबाद स्थित कई अर्बन हेल्थ वेलनेस सेंटरों पर एमबीबीएस डिग्रीधारकों की नियुक्ति की जानी है। अभ्यर्थियों के वाक इन इंटरव्यू से जुड़ी कार्रवाई अब शुरू की जा रही है।

# नेत्र शिविर में 120 ने कराई जांच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस मुरादाबाद चैप्टर की ओर से निशुल्क नेत्र जांच शिविर सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान की प्रशिक्षित ऑप्टोमेट्रिस्ट व टीम के सदस्यों के सहयोग से लगाया गया। जिसमें 120 लोगों की आंखों की जांच की गई। गरीब और असहाय लोगों को निशुल्क एवं कम दरों पर चश्मे दिए गए। मोतियाबिंद व आंखों की अन्य बीमारियों के लिए रामगंगा विहार स्थित अस्पताल में जाने के लिए रेफर कार्ड दिए गए।

संस्थापिका रीता सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा गरीब बच्चों, असहाय महिलाओं व वृद्धजनों के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनमें स्वास्थ्य प्रशिक्षण भी एक मुख्य प्रोजेक्ट है। कार्यक्रम की संयोजिका गरिमा सिंह ने कहा कि लाइनपार में स्थित बैंक्वेट हाल में शिविर लगाकर मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों तक नेत्र चिकित्सा को पहुंचना ही हमारा उद्देश्य था। सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान ने अपनी विशेष उपकरणों से सुसज्जित विजन वैन में लाभार्थियों की जांच की। इस दौरान रंजन मेहरोत्रा, कमला शर्मा, एकता जैन, सुधा त्रिपाठी, महिमा मिश्रा, सरिता अग्रवाल, प्रेमलता सक्सेना, कुसुम खन्ना, जयश्री खन्ना, दिनेश सिसोदिया, सत्य प्रकाश शर्मा, कोऑर्डिनेटर शान ए आलम आदि ने सहयोग किया।



शिविर में नेत्र जांच करती टीम की सदस्य। ● अमृत विचार

● जरूरतमंदों को निशुल्क दिए गए चश्मे और रेफर कार्ड

# 20 हजार से ज्यादा मरीजों को मिली काले पीलिया से मुक्ति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● जिला अस्पताल में मुफ्त दी जा रही काले पीलिया की दवा
● एक हजार मरीजों का अभी भी चल रहा इलाज

**अमृत विचार :** जनपद में काले पीलिया की बीमारी से पीड़ित 20 हजार से ज्यादा मरीजों को मुक्ति मिल गई है। जिला अस्पताल में यह दवा मरीजों को निशुल्क दी जा रही है। इस दवा से हेपेटाइटिस यानि काले पीलिया का निशुल्क इलाज हजारों मरीजों पर कामयाब हुआ है। अस्पताल में अभी भी एक हजार मरीजों का इलाज चल रहा है।

काले पीलिया के मरीजों की संख्या ज्यादा होने के कारण हेपेटाइटिस का हब माने जाने वाले जिला अस्पताल में इस बीमारी से पीड़ित 25 हजार मरीजों ने पंजीकरण कराया था। जिसके बाद जिला अस्पताल में सभी का निशुल्क इलाज किया गया। जिसके तहत काले पीलिया पीड़ित 24 हजार मरीज ठीक हो गए। मौजूदा समय में उन सभी की दवा भी बंद हो गई है। जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक के परामर्शदाता अशोक कुमार ने बताया कि काला पीलिया के 24 हजार मरीजों के ठीक हो जाने से अब केवल एक हजार मरीजों की दवा उनके ठीक होने तक जारी रहेगी। मंडल के अन्य सभी जिलों में स्थित जिला अस्पताल से हेपेटाइटिस के मरीजों को निशुल्क दवा का वितरण शुरू कर दिया है। जिला अस्पताल में चार वर्ष पहले हेपेटाइटिस निदान केंद्र शुरू किया गया था। उस समय मंडल के अन्य जिलों में हेपेटाइटिस की दवा उपलब्ध नहीं होने के चलते यहां से मंडल भर के मरीजों का इलाज शुरू किया जा रहा था। अब मंडल के सभी जिलों में स्थित जिला अस्पताल में हेपेटाइटिस के मरीजों की दवा उपलब्ध हो गई है। संभल जिले में काले पीलिया से पीड़ित 22 हजार मरीजों को पंजीकृत करके उनका इलाज शुरू किया गया है। हेपेटाइटिस निदान केंद्र पर कार्यरत चीफ फार्मासिस्ट हेमंत चौधरी ने बताया कि लखनऊ स्थित कॉरपोरेशन से काफी संख्या में दवाएं उपलब्ध होने के चलते काले पीलिया से पीड़ित मरीजों को दवा मिलने में अब कोई परेशानी नहीं होगी। फिलहाल मौजूदा समय में जिला अस्पताल में एक हजार मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

आयोजन

फुटबॉल बालक वर्ग, बैडमिंटन, बॉक्सिंग ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन, मुख्य अतिथि ने विजेताओं को किया सम्मानित

# ताइक्वांडो में निलय और बालिका वर्ग में दिव्यांशी ने बाजी मारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला कृषि, विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी और क्षेत्रीय खेल कार्यालय की ओर से सोनकपुर स्टेडियम में चल रही क्रीड़ा प्रतियोगिता में फुटबाल बालक वर्ग बैडमिंटन, बॉक्सिंग ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान ताइक्वांडो में निलय चौधरी और बालिका वर्ग में दिव्यांशी ने पहला स्थान हासिल किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक व जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया।

ताइक्वांडो बालक और बालिका प्रतियोगिता का आयोजन आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी में किया गया। इसमें बालक वर्ग अंडर 25 किलो में निलय चौधरी ने पहला, शाहरून इकबाल ने दूसरा और शिवा राना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 29 किलो में अनमोल मसी ने पहला, मयंक दिवाकर ने दूसरा और लक्ष्य सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर 35 किलो में आशीष सिंह प्रथम, अर्जुन दिवाकर द्वितीय और कुशाग्र तृतीय स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में अंडर 24 किलो वर्ग में दिव्यांशी ने पहला, उन्नति कश्यप ने दूसरा और गुंजन सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर 32 किलो वर्ग में रिश्ता सैनी प्रथम, ऊषा थापा द्वितीय, अलीना नाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 38 किलो वर्ग में प्रेरणा ने पहला, सिमरन ने दूसरा और नित्या त्यागी ने तीसरा स्थान हासिल किया। निर्णायक मंडल में शाहबेज अली, अर्जुन थापा, काम्या सैनी, रोहित कुमार, शिवा त्यागी, रोहित आदित्य रहें।




ताइक्वांडो के विजेताओं के साथ उप्र ओलम्पिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक।

### बैडमिंटन में श्रेया रहीं अव्वल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बैडमिंटन अंडर 15 बालिका वर्ग सिंगल में श्रेया सिंह ने पहला, निम्रित गुप्ता ने दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर 15 बालिका डबल्स में श्रेया सिंह–गीत चौधरी प्रथम और अदिति सिंह–भूमि यादव द्वितीय स्थान पर रहीं। अंडर 19 बालिका सिंगल में भव्या बब्बर ने पहला और माही कौशल ने दूसरा स्थान हासिल किया। डबल्स में प्रथम निकिता पाण्डेय– माही कौशल और द्वितीय अनाया गुप्ता–अक्षिता गुप्ता ने हासिल किया। बालक वर्ग में अंडर 15 सिंगल में अश्मित कुमार ने पहला और विशिष्ट चतुर्वेदी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। डबल्स बालक में प्रथम विशिष्ट चतुर्वेदी–प्रांजल और द्वितीय चैतन्य पाल देवांग अग्रवाल रहें। अंडर 19 सिंगल्स में स्वयं शर्मा ने पहला और मयंक यादव ने दूसरा स्थान हासिल किया। डबल्स में प्रथम स्वयं शर्मा– मयंक यादव और द्वितीय शौर्य मिश्रा–यश चौहान रहें। निर्णायक मंडल में सिद्दीकी, कनिष्क, अभिषेक, गगन पासवान, प्रिंस मो. आसिफ रहें।

### फुटबॉल में गोल्डन गेट स्कूल जीता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** फुटबाल प्रतियोगिता का आरंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहला मैच गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल और ऑल स्टार क्लब के मध्य खेला। इसमें गोल्डन गेट की टीम ने 1–0 से विजय प्राप्त की। निर्णायक सचिन विश्नोई, रियाज, उदयवीर, रामसिंह, विपिन, नादिर रजा रहें। इस दौरान डॉ. प्रियंका गौतम मेडिकल टीम के साथ उपस्थित रहीं। एसके क्षेत्री, छोटेलाल, प्रदीप सक्सेना, अंकित अग्रवाल मौजूद रहे।

## एडीएम व एसपी देहात ने सुनीं समस्याएं

**भगतपुर, अमृत विचार :** थाना दिवस में एसपी देहात व एडीएम व सीओ ने फरियादियों की समस्याओं को सुन निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी देहात ने थाने के अभिलेखों का भी निरीक्षण किया।

शनिवार को थाने में एसपी देहात संदीप मीणा व अपर जिलाधिकारी गुलाब चन्द व सीओ पहुंचे और समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस के दौरान सात शिकायतें दर्ज की गईं, जिनके निस्तारण के लिए टीमों का गठन किया व उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी देहात ने थाने के अभिलेख, भोजनालय, माल कक्ष, आवास आदि का निरीक्षण कर निर्देश दिए। इस दौरान थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, सीओ ठाकुरद्वारा आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### खाईबाड़ी करते एक आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शनिवार को उपनिरीक्षक नितिन कुमार, कांस्टेबल निशांत कुमार गश्त कर रहे थे। तभी मोहल्ला मुण्डो वाली कालोनी में सट्टे की खाईबाड़ी की सूचना कोतवाली पुलिस को मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से सट्टे की पर्ची 510 रुपये और पेन बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने नाम मोहम्मद नबी उर्फ बाबा पुत्र अली हुसैन निवासी मोहल्ला नई बस्ती वार्ड 16 बताया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर होंगे कार्यक्रम

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर में रविवार को भाजपा द्वारा सभी बूथों पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी होगी। रविवार सुबह 11 बजे से विचार गोष्ठी के माध्यम से श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। गोष्ठी में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला जाएगा। यह जानकारी नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के धर्मेंद्र गांधी ने दी। बताया कि कार्यक्रम के संयोजक मनोज ठाकुर रहेंगे।

### महिलाओं को सशक्तिकरण के प्रति किया जागरूक

**छजलैट, अमृत विचार :** किसान चौक पर महिला उपनिरीक्षक ने सशक्तिकरण के तहत महिलाओं को जागरूक करते हुए उनके अधिकारों की जानकारी दी। उपनिरीक्षक रेखा ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत किसान चौक पर महिलाओं के अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब किसी भी क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से कमजोर नहीं है। उन्होंने महिलाओं को वूमेन पावर 1990, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा के लिए 108 नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने के लिए वूमेन पावर लाइन पर शिकायत की जा सकती है। पुलिस उनकी सेवा में सदैव तत्पर है।

मुरादाबाद देहात की खबरें पेज 12 पर भी।

# पारदर्शिता से करें सभी शिकायतों का निस्तारण

## थाना छजलैट और कांठ में नौ समस्याओं का मौके पर निस्तारण, कहा- किसी के साथ नहीं होगा अन्याय

संवाददाता, छजलैट/कांठ


थाना छजलैट में लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार


ठाकुरद्वारा में लोगों की शिकायतें सुनते एसडीएम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस में अधिकारियों ने पीड़ितों द्वारा दिए प्रार्थना पत्र के आधार पर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को पारदर्शिता के साथ कार्य करने को कहा।

छजलैट में थाना दिवस में 11 फरियादी अपनी समस्या लेकर पहुंचे। जिसमें उप जिलाधिकारी विनय कुमार ने आठ समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही कर दिया। जबकि तीन प्रार्थना पत्र संबंधित विभाग के अधिकारियों को देकर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम फाइनेंस सत्यम मिश्रा, एसपी ट्रैफिक सुभाष गंगवार, थाना अध्यक्ष लखपत सिंह, कानून गो गजेंद्र सिंह चौहान व लेखपाल रहे।

कांठ में थाना दिवस में छह शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इसमें से एक का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष पांच शिकायतों के निस्तारण को निर्देश दिए। तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जो भी शिकायतें थाना समाधान दिवस में आती हैं, उनका पारदर्शिता के साथ निस्तारण किया जाए। किसी भी पीड़ित व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस विभाग के कर्मचारी नहीं आते हैं, उन्हें पत्र लिखकर अवगत कराया जाए कि ऐसे मौके पर अवश्य उपस्थित रहें। जिससे पीड़ित व्यक्ति की शिकायत का मौके पर ही निस्तारण हो सके। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह, अन्य विभाग, बिजली विभाग आदि के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### धोखाधड़ी का आरोप लगाया

**कांठ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला घोसीपुरा निवासी विनोद कुमार पुत्र छज्जू सिंह ने थाना दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया कि पट्टी मौढ़ा में गाटा संख्या 399 पर वह काबिज हैं। 11 मई को मोहल्ला पट्टी वाला निवासी मोहम्मद इरशाद पुत्र मोहम्मद इकबाल व चैदरी अकबरपुर निवासी मुराद अली पुत्र हाजी अख्तर से एक लाख रुपये लेकर रसीद लिख दी थी। 16 मई को रजिस्टर्ड इकरारनामा में उपरोक्त व्यक्तियों ने लिख दिया कि दो माह में उधार ली रकम वापस करनी होगी, जबकि पीड़ित ने यह कहा था कि रकम वापस कर इकरारनामे का खंडन कर दिया जाएगा। पीड़ित ने आरोपियों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए थाना दिवस में प्रार्थना पत्र दिया है।

### 25 शिकायतें दर्ज, दो का निस्तारण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शनिवार को कोतवाली में सम्पूर्ण थाना दिवस का आयोजन एसडीएम अजय कुमार मिश्रा की मौजूदगी में किया गया। इसमें 25 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं। थाना दिवस में मौजूद अधिकारियों ने दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। थाना समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी, इंस्पेक्टर नरेश कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारियों उपस्थित रहे। वहीं, कोतवाली में आयोजित संपूर्ण थाना दिवस का लेखपालों ने बहिष्कार किया। अधिवक्ताओं व लेखपालों के बीच चल रहे विवाद का हवाला देते हुए लेखपालों ने थाना दिवस का बहिष्कार किया।

## ईदगाह के रास्ते पर पेड़ लगाकर कब्जा करने के विरोध में प्रदर्शन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में अकबरपुर चैदरी के ग्रामीणों ने कुछ व्यक्तियों द्वारा कब्रिस्तान एवं ईदगाह के रास्ते पर पेड़ लगाकर कब्जा करने के मामले को लेकर थाने के बाहर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर और सार्वजनिक रास्ते से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की।

अकबरपुर चैदरी गांव में कब्रिस्तान और ईदगाह के रास्ते पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से वर्षों से कब्जा कर रखा है। शनिवार को पूर्व प्रधान हाजी कमरुल हसन, हाजी जहीर अहमद खान, इरशाद खान, हाजी नासिर, जिला पंचायत सदस्य रईसुद्दीन, नईम अहमद, सिराजुद्दीन, शरीफुल हसन, वहाजुद्दीन, जाकी खान, निसार अहमद, अयान मलिक, गुल शेर, अहमद साजिद खान, सलीम, साबिर अली, आदिल, जलील अहमद आदि ग्रामीण थाना कांठ पहुंचे। सभी ने थाने के बाहर प्रदर्शन किया और कब्रिस्तान व ईदगाह के रास्ते से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की। ग्रामीणों की भीड़ को देखकर तहसीलदार एवं थाना प्रभारी ने पांच लोगों को थाना समाधान दिवस में बुलाया और संबंधित लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को भेजकर मौके की जांच कराई और सार्वजनिक रास्ते की पैमाइश कराकर अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने कहा कि कब्रिस्तान एवं ईदगाह के रास्ते की पैमाइश कराकर अवैध कब्जा हटवाया जाएगा।

# श्रम मंत्री ने किया निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

संवाददाता, बिलारी


निरीक्षण करते श्रम मंत्री अनिल राजभर व साथ में एसडीएम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ब्लॉक के पीपली गांव में बन रहे अटल आवासीय विद्यालय का प्रदेश सरकार में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसील स्तरीय अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।

शनिवार को श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर अटल आवासीय विद्यालय पहुंचे और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। सबसे पहले उन्होंने स्कूल के नक्शे की स्थिति को देखा और अब तक कौन से कार्य पूरे किए जा चुके हैं और कौन सा कार्य अधूरा है, इसकी जानकारी ली। उन्होंने जल्द से जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय के प्रशासनिक कक्ष के अतिरिक्त गर्ल्स व बॉयज हॉस्टल की स्थिति को भी देखा। नक्शे के अनुरूप बनाए जा रहे भवन को लेकर निर्देश दिए। वहीं, प्रधानाचार्य से नए सत्र के बारे में पूछताछ भी की गई और अब तक की तैयारियों का जायजा लिया। लोनिवि के अधिकारियों से कहा कि जिस भवन का निर्माण अधूरा है। उसे एक माह में पूरा करें। इस मौके पर अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सहायक अभियंता के अलावा एसडीएम बिलारी व अधिकारी रहे।

## सार-संक्षेप


क्षेत्राधिकारी को पुष्प गुच्छ भेंट करते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### संगठन के कार्यकर्ताओं ने सीओ से की भेंट

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नोमान जमाल ने संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचे और उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया। नोमान जमाल ने बताया कि इस शिष्टाचार भेंट में नगर व क्षेत्र के कई अहम मसलों पर पुलिस क्षेत्राधिकारी से चर्चा हुई। उन्होंने हरसंभव सहायता का वादा किया। इस दौरान भेंट वार्ता में बब्लू मसूदी, प्रमोद कुमार, नईम अशरफी, सौरभ, हकीम नईमुद्दीन, शशि देवल, रिहान, नज़र हुसैन मौजूद रहे।


एसडीएम से शिकायत करते राजीव शर्मा। ● अमृत विचार

### खेल के मैदान पर कब्जे की प्रधानाचार्य ने की शिकायत

**बिलारी, अमृत विचार :** थाना दिवस पर आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्यौडारा के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। उन्होंने बताया कि इंटर कॉलेज के खेलकूद मैदान पर ग्रामीणों द्वारा कूड़ा डाला जाता है। जिसे हटवाया जाए, जिससे मैदान पर छात्र-छात्राओं के खेलने की व्यवस्था की जा सके। उप जिलाधिकारी मणि अरोड़ा ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही खेलकूद का मैदान से कब्जे हटवा दिया जाएगा। जिससे बच्चों में खेलकूद के प्रति रुचि बढ़ेगी।

### गन्ने में लगने वाली बीमारियों की दी जानकारी



ठाकुरद्वारा में कमलापुरी में किसानों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने क्षेत्र के गांव कमलापुरी में किसानों को गन्ने की फसल में लगने वाली बीमारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने किसानों को बीमारी रोकने का प्रशिक्षण भी दिया। शनिवार को कृषि वैज्ञानिक डॉ. दीपक कुमार ने गन्ने में दीमक एवं सफेद ग्रब व जैविक नियंत्रण के बारे में किसानों को जानकारी दी। इसके साथ किसानों की अन्य समस्याओं का भी समाधान किया गया। जैसे धान की नर्सरी का पीला पड़ना, नर्सरी में कीट एवं बीमारी से बचाव के बारे में भी किसानों को सलाह एवं सुझाव दिए गए। धान की रोपाई के समय क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिए, इसके विषय में भी किसानों को जानकारी दी गई। इस दौरान राकेश सिंह, प्रिंस सिंह, सत्य प्रकाश, नन्हे सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, मास्टर छुट्टन सिंह, मितलेश, चंद्रपाल, सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में कार सवार पांच युवक गंभीर घायल

संवाददाता, छजलैट


क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कंटेनर चालक ने कार को ओवरटेक करते हुए अचानक ब्रेक लगा दिए। ब्रेक लगने से कार कंटेनर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई तथा उसमें सवार चालक सहित पांच युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मुरादाबाद के मोहल्ला संभल गेट के सईद मार्केट निवासी सलमान सिद्दीकी अपने मित्र अरम, मनन्नान, रहमान व आमिर के साथ कार यूपी21डीए1575 द्वारा मसूरी से कांठ मुरादाबाद हाईवे से अपने घर लौट रहे थे। शनिवार शाम छह बजे जैसे ही उनकी कार ग्राम भीकनपुर के पास पहुंची तभी पीछे की ओर से आ रहे कंटेनर पीवी10डीएम 0361 के चालक ने कार को ओवरटेक करते हुए ब्रेक लगा दिए। इससे कार कंटेनर से टकरा गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार पांचों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रार्थना पत्र में कंटेनर चालक पर ओवरटेक करने के दौरान लापरवाही का आरोप लगाया गया है। घटना के संबंध में तहरीर मुरादाबाद निवासी अब्दुल कलाम पुत्र अब्दुल सलाम ने दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## खेत से लौट रहे किसान के सामने आया तेंदुआ

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** खेत से लौट रहे किसान के सामने अचानक तेंदुआ आ गया। किसान ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। जब तक अन्य किसान व ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे तो तेंदुआ गन्ने के खेतों में चला गया।

शनिवार दोपहर एक बजे रामूवाला गणेश निवासी सीमांत सिंह अपने खेत में गन्ने की फसल की सिंचाई कर वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वह एक बाग के निकट पहुंचे तो तेंदुआ बाग से निकलकर उनके सामने आ गया। तेंदुए को देख सीमांत सिंह ने शोर मचाया और वहां से भागे। आवाज सुनकर पास के खेतों में सिंचाई कर रहे अन्य किसान लेकर मौके पर पहुंचे तो तेंदुआ गन्ने के खेतों में चला गया। इस दौरान हरकेश सिंह, सुमित कुमार, राजकुमार, वीर सिंह, रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसएसपी के आदेश पर हादसे के तीन माह बाद रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** कार दुर्घटना में मारे गए युवक की मां की शिकायत पर एसएसपी के आदेश पर कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। ज्ञात हो कि 22 मार्च को कार हादसे में गुरुसेवक सिंह की मौत हो गई थी। मामले में मृतक की मां ने कार चला रहे अनुज पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

गांव रमनावाला निवासी बलजिंदर कौर पत्नी सुखविंदर सिंह ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कहा था कि उसका बेटा गुरुसेवक सिंह अपने मित्र अनुज कुमार पुत्र ब्रजेश कुमार थाना क्षेत्र के गांव निवासी मदारपुर व शुभम पुत्र पप्पू सिंह निवासी मानपुर थाना काशीपुर के साथ दिल्ली के अस्पताल में भर्ती अपने मित्र को देखने अनुज की कार से गया था। बताया कि 22 मार्च को वापस आते हुए अनुज कार चला रहा था। इसी दौरान ग्राम रामनगर खागुवाला के पास कार एक पुलिया के निकट अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में उसके बेटे गुरसेवक की मौत हो गई थी। अनुज व शुभम भी घायल हो गए थे। किसी कारण से वह दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सकी थी। इसके बाद 15 अप्रैल को अनुज उसके घर आया और दुर्घटना बीमा की बात कहते हुए उससे सादे कागज पर दस्तखत करा कर ले गया था। 15 अप्रैल को ही उसका भतीजा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने पंहुचा था। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। मृतक की मां का कहना था कि अनुज ने अपना जुर्म छिपाते हुए उसे धोखे में रखकर घटना को हादसा बताकर रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। जबकि उसके पुत्र की मौत कार चला रहे अनुज की लापरवाही से हुई थी। अब इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कार चला रहे अनुज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### पांच शिकायतों का किया मौके पर निस्तारण

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली बिलारी में एसडीएम मणि अरोड़ा की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन हुआ। थाना दिवस में 10 शिकायतें दर्ज की गईं। पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष को संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। इस दौरान थाना दिवस में तहसीलदार कमलेश कुमार, अपराध शाखा के प्रभारी राजेश कुमार एवं लेखपाल मौजूद रहे।

### नाला ओवरफ्लो होने से परेशानी

**कांठ, अमृत विचार :** नगर में बैंकों की शाखाएं स्योहारा मार्ग पर हैं। जिसमें एसबीआई के पास कचरे के ढेर लगे हुए हैं और नाला ओवरफ्लो होने से पानी बैंक के सामने से होकर जा रहा है। बैंक में आने वाले ग्राहकों को परेशानी हो रही है। शाखा प्रबंधक ने नगर पंचायत अध्यक्ष से शिकायत की है।






### घर के बाहर सफाई करने के दौरान मारपीट, रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** घर के बाहर सफाई करने के दौरान गंदा पानी पड़ोसी के घर की तरफ चला गया। इसी बात को लेकर पड़ोसियों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर युवक को घायल कर दिया। पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम शरीफनगर निवासी शादाब पुत्र शाकिर ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि वह अपने घर के बाहर सफाई कर रहा था। जिससे घर का गंदा पानी पड़ोसी के घर के बाहर चला गया। इससे नाराज पड़ोसी मोहम्मद उवेश पुत्र निजामुद्दीन, नावेद पुत्र साबिर हुसैन, तौसीफ पुत्र कासिम, शमसाद पुत्र इलियास ने उसे लाठी-डंडों से पीट दिया। बचाने आए जफर पुत्र अब्दुल, शाइस्ता, नावेद पुत्र जफर से भी मारपीट की। इससे पीड़ित परिवार गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर पड़ोसियों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों पर शिकायत दर्ज की है।

# सभासदों ने दी प्रदर्शन की चेतावनी

संवाददाता, कांठ


थाना दिवस में शिकायत करने पहुंचे सभासद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में पारित प्रस्ताव का रजिस्टर सभासदों को नहीं दिखाया जा रहा है। 17 में से 16 सभासद में नगर पंचायत अध्यक्ष पर अपने निवास स्थान के वार्ड में ही विकास कराने के आरोप लगाए हैं। सभासदों ने थाना दिवस में पहुंचकर यह आरोप लगाए और निर्णायक हल नहीं निकलने पर 26 जून को धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी।

नगर पंचायत कांठ के 17 में से 16 सभासदों ने शनिवार को थाना दिवस में तहसीलदार आनंद कुमार नायक को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में जो प्रस्ताव पारित किए जाते हैं। वह प्रस्ताव रजिस्टर सभासदों को नहीं दिखाया जाता। नगर पंचायत अध्यक्ष का निवास स्थान वार्ड नंबर 13 में है। महज इसी वार्ड में विकास कार्य हो रहे हैं। जबकि वार्ड नंबर 13 के सभासद मोहम्मद वसीम अहमद ने भी इसे सभासदों के साथ दोहरा बर्ताव बताया। सभासदों ने प्रार्थना पत्र में नगर पंचायत अध्यक्ष पर पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए बताया कि सभी वार्डों में समान रूप से सड़कों का निर्माण चैनलों व नाले नालियों एवं चैनल की सफाई की जानी चाहिए।

उन्होंने बताया कि नगर में पेयजल की बेहतर व्यवस्था की आवश्यकता है। लेकिन इसकी अनदेखी की जा रही है। इससे पूर्व भी सभासद एसडीएम कांठ से भी शिकायत कर चुके हैं। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने भी सभासदों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। सभासदों ने आक्रोश जताते हुए उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होने पर 26 जून को धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी। प्रार्थना पत्र पर वसीम अहमद, मनोज कुमार, रईस, नसीम अहमद, प्रियंका सैनी, रिहाना परवीन, चमन सिंह, पिंकी रानी, सौनम कौर, रुखसाना खातून, मंजू आदि के हस्ताक्षर हैं।

## एजेंसी देने के नाम पर 3.44 लाख रुपये ठगे

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** खाद व्यापारी से एजेंसी देने के नाम पर 3 लाख 44 हजार रुपये ठग लिए गए। एजेंसी न मिलने पर पीड़ित ने जानकारी की तो पता चला कि इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कॉरपोरेट लिमिटेड इफको डिस्टिक सेंटर नई दिल्ली नाम की संस्था फर्जी है।

थाना क्षेत्र के गांव रतनपुरा निवासी सुरेंद्र चौहान पुत्र राजपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि आरोपी अपने को संस्था का अधिकारी बताकर फोन करते थे। जिसमें एक का नाम अमन कुमार शर्मा, दूसरे का नाम मनीष और महिला का नाम बिना देवी बताया गया था। एजेंसी न मिलने पर जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो कहा गया कि जो तुमसे हो वह कर लेना। पीड़ित खाद व्यापारी का कहना है कि उसने 14 बार पुलिस को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी गई। अब पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

## एक नजर

### कलेक्ट्रेट गेट के अंदर नहीं कर सकेंगे धरना प्रदर्शन

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले धरना प्रदर्शन और जुलूस, सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए स्थान चिह्नित कर दिया गया है। अब कलेक्ट्रेट गेट के अंदर धरना प्रदर्शन पर रोक रहेगी। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने बताया कि धरना प्रदर्शन के लिए कलेक्ट्रेट के गेट संख्या-2 के पास बने पार्क को चिह्नित किया है। कलेक्ट्रेट में मौजूद आधिकारिक खुद धरना स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से ज्ञापन लेंगे और उनकी समस्याओं को सुनेंगे।

### सीओ ने किया आदमपुर थाने का निरीक्षण

**आदमपुर/ढबारसी, अमृत विचार :** पुलिस क्षेत्राधिकारी ने आदमपुर थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों का रखरखाव व शस्त्रों की नियमित सफाई करने के निर्देश दिए। सीओ दीपकुमार पंत ने हवालात, शस्त्र, कर्मचारी आवास व कार्यालय का निरीक्षण किया।इस दौरान थानाध्यक्ष शौकेन्द्र सिंह,एस एस आई आकाश कुमार तथा समस्त उपनिरीक्षक मौजूद रहे।

### अधूरे कार्यों को जल्द पूरा कराया जाए : सीडीओ

**अमरोहा, अमृत विचार :** विकास भवन परिसर में शनिवार को विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा ने अधूरे कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। अमृत सरोवर, बगद नदी की खोदाई के कार्य को समय से पूरा करने के लिए कहा है। उन्होंने पौधरोपण अभियान की समीक्षा भी की। कहा कि जिस विभाग को जो लक्ष्य दिया गया है, उसे वह समय से पूरा कर ले। बरसात को ध्यान में रखकर नाले नालियों को साफ कर दे। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत बेसिक स्कूलों में जो कार्य कराए जाने हैं, उन्हें जल्द पूरा करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए हैं।

### ढबारसी बिजलीघर में केबल बॉक्स में लगी आग

**ढबारसी, अमृत विचार :** बिजलीघर के इनकमिंग केबल बॉक्स में आग लगने कई गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजलीघर पर तैनात कर्मचारियों ने लगभग तीन घंटे के बाद केबल बॉक्स को ठीक किया। इसके बाद विद्युत आपूर्ति सुचारू हो सकी।

# भूमि से संबंधित शिकायतों की जांच करे पुलिस और राजस्व टीम

## रजबपुर थाने में थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी और एसपी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** रजबपुर थाने में शनिवार को थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने लोगों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। किसी भी फरियादी को बार-बार नहीं दौड़ाया जाए। एक बार में ही उसकी समस्या का निस्तारण समय से हो जाए। कहा कि भूमि से संबंधी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ करें।

उन्होंने एसडीएम से कहा कि ग्राम समाज की भूमि, चकरोड पर अवैध कब्जा है तो दोनों पक्षों की बात सुनकर निस्तारण कराए। रिपोर्ट दोनों पक्षों की सहमति के आधार पर ही दी जानी चाहिए। राजस्व सम्बन्धी शिकायतों को पुलिस और राजस्व विभाग दोनों की संयुक्त टीम बनाकर निस्तारण कराएं। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर सुधीर कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी, प्रभारी थानाध्यक्ष सुनील कुमार मौजूद रहे।



रजबपुर थाने में शिकायतें सुनते डीएम और एसपी ● अमृत विचार



डिडौली कोतवाली में लोगों की शिकायतें सुनते सीओ अरुण कुमार सिंह।

### चार शिकायतों में से दो का निस्तारण हुआ

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली में शनिवार को हुए थाना समाधान दिवस में चार शिकायतें आईं। इनमें से अधिकारियों ने दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया। दो शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम का गठन कर जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में सहायक चकबंदी अधिकारी प्रदीप कुमार व प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने लोगों की शिकायतें सुनीं। प्रभारी निरीक्षक ने कर्मचारियों से कहा कि यह प्रदेश सरकार का महत्वपूर्ण अभियान है। इसमें इन शिकायतों को मौके पर जाकर खुद निस्तारण करें। थाना समाधान दिवस में राजस्व, चकबंदी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### कोतवाली में एएसपी व डिडौली में सीओ ने सुनीं शिकायतें

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर कोतवाली में थाना समाधान दिवस में एएसपी राजीव कुमार सिंह ने लोगों की शिकायतों को सुना। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। एएसपी ने बताया कि इस दौरान राजस्व से संबंधित एक शिकायत प्राप्त हुई थी। लेखपाल व पुलिस की टीम को भेजकर इसका निस्तारण के लिए कहा है। डिडौली कोतवाली में सीओ अरुण कुमार सिंह ने लोगों की शिकायतें सुनीं। समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण व जल्द निस्तारण के लिए निर्देश दिए। सीओ ने बताया कि पुलिस, राजस्व से संबंधित डिडौली में 11 शिकायतें मिली थीं। चार शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम बनाकर भेज दिया गया था। अन्य शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

## साहब ! पुत्रवधू से बचाओ, पुलिस के सामने भी करती है मारपीट

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस में एक बुजुर्ग ने शिकायती पत्र देकर कहा कि साहब, हमें हमारी छोटी बहू के अत्याचार से बचाओ। वह हमारे साथ मारपीट करती है और जान से मारने की धमकी देती है।

शनिवार को कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में गांव मंगरोला निवासी बुजुर्ग सुरेश सिंह शिकायती पत्र लेकर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों के सामने रोते हुए मदद की गुहार लगाई। पीड़ित बुजुर्ग ने बताया कि उनके छोटे पुत्र की पत्नी बदतमीज है और वह उनके साथ गाली-गलौज व मारपीट करती है। 19 जून को उसने उनके साथ मारपीट की और डायल 112 पुलिस को फोन करके बुला लिया। उसने पुलिस के सामने भी मारपीट की। इससे पत्नी व बड़े पुत्र की पत्नी घायल हो गईं। इसके बाद पीड़ित कोतवाली पहुंचे तो पुलिस ने दोनों घायल महिलाओं का मेडिकल परीक्षण कराया, लेकिन आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित सुरेश ने बताया कि कोतवाली पुलिस उनकी सुनवाई नहीं कर रही है। अगर उनकी सुनवाई नहीं हुई तो वह पुलिस अधीक्षक से शिकायत करेंगे।

### तालाब से कब्जा हटवाने को दिया शिकायती पत्र

**हसनपुर, अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस में ग्राम सोहरका के ग्रामीणों ने शिकायती पत्र दिया। बताया कि भूमि पर तालाब दर्ज है। इस पर गांव के ही कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। 27 मई को राजस्व विभाग की टीम का गठन कर कब्जा हटवाने के निर्देश दिए थे। लेकिन टीम ने तालाब की भूमि खाली नहीं कराई। शिकायती पत्र पर पवन सिंह, देवकरण, शेर सिंह, नवरंग, राजकुमार, डालू, महेश, निरंजन, सुरेश, नरेश, संजय, रूपचंद, मुरारी, वीर सिंह के हस्ताक्षर हैं।

# नाबालिगों से कराया जा रहा मनरेगा का काम

संवाददाता, आदमपुर

**अमृत विचार :** महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना गंगेश्वरी ब्लॉक में संवेदनहीनता की भेंट चढ़ गई है। विभागीय नियम कानून व प्रतिबंधों के बावजूद ब्लॉक क्षेत्र में खुला खेल किया जा रहा है। गांव सिमथला में 500 मीटर लंबी बन रही कच्ची सड़क पर कार्य जॉब कार्ड धारकों के बजाए नाबालिगों से कराया जा रहा है।

गंगेश्वरी ब्लाक के क्षेत्र के गांव सिमथला में गांव के बाहरी छोर पर सुक्खन के खेत से इमरत के खेत तक लगभग 500 मीटर कार्य ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार योजना के तहत कराया जा रहा है। इस कार्य में नाबालिगों को लगाया जा रहा है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जब इस बारे में ग्राम रोजगार सेवक सुक्खन से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मनरेगा में नाबालिगों के पिता अमर सिंह का जॉब कार्ड है और वही कार्य कर रहे थे। इसका पता नहीं चला कि बालक कब कार्य करने लग गया। ग्राम प्रधान सुरेश ने कहा कि नाबालिगों से मनरेगा में कार्य कराने का मामला उनकी जानकारी में नहीं है। मनरेगा पीडी अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मनरेगा में नाबालिगों से कार्य करना कानूनी अपराध है, अगर ऐसा कोई मामला है तो जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



सिमथला में मनरेगा के तहते काम करता नाबालिग। ● अमृत विचार

- **मनरेगा पीडी बोले- नाबालिगों से कार्य करना कानूनी अपराध, जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी**

### राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद ने डीएम को भेजा पत्र

**हसनपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद के कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों को पत्र भेजा। इसमें कहा कि तहसील क्षेत्र के एक गांव में मनरेगा योजना के अंतर्गत नाबालिगों से काम कराया जा रहा है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। दांव सिमथला में रोजगार सेवक द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत नाबालिगों से कार्य कराया जा रहा है, जो कानून के खिलाफ है। इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर घटना की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। पत्र पर दीनदयाल यादव, हरिप्रकाश राणा, नेमपाल सिंह यादव, धीरज कुमार, देशराज सिंह, हरिश्चंद्र, रूम सिंह, हरपाल सिंह, प्रेमपाल सिंह, राजेंद्र सिंह आदि के हस्ताक्षर हैं।

## हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** सड़क हादसे में घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मेरठ के एक अस्पताल में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बछरायूं के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी अनीस अहमद अपने चचेरे भाई कमर बिलाल 16 जून को दिल्ली से घर जा रहे थे। रास्ते में गजरौला-मंडी धनौरा मार्ग पर डीसीएम ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी थी। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जिसमें कमर बिलाल की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया था। उसकी मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में अज्ञात डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## सार-संक्षेप

### पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करने के लिए किया जागरूक

**अमरोहा, अमृत विचार :** अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार के नेतृत्व में नगर में प्रतिबंधित पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करने के लिए जागरूकता रैली निकाली। ईओ ने बताया कि 22 जून से 31 जुलाई तक अभियान चलाया जाएगा। इससे पहले भी नगर पालिका द्वारा पॉलिथीन को लेकर छापेमारी की कार्रवाई की गई थी। जिसमें काफी मात्रा में पॉलिथीन को बरामद किया गया। उन्होंने लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि पॉलीथिन और प्लास्टिक की थैलियों से नाले नालिया चौक हो जाती है। जिससे जल भराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

### महिला को पीटकर घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने महिला को पीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी करन सिंह की पुत्री ओमकला की शादी तीन साल पहले गांव खुंगावली निवासी हरकिशन के बेटे उमेश के साथ हुई थी। 16 जून को ससुराल वालों ने महिला को पीट कर घर से निकाल दिया। वह मायके चली गई। इंस्पेक्टर क्राइम जितेंद्र बालियान ने मामले में ओमकला की तहरीर पर पति उमेश, ससुर हरकिशन, सास गुलाबो देवी, ननद लक्ष्मी और चचेरी सास सावित्री के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### घर में बुलाकर किशोरी से किया दुष्कर्म

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 14 साल की किशोरी को घर में बुलाकर दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। यह घटना कोतवाली क्षेत्र हल्का नंबर चार के एक गांव की है। गांव निवासी एक किसान की बेटी शुक्रवार को घर अकेली थी। तभी पड़ोसी घर वालों ने उसे अपना बच्चा खिलाने के लिए दिया था। बच्चा खिलाने के बाद वह देने के लिए गई थी। जब वह लौट रही थी तो युवक ने उसे आवाज देकर वापस बुला लिया और दुष्कर्म किया। घटना के समय किशोरी के पिता व परिवार के लोग भी बाहर गए थे। शनिवार सुबह किशोरी के पित को घटना की जानकारी हुई। वह कोतवाली जाने लगे तो रास्ते में कुछ लोगों ने रोक लिया और मामला निपटने की कोशिश की। इसके बाद किशोरी के पिता कोतवाली पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार किया जाएगा।

### तालाब से कब्जा हटवाने की मांग

**गजरौला, अमृत विचार :** नगर पालिका के वार्ड संख्या 13 की सभासद रानी ने थाना समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर वार्ड क्षेत्र में स्थित तालाब भूमि से कब्जा हटवाने की मांग की। शनिवार को थाना समाधान दिवस में सौंपे गए पत्र में उन्होंने एक ट्रांसपोर्टर सहित अन्य लोगों पर तालाब भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया। पत्र में यह भी उल्लेख है कि नगर पालिका को भी की इस बाबत सूचित किया गया था, लेकिन अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने थाना समाधान दिवस अधिकारी से तालाब पर किया गया कब्जा कटवाने की मांग की है।

### करनपुर माफी में महिला की हार्टअटैक से मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार रात घर में सो रही महिला की तबीयत खराब हो गई। सांस लेने में परेशानी होने पर परिजनों ने उसे निजी चिकित्सक यहां भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। गांव करनपुर माफी में अब्दुल सत्तार का परिवार रहता है। उनकी 55 वर्षीय पत्नी खातून परवीन शुक्रवार रात्रि अपने घर में सो रही थीं। रात में उनकी किसी समय तबीयत खराब हो गई। खातून परवीन को सांस लेने में परेशानी हुई। तबीयत ज्यादा खराब होने पर परिजन उन्हें निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने खातून परवीन को मृत घोषित कर दिया। मृतका ने अपने पीछे चार बच्चे छोड़े हैं।

### नलकूप के हौज में मिला स्कूल के चौकीदार का शव



**डिडौली (अमरोहा), अमृत विचार :** निजी स्कूल के चौकीदार का शव नलकूप के हौज में पड़ा मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी राजपाल सिंह (52) हसनपुर कला में शिव कुमार के स्कूल में चौकीदारी करते थे। उनके परिवार में पत्नी शशि और दो बेटे हैं। परिजनों के मुताबिक, शुक्रवार शाम राजपाल सिंह की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उनका शव स्कूल संचालक के नलकूप के हौज में मिला। पुलिस ने मामले में जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ अरुण कुमार सिंह ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है। परिजनों की ओर से मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई है और न ही कोई आरोप लगाया गया है।

# एक जुलाई से 31 तक संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान चलेगा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा।

डीएम ने कहा कि संचारी रोग अभियान में किन-किन विभागों की सहभागिता होगी, उन सभी से जानकारी ली। सभी विभाग अपनी कार्ययोजना बनाकर उपलब्ध कराएं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर सफाई कराई जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में नालियों में घास, कीचड़ की सफाई, जल जमाव वाले स्थलों पर चूना, एंटी लार्वा का छिड़काव करने पर कराए। शहरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायतों की ओर से नालों नालियों की साफ सफाई कराए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विद्यालयों में अभियान चलाकर साफ सफाई कराई जाए। विद्यालय परिसर शौचालय तथा कमरों में बेहतर साफ सफाई होनी चाहिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी दिमागी बुखार व अन्य रोगों से बचाव के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दें। कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों की सूची बनाकर उनसे उचित पोषाहार उपलब्ध होना चाहिए। कृषि विभाग पानी में मच्छरों के प्रजनन को रोकने व सिंचाई के वैकल्पिक उपायों पर प्रभावी करवाई करें। डीएम ने सीएमओ से कहा कि दस्तक अभियान के तहत घर-घर सर्वे कर मरीजों को चिह्नित कराएं। इस दौरान सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्रा, सीएमओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी आदि रहे।

# बारिश के बाद लोगों को गर्मी से मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** शनिवार सुबह जिले में गर्मी से लोग बेहाल हो गए। दोपहर तक तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रहा। शाम होते ही आसमान में छाए बादल और ठंडी हवा के चलने के साथ ही बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

जिले में मौसम में बदलाव का दौर शुरू हो गया है। जगह-जगह बारिश हो रही है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल रही है। हालांकि किसानों का कहना है कि अभी बारिश कम हो रही है। इससे फसलों को पानी नहीं मिल पा रहा। लेकिन तापमान में भी गिरावट आई है। शनिवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रहा।

सुबह गर्मी से लोगों का बुरा हाल हो गया। लेकिन दोपहर बाद बादल छाने से लोगों को बारिश की उम्मीद जगी और शाम को बारिश होने से राहत मिली। जिला कृषि अधिकारी बबलू कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को बारिश हुई, लेकिन अभी बारिश कम हो रही है। बताया कि आने वाले दिनों में और बारिश होने के आसार हैं। इस समय किसानों को धान की रोपाई करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



बारिश के बाद हसनपुर शहर में सड़क पर जलभराव के बीच गुजरते लोग। ● अमृत विचार

### झमाझम बारिश के बाद रहरा रोड पर भरा पानी

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में शनिवार दोपहर ठंडी हवा के साथ रुक-रुककर झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश के बाद नगर के रहरा बस स्टैंड, लालबाग मोहल्ला कायस्थान, होली वाला और अन्य मोहल्ले में पानी भर गया। एक माह से अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा था। शनिवार दोपहर चार बजे बारिश शुरू हुई। बारिश का सिलसिला करीब 30 मिनट तक चला। तहसील क्षेत्र के गांव हत्थाखेड़ा में आंधी के साथ हुई बारिश के दौरान प्राइमरी स्कूल मंगरौली में स्थित यूकेलिपस्टिक का पेड़ टूट कर छत पर गिर गया।

**सैदनगली महोत्सव** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

# एनडीए सरकार हर व्यक्ति के लिए करेगी कार्य : भूपेंद्र

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** सैदनगली महोत्सव में शनिवार शाम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि लोगों को एक साथ जोड़ने के लिए ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। इस बार भी एनडीए की सरकार हर क्षेत्र के लोगों के लिए कार्य करेगी। देश की 140 करोड़ जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परिवार है। इस दौरान उन्होंने आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

सैदनगली की नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनुकृति चौधरी के कार्यकाल का एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में महोत्सव का आयोजन हो रहा है। शनिवार को महोत्सव में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया, पूर्व ओएसडी अभिषेक कौशिक, संभल भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र चौधरी (रिंकू), अमरोहा भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने कार्यक्रम की शुरूआत की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नगर पंचायत सैदनगली की आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश चौधरी, सहारनपुर विधायक राजीव गुंबर, हसनपुर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, चेयरमैन हसनपुर राजपाल सैनी, आदि रहे।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत:** सैदनगली महोत्सव में शामिल होने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह सिसोदिया हसनपुर से होकर जा रहे थे। नगर के बाइपास मार्ग स्थित विधायक ने अपने आवास पर दोनों नेताओं का बुके देकर स्वागत किया।



किताब का विमोचन करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया व अन्य। ● अमृत विचार

# नीला झंडा उतारने पर जाटव समाज के लोगों का हंगामा

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** पृथ्वीराज चौहान के स्मृति द्वार पर लगे नीले झंडे का राजपूत समाज के लोगों ने झंडा उतार दिया था। इसे लेकर जाटव समाज के लोगों ने विरोध किया तो दोनों समाज के लोग आमने-सामने आ गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों समाज के लोगों को शांत कराया।

क्षेत्र के गांव वारसाबाद में बने पृथ्वीराज चौहान के स्मृति द्वार पर आंबेडकर जयंती पर जाटव समाज के लोगों ने दो नीले झंडे लगा दिए थे। राजपूत समाज के लोगों ने इसका विरोध करते हुए एक झंडा उतार दिया था। इसे लेकर जाटव समाज के लोगों ने विरोध कर हंगामा किया था। उस समय पुलिस ने दोनों समाज के लोगों के बीच समझौता करा दिया था। एक झंडा स्मृति द्वार पर लगा हुआ है। शनिवार को राजपूत समाज के लोग फिर से झंडा उतारने लगे। जाटव समाज के लोगों ने इसका विरोध किया तो दोनों समाज के लोगों में विवाद बढ़ गया।

दोनों आमने सामने आ गए। पुलिस ने दोनों समाज के लोगों को समझाकर शांत कराया। दोनों पक्षों को पुलिस ने थाने बुला लिया। थाने में सीओ श्वेताभ भास्कर ने सभी लोगों से बात की। थाने में भी तनातनी होती रही। इससे हंगामे का माहौल रहा। जाटव समाज के लोगों ने झंडा हटाने पर धर्म परिवर्तन करने की चेतावनी दी।

**विरोध**

- **धर्म परिवर्तन करने की दी चेतावनी, पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया**

### स्कूटी पर स्टंट करने का वीडियो वायरल

**हसनपुर, अमृत विचार:** हसनपुर रहरा रोड पर खतरनाक तरीके से स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह मामला बुरावली और गंगवार के बीच का बताया जा रहा है। हसनपुर रहरा रोड पर स्कूटी सवार युवकों ने खतरनाक स्टंट करना शुरू कर दिया। पीछे से गुजर रहे बाइक सवार युवक ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने
आशियाना फेस- 1
24 घन्टे
सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की
सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफेक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

## एक नजर

### मेड़ के विवाद को लेकर सौंपा शिकायती पत्र

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव मुजफ्फरपुर निवासी सुरेश ने शनिवार के थाना समाधान दिवस में शिकायती पत्र सौंपा। कहा कि गांव के ही आठ लोगों ने मिलकर खेत की मेढ़ को काटकर अपने खेत में लिया है। आरोप है कि जब भी सुरेश मेढ़ काटने के विरोध करता है। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए सभी लोग गाली गलौज कर सुरेश को धमकी देते हैं। सुरेश ने थाना समाधान दिवस में शिकायती पत्र सौंपकर जमीन की पैमाइश कराने की मांग की है।

### संपत्ति विवाद में ईंट मारकर बड़े भाई को किया घायल

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव सैजना निवासी वीरेंद्र ने शनिवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि बचपन में पिताजी ने ममेरी बहन गीता को गोद लिया था। पिता की मौत होने के बाद से गीता व माँ वीरेंद्र के पास रहती है और वीरेंद्र ही पिता के हिस्से की जमीन की जुताई-बुवाई करता है। आरोप है कि वीरेंद्र का छोटा भाई मनोज पिता की जमीन में हिस्सा मांगते हुए आए दिन विवाद करता है। शनिवार की सुबह भी जमीन को लेकर वीरेंद्र व मनोज में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मनोज ने ईंट मारकर वीरेंद्र को घायल कर दिया।

### रुपये मांगने पर मजदूरों के साथ मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव रिठाली निवासी मजदूर जौली व मोहित ने शनिवार को थाने पहुंचकर तहरीर दी। कहा कि थाना क्षेत्र के गांव लखौरी निवासी एक व्यक्ति गांव भारतल में दुकानों के निर्माण कार्य के लिए मजदूरी पर लेकर गया था। यहां जौली ने दस दिन व मोहित ने तेरह दिन काम किया था। काम खत्म होने के बाद दुकान स्वामी ने जौली व मोहित को 500-500 रुपये देकर बाकी के 10,350 रुपये बाद में देने को कहा था। गुरुवार को जौली व मोहित मजदूरी के रुपये लेने पहुंचे दुकान स्वामी के घर गए थे। आरोप है कि दुकान स्वामी ने रुपये देने से मना कर दिया और अपने चार साथियों के साथ मिलकर मारपीट कर धमकी देते हुए दुकान मोहित को घर से भगा दिया।

संभल की खबरें पेज 12 पर भी

# सड़क पर दौड़ती मिनी बस में लगी आग

## मची अफरातफरी, संभल से अलीगढ़ जा रही थी विंगर, चालक ने तत्काल रोकी बस तो उतरे लोग

कार्यालय संवाददाता, संभल/कैलादेवी


मिनी बस से उठतीं आग की लपटें। ● अमृत विचार

- चौधरी सराय चौराहे से डग्गामार वाहनों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा

**अमृत विचार:** संभल गवां मार्ग पर सड़क पर दौड़ती मिनी बस में अचानक से आग लग गई। आनन फानन में चालक ने मिनी बस को सड़क किनारे रोका तो सवारियों ने किसी तरह मिनी बस से उतरकर जान बचाई। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने पानी डालकर आग को बुझाया। लेकिन तब तक बस जलकर राख हो गई।

संभल के मुहल्ला चौधरी सराय चौराहे से हसनपुर, मुरादाबाद, बहजोई और आदमपुर मार्ग पर डग्गामार वाहनों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। इन डग्गामार वाहनों में सवारी बैठाकर चालक दिल्ली, अलीगढ़, बदायूं तक जाते हैं। शनिवार को संभल से मिनी बस (विंगर) में सवारियों को लेकर चालक अलीगढ़ जा रहा था। चालक जैसे ही संभल गवां मार्ग पर कैला देवी थाना क्षेत्र में शकरपुर व लखनपुर की बीच स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो अचानक से सड़क पर दौड़ रही मिनी बस में आग लग गई। चालक ने बस को सड़क किनारे रोका तो बदहवास सवारियों ने किसी तरह जलती मिनी बस से उतरकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते मिनी बस से आग की लपटें निकलने लगीं। सूचना मिलने पर पुलिस व फायर ब्रिगेड कर्मी भी दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंच गए। कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग को बुझाया। लेकिन तब तक मिनी बस जलकर पूरी तरह बर्बाद हो गई। संभल निवासी चालक यासीन ने बताया कि बस में बहन सहित परिवार के आठ नौ लोग सवार थे। जिन्हें दूसरे वाहन से भेजा गया है। लेकिन पूछने पर चालक अपनी बहन व परिवार के लोगों के नाम नहीं बता पाया।

### मिनी बस में आग लगने से सड़क पर ठहरा यातायात

**संभल, अमृत विचार :** बस में आग लगी तो चालक ने आनन फानन में मिनी बस को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। कुछ ही देर में आग ने ऐसा विकराल रूप लिया कि बस से आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। इस हालात में संभल गवां मार्ग पर यातायात ठहर गया। लोग जलती बस के पास से होकर गुजरने की हिम्मत नहीं जुटा पाये। आग बुझ गई तब सड़क पर आवाजाही शुरू हुई।

## धारदार हथियार से हमला कर टेलर को किया घायल

**संभल, अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में मजदूरी के चार सौ रुपये को लेकर हुए विवाद में मजदूर ने धारदार हथियार से हमला कर टेलर को घायल कर दिया।

मुहल्ला लोधीसराय में बल्ले की पुलिया निवासी टेलर मोहम्मद समीर के छोटे भाई नदीम पर मुहल्ले के ही मजदूर के चार सौ रुपये मजदूरी के उधार थे। शुक्रवार की रात आठ बजे नदीम व मजदूर के बीच मजदूरी के रुपयों को लेकर विवाद हो रहा था। मौके पर पहुंचे मोहम्मद समीर व मुहल्ला के अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर नदीम व मजदूर को घर भेज दिया था। शनिवार की सुबह सात बजे मोहम्मद समीर सिलाई करने जा रहा था। जैसे ही रास्ते में पहुंचा तो पीछे से आकर मजदूर ने धारदार हथियार से हमला कर मोहम्मद समीर को घायल कर दिया और भाग गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन आनन फानन में टेलर को लेकर थाने आ गए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मोहम्मद समीर का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

## सार-संक्षेप

### घर के पास से डीसीएम चुराई, चोर सीसीटीवी में कैद

**संभल/सरायतरीन, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन में चोर घर के पास खड़ी डीसीएम को चुरा ले गए। डीसीएम चोरी की घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। वाहन स्वामी का आरोप है कि डीसीएम चोरी की रिपोर्ट लिखाने थाने पहुंचा तो पुलिस ने तहरीर लेने से मना कर दिया। थाना क्षेत्र में मुहल्ला सरायतरीन के मुहल्ला भूड़ा निवासी मोहम्मद अलतामश ने शनिवार को थाना समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर कहा कि बुधवार की रात मुहल्ला से गांव दौलतपुर जाने वाले रास्ते पर स्थित नूरानी मस्जिद के पास डीसीएम खड़ी कर घर आकर सो गया था। रात में डीसीएम चोरी हो गई। पास में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगालने पर दो व्यक्ति डीसीएम लेकर जाते दिखाई दिये। जिसके बाद मोहम्मद अलतामश थाने पहुंचा तो पुलिस ने तहरीर लेने से मना कर दिया। थाना समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर मोहम्मद अलतामश ने डीसीएम बरामद कर पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### चार परिवारों ने समाप्त किया अपना विवाद

**बहजोई, अमृत विचार :** पुलिस परिवार सुलह समझौता केंद्र पर काउंसलर ने पति पत्नी का विवाद सुलझाने को काउंसलिंग की। समझाया कि छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद हो जाता है और वह खुशियां दूर हो जाती हैं जिन खुशियों के लिए परिवार बनाया जाता है। महिला सेल प्रभारी पूनम आनंद ने बताया कि 65 पत्रावली सुनकर 19 पत्रावली का निस्तारण किया गया है। जिनमें चार परिवारों ने अपना विवाद समाप्त किया है। 15 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण निरस्त कर दी गई हैं। इस दौरान काउंसलर लव मोहन एडवोकेट, अखिलेश अग्रवाल, बबीता शर्मा, साजिया खान, श्वेता गुप्ता आदि ने सहयोग किया।


वाराणसी में प्रदीप शर्मा मंडल प्रभारी मुरादाबाद को सम्मानित करते अतिथि।

### प्रदीप शर्मा गो रक्षा सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ के गो रक्षा प्रकोष्ठ के वाराणसी में 16, 17 व 18 जून को हुए तीन दिवसीय अधिवेशन में प्रदीप शर्मा मंडल प्रभारी मुरादाबाद को विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के गोरक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण दुबे, प्रदेश महामंत्री मनोज प्रजापति तथा वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष संजय पांडे ने गो सेवा प्रकोष्ठ के सर्वोच्च सम्मान से अंग वस्त्र पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। यह जानकारी महेश शर्मा जिलाध्यक्ष संभल ने दी है।

# योजनाओं का सही क्रियान्वयन कराएं बीडीसी सदस्य : सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

- ब्लाक प्रमुख ने कहा, विकास के पैसे का हो पूरा सदुपयोग
- रजपुरा ब्लॉक सभागार में हुई क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक

**अमृत विचार:** रजपुरा क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ज्ञान सिंह ने सदस्यों से कहा कि वह सरकार की योजनाओं के सही व समयबद्ध क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभायें। ब्लॉक प्रमुख व सीडीओ ने जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

रजपुरा ब्लॉक के सभागार में शनिवार को आयोजित क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में मनरेगा कार्य, लेबर बजट, मनरेगा कार्य योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, वृक्षारोपण, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, गोवंश संरक्षण आदि बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सदस्यों को जानकारी दी गई। इस दौरान ब्लाक प्रमुख ममता यादव ने क्षेत्र के विकास के लिए आने वाले पैसे को प्रत्येक गांव में शत प्रतिशत लगवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हर गांव में विकास कार्य को सही से कराया जाए। सदस्यों ने अधिकारियों व ब्लाक प्रमुख के सामने अपनी समस्याएं रखकर समाधान की मांग रखी। खंड शिक्षाधिकारी मुंशीलाल पटेल ने कहा कि समिति सदस्य अपने गांव के अधिक से अधिक बच्चों का सरकारी स्कूल में दाखिला कराने के काम में सहयोग करें। इस दौरान सीडीओ ज्ञान सिंह, सीएम फेलो रुचि सिंह राठौर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गौरव यादव, चिकित्साधीक्षक डा. मनमोहन शर्मा, खंड शिक्षाधिकारी मुंशीलाल पटेल, देवराज भास्कर, एडीओ पंचायत फारूक अली, एडीओ समाज कल्याण मुरारीराम, बीपीएम सौरभ सेंगर आदि मौजूद रहे।

# सरकारी जमीन में किया जा रहा खनन

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी


सरकारी जमीन में मिट्टी खोदती जेसीबी व जमीन में बने गहरे गड्ढे। ● अमृत विचार

- ग्राम प्रधान द्वारा खेल का मैदान व जमीन समतल कराने के नाम पर खोदवाई जा रही मिट्टी
- जमीन में गहरे गड्ढे कर बालू का भी किया जा रहा खनन

> खेल का मैदान बनाने के लिए जमीन के चारों ओर पालटें बनवा रहे हैं। कुछ जमीन को समतल करा रहे हैं इसकी उनके पास परमीशन भी है।
> –कामिल, ग्राम प्रधान पति

**अमृत विचार:** असमोली विकासखंड की ग्राम पंचायत मछारी में खेल का मैदान बनाने के नाम पर सौ बीघा सरकारी जमीन में बड़े पैमाने पर जेसीबी से खनन कर मिट्टी बेची जा रही है। खनन कराकर मिट्टी बेचने का आरोप ग्राम प्रधान पर है। हालांकि ग्राम प्रधान का यही कहना है कि वह खेल का मैदान बनवाने के लिए मिट्टी खुदवा रहे हैं।

गांव मछारी में गांव की आबादी से कुछ ही दूरी पर ग्राम समाज की करीब 100 बीघा जमीन है। सरकारी जमीन के काफ़ी हिस्से में काफ़ी समय से एक ईंट भट्टा संचालक द्वारा ईंटों की पथेर कराई जा रही थी।

अब उसी जमीन पर ग्राम प्रधान द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर जमीन के एक हिस्से में खेल का मैदान बनाने के लिए उसके चारों ओर पालटें (छोटी बाउंड्री) बनाई जा रही हैं। पांच से छह ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी खोदकर ढोने के लिए लगीं हुईं हैं। जिसमें एक या दो ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी तो खेल के मैदान की पालटें बनाने के लिए भेजीं जा रहीं हैं, बाकी चार टैक्टर ट्राली से मिट्टी भर कर गांव में जगह जगह हो रहे मकान निर्माण के मिट्टी बेची जा रही है। सरकारी जमीन के कुछ हिस्से को काफी गहरा खोदकर सफेद बालू भी निकाला जा चुका है। हालात यह हैं कि सरकारी जमीन में गहरे गड्ढे हो गये हैं। जमीन तालाब का रूप लेती जा रही है।


राज्यमंत्री गुलाब देवी को ज्ञापन सौंपते बहजोई रोड के लोग। ● अमृत विचार

### ओवरब्रिज निर्माण में दीवार की बजाय पिलर बनाया जाए

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बहजोई रोड के वाशिंदों व दुकानदारों ने माध्यमिक राज्यमंत्री गुलाब देवी को ज्ञापन देकर समस्या समाधान की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। यह ओवरब्रिज में पिलर के स्थान पर दोनों ओर से ठोस दीवार बनाई जाएगी। जिससे व्यापारियों के व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। साथ ही आवास भी नहीं दिखेंगे। इस मार्ग पर क्षेत्राधिकारी कार्यालय, प्रथमा बैंक व पेट्रोल पंप भी है। इसलिए ओवरब्रिज निर्माण में दीवार के स्थान पर पिलर बनवाया जाए। जिससे लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। राज्यमंत्री ने लोगों को उनकी समस्या के समाधान कराने का आशवासन दिया। ज्ञापन देने वालों में देवपाल, मनोज भारद्वाज, मिंटू, अनिल अग्रवाल, मयंक वार्ष्णेय, आशु गोस्वामी, प्रेम यादव, दिवाकर अग्निहोत्री, राहुल, संजय, राकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### सिपाही की बाइक का पांच हजार का चालान

**बदायूं, अमृत विचार :** मोहल्ला कबूलपुरा निवासी शिवम कश्यप के पिता जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में तैनात हैं। गुरुवार को वह अपने पिता को कार्यालय छोड़कर घर जा रहे थे। डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क के पास यातायात पुलिस के सिपाही उवैश रजा ने उसकी बाइक रोक ली और चालान करने लगा। शिवम ने चालान करने का कारण पूछा तो सिपाही ने बाइक पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने की बात कही। उस दौरान सिपाही भी एक बाइक पर बैठा था। शिवम ने देखा उसकी बाइक पर भी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं थी। युवक के विरोध करने पर सिपाही ने उसे जाने दिया लेकिन जब युवक घर पहुंचा तो उसके मोबाइल पर चालान का मैसेज आया। मामला सदर विधायक के पास पहुंचा। विधायक ने एसएसपी को बताया। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने सिपाही की बाइक पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने पर पांच हजार का चालान कराया।

# थाना दिवस की शिकायतों का करें सही व समयबद्ध निस्तारण : एसपी

संवाददाता, बहजोई


बहजोई कोतवाली में समस्याएं सुनते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत। ● अमृत विचार

- कोतवाली में पहुंचकर सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बहजोई कोतवाली में पहुंचकर थाना समाधान दिवस का निरीक्षण कर वहां फरियादियों की समस्याएं सुनीं। बहजोई कोतवाल को समस्याओं के समाधान शीघ्र ही करने के निर्देश दिए। वहीं सभी पुलिस कर्मियों को थाने पर आने वाले लोगों की समस्या सुनकर समाधान करने की बात कही।

बहजोई कोतवाली में आयोजित थाना दिवस में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने समस्याओं को लेकर कोतवाली पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। अधिकतर समस्याएं जमीन विवाद से संबंधित थीं। एसपी ने राजस्व विभाग की टीम के साथ समस्याओं के समाधान करने के कोतवाल सत्येंद्र पवार को निर्देश दिए। वहीं अन्य समस्याओं को लेकर भी एसपी ने पुलिस टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण कराया। एसपी ने बाद में पुलिस कर्मियों से कहा कि जो भी थाने पर अपनी शिकायत व समस्याएं लेकर आ रहे हैं उनकी समस्याओं का तत्परता के साथ निस्तारण किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। थाना दिवस में कुल 11 शिकायत दर्ज की गईं। जिनमें पांच शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान सीओ बहजोई दीपक तिवारी, सीओ प्रशिक्षु आकांक्षा अवस्थी सहित आदि मौजूद रहे।

# 11 शिकायतें दर्ज, छह का मौके पर ही समाधान

संवाददाता, संभल

- थाना दिवस में सुनीं जन समस्याएं समाधान के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** शनिवार को थाना दिवस पर सदर कोतवाली परिसर में एएसपी, एसडीएम व सीओ और नखासा थाने में एसडीएम संभल व हयातनगर थाना परिसर में थाना प्रभारी ने शिकायतों को सुना। फरियादियों ने कोतवाली, नखासा व हयातनगर में 11 शिकायतें दर्ज कराई। जिसमें से छह शिकायतों का मौके पर ही समाधान हो गया।

सदर कोतवाली में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र, एडीएम प्रदीप वर्मा, सीओ संभल अनुज कुमार चौधरी के नेतृत्व में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर कोतवाली परिसर में लगे थाना समाधान दिवस में सिर्फ एक शिकायत आई। नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला लोधीसराय निवासी कलुआ ने रुपयों के लेनदेन को लेकर हुई कहासुनी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत को सुनने के बाद विपक्षी मियां सराय निवासी व्यक्ति को मौके पर बुलाकर एएसपी, एडीएम व सीओ ने समस्या का समाधान कराया। नखासा थाना परिसर में लगे थाना समाधान दिवस एसडीएम विनय कुमार मिश्रा की अगुवाई में लगाया गया। जिसमें पांच फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिसमें एसडीएम ने दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया। वहीं हयातनगर थाने में थाना प्रभारी संत कुमार ने पांच शिकायतों को सुनकर तीन शिकायतों का मौके पर समाधान कराया।


सिरसी में महफिल में कलाम पेश करते शायर। ● अमृत विचार

### आएगी शिफ़ा लेने दुनिया की मसीहाई...

**सिरसी, अमृत विचार :** कस्बा सिरसी में मास्टर गदीरुल हसन की ओर से इमामबाड़ा कला गर्बी में महफ़िले जश्ने ईदे ग़दीर का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर से आये शायरों ने अपने अपने कलाम पेश किए। महफ़िल की शुरुआत मौलाना मंज़र सिरसिवी ने तिलावते हदीसे किसा से की। इसके बाद मौलाना कंबर अब्बास ने तकरीर बयान की। महफ़िल की निज़ामत नैय्यर जलालपुरी ने की। महफ़िल में शोबी सिरसिवी ने नाते पाक पढ़ा। उसके बाद शोबी सिरसिवी ने यह कलाम सुनाया- आएगी शिफ़ा लेने दुनिया की मसीहाई, बस खुद को मदीने का बीमार किया जाए। दबीर आग़ा मनसबी ने कहा-वो ही दिलेर यकीनन दिलेर होता है, के जिसके आगे ज़बरदस्त ज़ेर होता है। फखरी मेरठी ने यह सुनाया- कलाम ए पाक से पूछो अली की मनकाबत क्या है, अली के दिल से पूछो सैय्यदा की मंज़ालत क्या है। शरर नकवी ने कहा-बा जमाअत सरे मैदान पढ़ी हमने नमाज़, जब कहा ज़ुल्म ने सजदा नहीं होने देंगे। शबरोज़ कानपुरी ने यह सुनाया-अली के हक़ में ऐलान ए पयंबर भूलने वाले, भटक जाते हैं शहरे इल्म का दर भूलने वाले। सैफ़ जानसठी ने कहा- तुमने भी सैफ़ साथ सभी मोमीनीन के, ईमान ए कुल की पाई है दौलत गदीर से। कमाल वारसी बोले-हम अपनी तक़दीर बदलने वाले हैं, शहरे नज़फ को घर से निकलने वाले हैं। डा. नसीमुज़्ज़फर संभली ने सुनाया-न कोई इंतिहा न हद करार दी गई, सिफ़त अली को जो भी दी वो बेशुमार दी गई। अश्तर बाकरी बोले-अश्के गमे हुसैन को ज़हरा ने हशर में, जन्नत खरीद लेने का सिक्का बना दिया। नैय्यर जलालपुरी ने सुनाया-मदहे अली से हटके न की मैंने शायरी, नैय्यर मेरे कसीदों का दीवान है गदीर। मौलाना कंवर अब्बास ने अमनो अमान के लिए दुआ कराई। सदारत इमामे जुमा मौलाना एहतेशाम अली नकवी ने की।

### बबराला में फ्लाईओवर व बस अड्डे की उठाई मांग

**गुन्नौर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय युवा वाहिनी के संगठन प्रमुख नवनीत गांधी नेतृत्व में नेहरू चौराहे केंद्रीय राज्यमंत्री मंत्री बीएल वर्मा को क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में बबराला में अनूपशहर रोड रेलवे फाटक पर फ्लाईओवर और बाईपास बनवाने का आग्रह किया गया है। कहा कि अनूपशहर के रास्ते दिल्ली, गाजियाबाद, बुलंदशहर और मेरठ जाने के लिए बबराला के मुख्य बाजार से होकर वाहन गुजरते हैं। रेलवे फाटक बंद होने पर घंटों जाम की स्थिति बनी रहती हैं। मांग पत्र में गुन्नौर में रोडवेज का बस अड्डा स्थापित करने की मांग भी शामिल है। कहा कि रोडवेज अड्डा न होने के कारण चालक बसों को मनमर्जी होटलों के आगे जहां तहां खड़ी कर देते हैं। जिससे यात्रियों को परेशानी होती है। नवनीत गांधी ने बताया कि केंद्रीय राज्य मंत्री ने जनहित में दोनों मांगों पर अपने स्तर से प्रयास करने का आश्वासन दिया है। भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय, संगठन के जिलाध्यक्ष साजिद सफदर, राशिद अली, विजेंदर प्रजापति, सरदार प्रताप सिंह, धर्मेंद्र प्रजापति साबिर अली, दिनेश पासी और जुबेर उस्मानी आदि मौजूद रहे।

### करंट की चपेट में आकर महिला झुलसी

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव जयदासपुर निवासी हरिओम की पत्नी गीता शनिवार की सुबह किसी काम से जीने की सीढ़ियों से होकर मकान की छत पर जा रही थी। जीने के ऊपर बिजली का कट लगा हुआ केबिल लटक रहा था। गीता जैसे ही केबल के पास पहुंची। केबिल टच होने से गीता करंट की चपेट में आकर गंभीर रुप से झुलसकर जीने की सीढ़ियों से लुढ़कते हुए नीचे आ गई। परिजनों आनन फानन में गीता को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आ गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गीता को अलीगढ़ मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया।

### समाधि स्थल का मरम्मत कार्य रुकवाने का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव धुरैटा निवासी रमेश भगत जी ने मकान में दरवाजा लगाकर पिता की समाधि को तोड़फोड़ दिया था। समझौता होने के बाद रमेश भगत जी ने समाधि स्थल की मरम्मत कराई थी। थोड़े दिन पहले रामौतार व उसके बेटे ने समाधि स्थल को फिर से खंडित कर दिया। 28 मई को रमेश भगत जी समाधि स्थल की मरम्मत करा रहा था। रामौतार अपने बेटों के साथ मौके पर पहुंचा और मरम्मत कार्य रुकवा दिया। जिसकी शिकायत रमेश भगत जी ने एसडीएम संभल से की, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ।

### गाली गलौज करने में दो गिरफ्तार

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में अलग अलग गांवों में मामूली बात पर शनिवार को विवाद करने पर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव सैमला निवासी देवेंद्र शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव मझोला फाटक के पास आने जाने वाले लोगों के साथ गाली गलौज कर रहा था। दूसरी ओर थाना क्षेत्र के गांव उधरनपुर निवासी राम खिलाड़ी गांव के ही किराना दुकानदार भूपप्रकाश के साथ सामान के रेट को लेकर विवाद कर रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने देवेंद्र व राम खिलाड़ी को गिरफ्तार कर लिया। कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने देवेंद्र व राम खिलाड़ी का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।

## आयोजन

### संभल बार एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी ने ली शपथ

# अधिवक्ताओं के सम्मान को सजगता से काम करेगी बार

कार्यालय संवाददाता, संभल


शपथ लेते संभल बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष शिरीष मेहरोत्रा रहे मुख्य अतिथि

**अमृत विचार:** संभल बार एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी के शपथग्रहण समारोह में पदाधिकारियों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। इस दौरान अधिवक्ता हितों के लिए एकजुटता से संघर्ष करने व वादकारियों को सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने का संकल्प लिया गया।

शनिवार दोपहर को नई तहसील के सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष व सदस्य शिरीष मेहरोत्रा ने संभल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, सचिव डॉ. अमित कुमार उठवाल सहित संपूर्ण कार्यकारिणी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शिरीष मेहरोत्रा ने कहा कि बार एवं अधिवक्ताओं का हित सर्वोपरि है। उन्होंने बार काउंसिल की नई योजनाओं की जानकारी भी अधिवक्ताओं को दी।

बार के नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि अधिवक्ताओं का उत्पीड़न किसी भी हालत में सहन नहीं किया जायेगा। अधिवक्ताओं के मान सम्मान के लिए बार पूरी सजगता से काम करेगी। कहा कि अधिवक्ताओं के हितों का ध्यान रखने के साथ ही वादकारियों को भी सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने का प्रयास रहेगा। सचिव डॉ. अमित उठवाल ने कहा कि अधिवक्ताओं के हितों को सर्वोपरि मानते हुए कार्य किया जाएगा।

भ्रष्टाचार पर अंकुश के साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों की निरंकुशता पर लगाम लगाई जाएगी।

नई कार्यकारिणी बार एवं बेंच में सामंजस्य स्थापित कर बेहतर तरीके से कार्य करेगी। समारोह में पवन कुमार रस्तोगी, चौधरी प्रकाशवीर सिंह, मुस्तकीम अहमद, देवेंद्र पाल, विजय गुप्ता, वसी हसन, प्रमेंद्र सिंह, शरद भारद्वाज, राकेश गुप्ता, राजबहादुर सक्सैना, रवेंद्र कुमार उर्फ रवि चौधरी, प्रदीप सिंह, राजीव भटनागर, अतुल रस्तोगी, तौसीफ उर्फ मिक्की मियां, राकेश भारद्वाज, याकूब गामा, मनीष आर्य, सचिन चौहान, नीतू सिंह सैनी, अनीस अहमद, अफजाल अहमद, गुरुदत्त गुप्ता सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मेड़ पर पौधे लगाने को लेकर मारपीट, आठ घायल

## दोनों भाइयों के अलावा छह भतीजे घायल, कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव गणेशपुर में हुई घटना

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव गणेशपुर में खेत की मेड़ पर पौधे लगाने पर दो सगे भाइयों के बीच लाठी-डंडे चले। जिसमें दोनों भाइयों के अलावा छह भतीजे घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद आठों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। दोनों पक्षों की ओर से थाने में तहरीर दी गई है।

गांव गणेशपुर में महेश व उसका भाई छोटे अलग-अलग अपने परिवार के साथ रहते हैं। दोनों भाइयों के खेत भी आसपास हैं। महेश अपने खेत की मेड़ पर पौधे लगाना चाहता था। जबकि छोटा उसका विरोध कर रहा था। इसी बात को लेकर शुक्रवार की रात भी दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी। शनिवार की सुबह आठ बजे



मेड़ के विवाद में सीएचसी में घायल पिता-पुत्र। ● अमृत विचार

- **घायलों का सीएचसी में कराया उपचार, हायर सेंटर रेफर किया**

महेश अपने तीन पुत्र जसवीर, लक्ष्मण व कश्मीर के साथ खेत पर जा रहा था। तभी दूसरे पक्ष ने उन्हें रोक लिया और कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों की ओर से लाठी-डंडे निकल आए और जमकर मारपीट हुई। घटना में महेश व उसके तीन पुत्र, छोटे व उसके पुत्र मनोज, धर्मपाल व तेजपाल घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की तहरीर दोनों पक्षों की ओर से थाने में दी गई है। शाम को पुलिस की ओर से रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी चल रही थी।

## एक नजर

### आईटीआई में रोजगार मेला 24 जून को लगेगा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से रोजगार मेले का आयोजन 24 जून दिन सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चन्दौसी परिसर में प्रातः 10:30 बजे से किया जाएगा। जिला रोजगार सहायता अधिकारी आमिर जुबैर ने बताया कि मेले में औदज वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी प्रतिभाग कर रही है। अभ्यर्थी अपना पंजीकरण सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर करा सकता है। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष होनी चाहिए। अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई समस्त वर्ग है। कोई भत्ता देय नहीं होगा।

### पशु वध का आरोपी जिला बदर गिरफ्तार

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** गांव सिसौटा के राकेश कुमार को प्रतिबंधित पशु का वध करने के आरोप में जिला बदर किया गया था। इसके बाद भी वह जिले में घूम रहा था। शनिवार को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने राकेश कुमार को थाना क्षेत्र के गांव पोटा से गिरफ्तार कर लिया।

### बहन को बुलाने ससुराल पहुंचे भाई को पीटा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव देवरखेड़ा में बहन को बुलाने ससुराल पहुंचे भाई को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल का उपचार सीएचसी में कराया गया है। जनपद बदायूं के थाना बिल्सी निवासी अशोक पुत्र राम प्रकाश ने तीन वर्ष पहले अपनी बहन पूजा का विवाह बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव देवरखेड़ा निवासी युवक से किया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही युवक अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था। जिस कारण मायके वाले पूजा को बुलाकर अपने घर ले गए। मायके में डेढ़ वर्ष रहने के बाद पूजा कुछ दिन पहले अपनी ससुराल गई थी। शुक्रवार की रात युवक ने अपनी पत्नी पूजा के साथ मारपीट की। जिसकी सूचना उसने अपने मायके में भाई को दी। शनिवार की सुबह आठ बजे भाई अशोक अपनी बहन की ससुराल बुलाने पहुंच गया। आरोप है कि जहां कहासुनी होने पर महिला के ससुराल वालों ने अशोक को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की तहरीर थाने में दी गई है।

### मारपीट के आरोप में पति सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव गरवारा निवासी तहसीन की पुत्री फलक नाज ने शनिवार को पति अनस, ससुर जामिन अली व चचेरे ससुर वारिस और हामिद के खिलाफ मारपीट करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई। कहा कि डेढ़ वर्ष पहले गांव के ही अनस के साथ शादी हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही अनस अपने पिता जामिन अली, वारिस व हामिद के साथ मिलकर गाली गलौज और मारपीट करने लगा था। अनस जलती सिगरेट फलक नाज के शरीर पर भी लगाता था। सोमवार को भी अनस ने अपने परिजनों के साथ मिलकर मारपीट व धमकी देते फलक नाज को घर से निकाल दिया।

## सार-संक्षेप



राहगीरों को शर्बत वितरित करते बजरंग दल कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### हनुमान चलीसा का पाठ कर किया शर्बत वितरण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के सीता रोड स्थित श्री रघुनाथ आश्रम के सामने हनुमान मंदिर पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने धर्म जागृति व सनातन के विस्तार हेतु हनुमान चालीसा पाठ कर शर्बत वितरण किया। इस अवसर पर जिला सत्संग प्रमुख आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा ने हनुमान जी का पूजन किया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म तथा राष्ट्र रक्षा के लिए विश्व हिन्दू परिषद व बंजरग दल निष्ठा से कार्य करता है और करता रहेगा। बजरंग दल के जिला सह संयोजक शशांक वार्ष्णेय ने कहा कि बजरंग दल सेवा सुरक्षा व संस्कार का कार्य करता है। उसके पश्चात संगठन के कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ और सेवा के भाव से शर्बत वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रियदर्शन उपाध्याय, अभिषेक उपाध्याय, प्रभव उपाध्याय, प्रियंक अग्रवाल, उत्कर्ष मिश्रा, दीपक शर्मा, आर्यन, दिनेश कुशवाहा, नवल सैनी आदि उपस्थित रहे।



वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### शिविर में वृद्धजनों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** आराध्या वूमेन एण्ड वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से कैथल गेट रामबाग रोड स्थित आवासीय वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लखनऊ से आए डॉ. सोमनाथ लोगानी के निर्देशन में चेकअप कैंप एवं दवाई वितरण कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम स्व. सुभाष चंद्र लोगानी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रामधुन गीत के साथ किया गया। कैंप में बीपी, शुगर, जोड़ों का दर्द, खांसी, बुखार, सांस की तकलीफ, यूरिनल इन्फेक्शन, पेट संबंधित, उल्टी, दस्त, जैसी बीमारियों की जांच कर दवाई वितरित की गई। समिति की सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि वृद्धावस्था जीवन की अनिवार्य प्रक्रिया है। वृद्ध जन को हमारे समय, प्रेम और अपनत्व की आवश्यकता है। बुजुर्गों के पास संपूर्ण जीवन के अच्छे और बुरे अनुभव हैं। यह अनुभव आज की युवा पीढ़ी को नया मार्ग दिखा सकते हैं। उज्जवल भविष्य हेतु प्रेरणा दे सकते हैं। वृद्धावस्था की सबसे मुख्य समस्या स्वास्थ्य सेवाओं की कमी होती है तथा इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए इस शिविर का आयोजन किया गया है। एसोसिएशन की अध्यक्ष पूनम अरोड़ा ने कहा यह समिति सेवा कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहती है। इस कैंप के माध्यम से हमने 53 वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच कराई तथा दवाइयां वितरित कराईं। कार्यक्रम में अनु गांधी, योग्यता कोहली, मीनू आहूजा, विवेक कुमार, नीरज मिश्रा, सोनू सिंह वृद्धा आश्रम कमेटी का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# कबीरदास के विचारों का आज भी बड़ा महत्व

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचारः** केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा मंत्री ने बबराला में महान समाज सुधारक संत शिरोमणि कबीरदास की 647 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि कबीर दास के विचारों पर अमल से इंसान का जीवन बदल जाता है। उनके विचारों का आज भी बड़ा महत्व है।

मंत्री बनने के बाद पहली बार शनिवार को बबराला पहुंचे बीएल वर्मा ने नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में कबीर दास के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। उनके साथ तमाम लोगों ने भी कबीरदास के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कहा



केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा का स्वागत करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- **केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कार्यक्रम में की सहभागिता**

कि संत कबीरदास के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उनके विचारों को आत्मसात कर मनुष्य अपने जीवन में सफल हो सकता है। कबीर दास ने अपनी प्रसिद्ध रचना कबीर अमृतवाणी के माध्यम से लोगों को जीवन का मुख्य उद्देश्य बताया है। समाज के अंधविश्वास, रूढ़िवाद, पाखण्ड का घोर विरोध किया। उन्होंने उस काल में भारतीय समाज में विभिन्न धर्मों और समाज के मेलजोल का मार्ग दिखाया। हिंदू, इस्लाम सभी धर्मों में व्याप्त कुरीतियों और पाखंडों पर कड़ा प्रहार किया। इससे पहले बबराला में भाजपाइयों ने जगह जगह केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। नगर के प्रवेश द्वार अनूपशहर रोड पर भाजपा नेता ब्रजेश शर्मा और विजय शर्मा के नेतृत्व में पार्टी जनों ने फूल मालाएं पहना कर स्वागत किया। इसके बाद राज्यमंत्री भाजपा के क्षेत्रीय संयोजक नवलेश वार्ष्णेय के आवास पर पहुंचे।

पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव के आवास पर भोजन के बाद उझानी प्रस्थान कर गए।

### बच्चों को बचाने में टेंपो पलटा, छह लोग घायल

**चन्दौसी, अमृत विचारः** बहजोई रोड पर गांव आटा के निकट साइकिल सवार बच्चों को बचाने के प्रयास में टेंपो पलट गया। हादसे में बालक सहित छह लोग घायल हो गए।

शनिवार की सुबह 11 बजे बहजोई से एक टेंपो चन्दौसी आ रहा था। जब टेंपो बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव आटा के निकट पहुंचा, तो आगे चल रहे साइकिल सवार बच्चों को बचाने के प्रयास में टेंपो सड़क पर पलट गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और टेंपो में बैठे यात्रियों को बाहर निकाला।

घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जिसमें शहनाज, उसके पांच वर्षीय पुत्र हिमाइल व बहन फहमीदा निवासी राजा का मझोला, क्रब सिंह, उसकी पत्नी सीमा निवासी गांव असालतपुर जारई, सुरेश राघव निवासी शक्ति नगर घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने महेश को हायर सेंटर रेफर कर दिया।



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का सदस्यता अभियान कल से

कार्यालय संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक शनिवार को जैन पैलेस में जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। !

जिलाध्यक्ष ने कहा कि 2024 - 2027 के लिए सदयस्ता अभियान जनपद में 24 जून से शुरु किया जाएगा। इसके बाद जिला, नगर, युवा जिला, युवा नगर व महिला इकाइयों के चुनाव समस्त नगरों में कराये जाएंगे। चुनाव की प्रक्रिया चन्दौसी, बहजोई, सम्भल, सरायतरीन, बबराला, गुन्नौर के अतिरिक्त प्रमुख देहातों में भी कराई जाएगी। तीन वर्ष की सदस्यता के लिए चन्दौसी में सुधीर अग्रवाल, मनोज वार्ष्णेय, शीनू गुप्ता व युवराज को प्रमुख बनाया गया है। साथ ही बहजोई में अजय कुमार, बबराला में राकेश कुमार, सरायतरीन में कमल कौशल व सम्भल में दीपक कुमार को सदस्यता प्रमुख बनाया गया है।

# तेज धूप में बाहर निकलने से आंखों में फैल रहा इंफेक्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- **सीएचसी में रोजाना 200 से अधिक आंखों की हो रही जांच**
- **चिकित्सक धूप व लू में चश्मा लगाकर घर से निकलने की दे रहे सलाह**

**अमृत विचारः** गर्मी के साथ तेज धूप व लू लोगों की आंखों पर कहर ढा रही है। धूल भरी लू चलने पर मिट्टी आंखों में जाने से जलन मचने के साथ इंफेक्शन फैलना शुरू हो गया है।

दोपहर के समय तेज हवा चलने पर धूल राहगीरों की आंखों में पहुंच रही है। जिससे आंखों में खुजली मचने के साथ जलन व इंफेक्शन होना शुरू हो गया है। इससे काफी लोग प्रभावित हैं। अपनी आंखों का उपचार कराने लोग सीएचसी पहुंच रहे हैं। रोजाना 200 से अधिक मरीज आंखों का उपचार करा रहे हैं। वहीं चिकित्सक भी मरीजों से धूप व लू में घर से बाहर निकलते समय काला चश्मा आवश्य लगाने की बात कह रहे हैं। ताकि आंखों को सुरक्षित रखा जा सके और धूल आंखों में नहीं पहुंच सके।



सीएचसी में आंखों की जांच के लिए अपनी बारी का इंतजार करते मरीज।

> इस समय तेज धूप के साथ लू चल रही है। जिससे धूल राहगीरों की आंखों गिर जाती है। जिससे आंखों में इंफेक्शन फैल रहा है। इससे बचने से लिए घर से काला चश्मा लगाकर ही निकले।
>
> -डॉ. हरवेंदर सिंह, प्रभारी, सीएचसी

### श्री गुरु हरगोविंद सिंह का प्रकाश पर्व मनाया

**संभल, अमृत विचारः** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में सिख धर्म के छठे गुरु श्री गुरु हरगोविंद सिंह साहब का प्रकाश पर्व बड़े ही श्रद्धा व भक्ति भावना से मनाया गया। सुबह को सुखमनी साहब के पाठ के बाद महान कीर्तन दरबार सजाया गया।

कीर्तन दरबार में गुरजीत सिंह, गुरमीत सिंह व साथियों ने कीर्तन कथा से संतों को निहाल कर दिया। महिला सुखमनी समिति की ओर से बीवी सुखविंदर कौर, बीवी जगजीत कौर ने मनोहरी कीर्तन द्वारा समा बांध दिया। कहा गया कि गुरु हरगोविंद महाराज ने शस्त्र कृपाण उठाकर जुल्म के खिलाफ युद्ध किया। 52 पहाड़ी राजाओं को मुगल शासन से मुक्त कराया। अन्याय के खिलाफ युद्ध किया व सत्य की विजय कराई। सेवादारों में हरदीप सिंह, हरज्ञान सिंह, धर्म सिंह, ओमप्रकाश, गंगा, विशन, गुरविंदर सिंह, सुरजीत सिंह, प्रताप सिंह, अजीत सिंह, बलविंदर सिंह, गुरजीत सिंह, रामकिशन आदि रहे।

# पेयजल व सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग

कर्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** बारिश का मौसम आने वाला है। शहर की सफाई व पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग को लेकर ऑल इंडिया पसमांदा समाज के लोगों ने शनिवार को पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा।

ऑल इंडिया पसमांदा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष शाह अलम मंसूरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय से पालिका के अस्थाई कार्यालय गांधी पार्क में मिला और ज्ञापन सौंप कर नगर की सफाई व पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग उठाई। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि सीकरी गेट पंजाबियान मोहल्ले में सफाई कर्मी झाड़ू तक लगाने नहीं आते। नालियां उफन रहीं हैं। बारिश का मौसम दस्तक देने जा रहा है। जिससे सबसे ज्यादा जल भराव सीकरी गेट में होता है जिससे लोगों के घरों में पानी भर जाता है। पालिका के



पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते पसमांदा समाज के लोग। ● अमृत विचार

- **ऑल इंडिया पसमांदा समाज के लोगों ने पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय को सौंपा ज्ञापन**

सफाई कर्मियों से बार-बार कहने के बावजूद नालियों की सफाई नहीं की जाती है। पालिकाध्यक्ष ने मौके पर सफाई इंस्पेक्टर प्रियंका सिंह को बुलाकर तत्काल समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा मोहल्ला कागजी के नागरिकों ने जल निगम द्वारा जगह-जगह पानी की पाइपलाइन फटने की शिकायत की। जिससे लोगों के घरों में नालियों का गंदा पानी टोंटियों के जरिए से आ रहा है। जिससे बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है। इस मौके पर उमेर शमसी, मोहम्मद खालिद, अमान शमशी, इमरान, नजर मोहम्मद, अता उर रहमान पाशा, अब्दुल वहाब, मोहम्मद अफजल, अदनान आदि उपस्थित रहे।

**अनदेखी** | ब्लॉक बनियाखेड़ा के गांव फरीदपुर खास में गंदगी से उठ रही बदबू

# गांव के मुख्य मार्ग पर जलभराव के साथ फैला कीचड़

कार्यालय संवाददादाता, चन्दौसी/बनियाठेर

**अमृत विचारः** ब्लॉक बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत फरीदपुर खास में मुख्य मार्ग की सड़क दस वर्षों से जर्जर हालत में है। इतना ही नहीं सड़क पर जलभराव के साथ कीचड़ पसरी है। बारिश का मौसम आने वाला है। ऐसे में ग्रामीणों को जहां गांव से बाहर आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बारिश शुरू होने पर संक्रामक बीमारियों के फैलने का भय बना हुआ है। शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा। गुस्साए ग्रामीणों ने शनिवार को प्रदर्शन कर खण्ड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा और समस्या के समाधान की मांग की।

ग्राम पंचायत फरीदपुर खास में भारत सिंह के घर से लेकर भजन पाल के घेर तक गांव का मुख्य मार्ग है। जिसमें पसरी गंदगी और जल भराव से लोग परेशान हैं। आलम यह है कि यहां के लोगों का घर से निकलना दुश्वार हो गया है। आए दिन जलभराव में गिर कर महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चे गिर कर चोटिल हो जाते हैं। कई बार ग्राम प्रधान व सचिव समेत अधिकारियों से शिकायत की लेकिन हर बार आश्वासन ही मिलता रहा। समस्या का समाधान नहीं हो सका। शनिवार को भी ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

- **ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, ब्लॉक अधिकारियों को सौंपा शिकायती पत्र**



गांव फरीदपुर खास में जलभराव से होकर गुजरती महिलाएं। ● अमृत विचार

> फरीदपुर खास में मुख्य मार्ग पर जलभराव की समस्या का मामला संज्ञान नहीं आया। फिलहाल ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव से इसकी जानकारी की जाएगी और शीघ्र ही समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।
>
> -नीरज कुमार, एडीओ पंचायत



> मेरा घर इसी मार्ग पर है। घर के बाहर ही गंदा पानी जमा रहता है। जिससे बदबू फैलती है और घर के आंगन में भी बैठना दुश्वार हो गया है।
>
> -नीरज, गृहिणी



> मेरा भी घर इसी मार्ग पर है। जलभराव से जाने में परेशानी होती है। पत्थर डाल कर किसी तरह निकलने का प्रयास किया जाता है। कई बार चोट भी लग चुकी है।
>
> -मालदीव, गृहिणी



> बारिश का मौसम है। मच्छर भी पनप रहे हैं। शाम होते ही मच्छर घर में ठहरना दुश्वार कर देते हैं। संक्रामक बीमारियों के फैलने का भय बना हुआ है। समस्या से निजात दिलाई जाए।
>
> -भगवानदास, ग्रामीण



> ये समस्या करीब 10 वर्ष से यथावत है। कई बार ग्राम प्रधान, सचिव व संबन्धित अधिकारियों से शिकायत की गई। हर बार आश्वासन तो मिला लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका।
>
> -पुष्पेंद्र सिंह, ग्रामीण

# जलनिगम के गड्ढे में गिरा ट्रक का पहिया, पाइप लाइन टूटी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** लाठी बाजार में शनिवार की सुबह छह बजे जलनिगम द्वारा सड़क पर खोदे गए गड्ढे में उड़द की दाल से भरे ट्रक का पहिया घुस गया। जिससे पाइप लाइन टूट गई और पानी बहना शुरू हो गया। सुबह आठ बजे जेसीबी से ट्रक को गड्ढे से निकाला गया। उसके बाद पाइप लाइन जोड़ी गई। पानी बहने से सड़क पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

शनिवार की सुबह छह बजे एक व्यापारी के प्रतिष्ठान पर उड़द की दाल से भरा ट्रक जा रहा था। ट्रक संभल गेट होते हुए लाठी बाजार पहुंचा तो सड़क पर जलनिगम की पाइप लाइन जोड़ने को किए गए गड्ढे में ट्रक का पिछला पहिया गिर गया। जिससे पहिया पूरी तरह गड्ढे में बैठ गया और ट्रक एक ओर झुक गया। हादसा न हो इसलिए आसपास के



चन्दौसी के हुसैनी बाजार में जलनिगम के गड्ढे में फंसा ट्रक। ● अमृत विचार

लोगों ने बल्लियां लगाकर ट्रक को पलटने से रोका। ट्रक का पहिया गड्ढे में जाने से पाइप लाइट फट गई और पानी बहना शुरू हो गया। लोगों की मदद से जेसीबी को बुलाया गया। सुबह आठ बजे पहुंची जेसीबी ने ट्रक के पहिया को गड्ढे से निकाला। इसके बाद पाइप लाइन दुरुस्त की गई। पानी बहने से सड़क पर दूर-दूर तक जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# योग आत्मबोध का दर्शन



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, “हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापिस बुलाते हैं।” सभी 6 मंत्रों के अंत में ‘तन्मे मन : शिव संकल्पम अस्तु’ जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है।

योग आश्चर्यजनक है। इसके परिणाम गणित के सूत्रों जैसे सत्य सिद्ध हैं। यह भारत का प्राचीन विज्ञान है। षड्दर्शन में योग भी है। इसकी स्वीकृति अंतर्राष्ट्रीय है। दो दिन पहले 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस था। योग दिवस में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया है। भारत के सभी क्षेत्रों राज्यों में योग दिवस के आयोजन हुए हैं। अस्तित्व महाऊर्जा से भरा पूरा है। योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसका उल्लेख ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत हैं। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है। मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर ‘मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन’ पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। इस किताब में योग के बारे में लिखा है, “शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी।” मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज ऋग्वेद के रचनाकाल से ही योग से परिचित थे।

मनुष्य चित्त चंचल है। चंचलता दुख, सुख, विषाद व अवसाद लाती है। योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, “जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं।” मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इन्द्र से कहते हैं, “आपका मन हमारी ओर हो। (8.45.6) वैदिक देव इन्द्र योग के विज्ञ थे। इन्द्र की प्रशंसा में कहते हैं, “आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया।” सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, “आनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे।” मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिककाल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। उन्होंने ही ‘योगसूत्र’ नामक महान ग्रंथ लिखा है।


भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख दुख का कारण माना है। सिग्मंड फ्रायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया-योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता। चित्त मनुष्य शरीर का अति सूक्ष्मतम अदृश्य भाग है। मन और शरीर मिले हुए हैं। मन खराब हो तो शरीर कष्ट पाता है। शरीर में चोट हो तो मन दुखी होता है। अपमान का अनुभव मन पर होता है। ताप शरीर पर होता है। एकाग्र मन आनंद का स्रोत है।

मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, “हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापिस बुलाते हैं।” सभी 6 मंत्रों के अंत में ‘तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु’ जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है। एकाग्रता की प्राप्ति योगाभ्यास से होती है। मन के साथ शरीर भी स्वयं में स्थिर होता है। स्वयं में स्थिर होना स्वस्थ होना है। पतंजलि के सूत्र संक्षिप्त हैं। कहीं कहीं एक ही शब्द का वाक्य है। वे आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध कराते हैं। आसन और प्राणायाम सरल शब्द हैं। ध्यान और समाधि कठिन है। ध्यान एकाग्रता है। पतंजलि के अनुसार ध्यान का केन्द्र केवल उपकरण है। उपकरण कार्यसिद्धि में सहायक हैं। योगसूत्र में प्रीतिकर विषय पर ध्यान के विकल्प हैं। योगसूत्र (समाधिपाद 39) में कहते हैं, “यथाभिमतध्याना द्वा-जिसकी जैसी इच्छा हो उस केन्द्र पर ध्यान करे। फिर कहते हैं अथवा ईश्वर पर प्राण-ध्यान लगाएं-ईश्वर प्रणिधाना द्वा (वही 23) पतंजलि के सूत्रों में ईश्वर पर ध्यान एक विकल्प है। पतंजलि का ईश्वर सामान्य ईश्वर नहीं है। वे ईश्वर की परिभाषा भी बताते हैं, “क्लेश, कर्म, कर्मफल और वासना से असम्बद्ध चेतना विशेष ईश्वर है (वही 24)। आगे कहते हैं, “समय के पार होने के कारण वह गुरुओं का गुरु है।” योग सिद्धि में समय नहीं होता। समय शून्यता के बोध में दुख या सुख नहीं होता। इस परिभाषा के अनुसार कोई भी योग के माध्यम से ईश्वर जैसा हो सकता है।

योग आनंद का सागर है। योग सिद्ध स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। उसके चित्त से सृजन फूटते हैं। योग सिद्धि के लगातार अभ्यास जरूरी है। उपलब्धि प्राप्ति के प्रति अनासक्ति से योग के लाभ मिलते हैं। पतंजलि ने स्वयं कहा है कि “जिनके प्रयास मृदु या मध्यम होते हैं। उन्हें योग के लाभ उसी मात्रा व समय में मिलते हैं। जिनके प्रयास तीव्र होते हैं उन्हें योग का फल तत्काल मिलता है।” पतंजलि ने योग सिद्ध बुद्धि के लिए ऋतम्भरा शब्द का प्रयोग किया है-ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा। ऋतं शब्द पहली बार ऋग्वेद में आया है। इसका अर्थ अस्तित्व का संविधान है। ऋतम्भरा साधारण बुद्धि नहीं है। एक बुद्धि मनुष्य की होती है। एक बुद्धि समूचे ब्रह्माण्ड की होती है। ऋतम्भरा पूरे ब्रह्माण्ड की बुद्धि है। फिर समाधि की चर्चा है। और अंततः कैवल्य की। योग दर्शन सत्य के द्वार खोलता है। योग से तमाम बीमारियों के उपचार भी होते हैं। लेकिन ऐसे उपचार योग के प्राथमिक चरण में ही पूरे हो जाते हैं। असली बात है कैवल्य या निर्बीज समाधि। तब योगी संसार में रहते, चलते, उठते, बैठते सभी अवस्थाओं में निस्पृह और निष्काम रहता है। योग विज्ञान भारतीय दर्शन का प्रतिष्ठित अंग है।

भारतीय राष्ट्र जीवन में योग यत्र तत्र सर्वत्र है। बिना प्रयास किसी का मिलना जुड़ना संयोग है। अलग हो जाना वियोग है। सहायक बना लेने का ज्ञान उपयोग हैं। आरोपित करना अभियोग है। वस्तुओं का उत्पादन करना उद्योग है। शक्ति का गलत प्रयोग दुरूपयोग है। शक्ति का प्रतिस्पर्धी प्रयोग प्रतियोग है। प्रतियोगिता शब्द इसी से बना है। ज्ञान को साधना का उपकरण बनाना ज्ञान योग है। भक्ति मार्ग भक्ति योग है। कर्म प्रधानता कर्म योग है। संसार को माया और ब्रह्म को वास्तविक जानना सन्यास योग है। ज्योतिष में गृह स्थितियों की अनुकूलता संयोग है। गणित में अंकों का जोड़ भी योग है। योग जोड़ने का विज्ञान है। आत्मबोध का दर्शन है। यह अंधविश्वास नहीं है।

# विज्ञान और दार्शनिक पक्ष



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दारा शिकोह ने शाहजहां के दरबारी संस्कृत कवि पंडितराज जगन्नाथ के मार्गदर्शन में और बनारस के कई अन्य पंडितों की सहायता से 50 उपनिषदों का फारसी में ‘सिर्र-ए-अकबर’ (सबसे बड़ा रहस्य) के नाम से स्वयं अनुवाद किया था।

एक फ्रांसीसी विद्वान एक्वेटिक डु पेरां द्वारा फारसी से लैटिन में किए गए इसके अनुवाद से यूरोप उपनिषदों के ज्ञान से परिचित हुआ और शापेनहावर जैसे जर्मन दार्शनिक इस ज्ञान की अप्रतिम सूक्ष्मता और निरपेक्ष सत्य के प्रति इसके उत्कट आग्रह से प्रभावित हुए। संस्कृत से सीधे यूरोपीय भाषाओं में अनुवाद बहुत बाद में हुआ।

आर्थर शापेनहावर ने अपनी विश्व प्रसिद्ध पुस्तक ‘द वर्ल्ड एज विल एंड रेप्रज़ेंटैशन’ (जर्मन से अंग्रेजी में अनूदित नाम) में स्वीकार किया है कि भारत के ऋषियों ने शायद सत्य को पहचान लिया था। दारा शिकोह की दुर्लभ फारसी पुस्तक सिर्र-ए-अकबर इलाहाबाद विवि के इतिहास विभाग के प्रोफेसर ताराचंद (1888-1973) द्वारा अंग्रेजी में लिखित 49 पृष्ठों की भूमिका के साथ प्रकाशित हुई थी जिसे प्रोफेसर ताराचंद ने अपनी ईरान यात्रा के दौरान ईरान के तत्कालीन शाह-मोहम्मद रजा शाह पहलवी को भेंट किया था।

शापेनहावर के माध्यम से ही भौतिकी में नोबल पुरस्कार से सम्मानित आइरिश ऑस्ट्रियाई भौतिकशास्त्री एरविन श्रोडिन्गर (अर्विन श्रोडिन्गर, 1887-1961) उपनिषदों और भारतीय वेदांत दर्शन से परिचित हुए थे।

अद्वैत वेदांत के अनुसार परम या विश्व चेतना ही सृष्टि का आदि कारण है और कार्य कारण संबंध से समस्त सृष्टि में व्याप्त है। नानारूप वस्तुजगत उसी विश्व चेतना का अध्यास है। वही विश्व चेतना हर मनुष्य की चेतना में प्रतिबिंबित है। अर्विन श्रोडिन्गर क्वांटम भौतिकी के पाश्चात्य वैज्ञानिकों के उस समूह का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने क्वांटम भौतिकी की बोधगम्यता के लिए मानव चेतना की समांतर वास्तविकता को अकाट्य पाया और भारतीय उपनिषदों के ज्ञान का उल्लेख करते हुए उसमें निहित चेतना और पदार्थ के अद्वैत के प्रति आदर व्यक्त किया।

श्रोन्दिगर ने 1922 में लिखे अपने एक शोधपत्र में वर्णक्रमीय रेखाओं के संदर्भ में सापेक्षी डॉप्लर प्रभाव (जब इलेक्ट्रॉन-तरंग का निरीक्षक उसके स्रोत की ओर बढ़ता है तो उसी के सापेक्ष तरंग की आवृत्ति भी बढ़ती जाती है) पर एक समीकरण विकसित किया। अपनी प्रसिद्ध पुस्तक ‘जीवन क्या है?’ में श्रोन्दिगर ने आनुवंशिकी और जैवीय परिघटना को भौतिकशास्त्र की दृष्टि से परखा और विज्ञान के दार्शनिक पक्ष पर विचार करते हुए, पौर्वात्य दार्शनिक एवं नैतिक अवधारणाओं को स्वीकार्य पाया।

श्रोडिन्गर ने मस्तिष्क और पदार्थ विषय पर दिए गए अपने एक व्याख्यान में कहा, “स्थान और समय के आरपार फैला संसार हमारी ही अनुकृति है (यथा पिंडे तथा ब्रह्माण्डे?) यदि संसार वस्तुतः हमारे निरीक्षण कर्म पर आधारित है तो अरबों संसार होने चाहिए हम सब का एक-एक संसार, लेकिन ऐसा कैसे हुआ कि हमारा और आपका संसार वही है, एक ही है, वह क्या है जो इन सभी संसारों को एक-दूसरे के समतुल्य बनाता है?” इसी के साथ श्रोडिन्गर ने औपनिषद महावाक्य ‘तत्वमसि’ के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। श्रोडिन्गर का निष्कर्ष था-“चेतना की व्याख्या भौतिक शब्दावली में नहीं हो सकती, क्योंकि चेतना निरपेक्ष रूप से मूलभूत सत्ता है। किसी भी इतर संदर्भ से इसकी व्याख्या नहीं हो सकती।”

पता नहीं, भारत को विश्वगुरु सिद्ध करने को बेताब हमारे वर्तमान पुरोधाओं को आर्थर शापेनहावर के माध्यम से अर्विन श्रोडिन्गर को प्राप्त उपनिषद ज्ञान और क्वांटम भौतिकी की अद्यतन खोजों में उसकी प्रासंगिकता का कुछ इल्म है या नहीं!

# नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुत्थान के मायने



प्रो. महेश चंद गुप्ता
दिल्ली

> दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया सहित दुनियाभर के विद्वानों को आकर्षित किया। नालंदा में चिकित्सा, आयुर्वेद, बौद्ध धर्म, गणित, व्याकरण, खगोल विज्ञान और भारतीय दर्शन जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। भारतीय गणित के प्रणेता और शून्य के आविष्कारक आर्यभट्ट छठी शताब्दी ईसवी के दौरान नालंदा के प्रतिष्ठित शिक्षकों में से एक रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया है। इसी के साथ सदियों के बाद नालंदा विश्वविद्यालय पूरे विश्व में ज्ञान के प्रसार के लिए उठ खड़ा हुआ है। 455 एकड़ में 1749 करोड़ की लागत से बना नालंदा का नया परिसर केवल कंकरीट की एक इमारत भर नहीं है, बल्कि इस इमारत के निर्माण से हमारे देश का गौरवशाली इतिहास पुनर्जीवित हुआ है। यह भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ा एक महत्वपूर्ण कदम है जिसके जरिए समूची दुनिया में ज्ञान की अलख जगाने के साथ-साथ एक नया इतिहास रचा जाना तय हो गया है।

सदियों पहले समूचे विश्व के लिए ज्ञान का सागर बने जिस नालंदा को आक्रांताओं ने जलाकर खाक और तहस-नहस कर दिया था, उसका पुनरुत्थान एक बहुत बड़ा और युगांतकारी कदम है। नालंदा में प्राचीन विश्वविद्यालय के खंडहरों के पास नई इमारत की तामीर हमें गौरवान्वित कर रही है। वैसे तो इमारतें रोज बनती हैं, मगर नालंदा में यह नव निर्माण अनूठा है, देश के लिए गर्व का विषय है। नालंदा में मोदी ने कहा भी है कि ‘‘मैं नालंदा को भारत की विकास यात्रा के लिए एक शुभ संकेत के रूप में देखता हूं। नालंदा केवल नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, नालंदा मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा है उद्घोष इस सत्य का कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। नालंदा के ध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था। अब इसकी पुनर्स्थापना भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रही है।’’ नालंदा में लगाई गई आग किसी इमारत, पुस्तकालय को नष्ट करने का नहीं, बल्कि भारत के गौरव को आहत करने का प्रयास था, क्योंकि प्राचीन मगध साम्राज्य (आधुनिक बिहार) में 5 वीं शताब्दी ई. में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय का नाम समूची दुनिया में था। इसमें दुनिया भर के दस हजार विद्यार्थी पढ़ते थे।

दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया सहित दुनियाभर के विद्वानों को आकर्षित किया। नालंदा में चिकित्सा, आयुर्वेद, बौद्ध धर्म, गणित, व्याकरण, खगोल विज्ञान और भारतीय दर्शन जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। भारतीय गणित के प्रणेता और शून्य के आविष्कारक आर्यभट्ट छठी शताब्दी ईसवी के दौरान नालंदा के प्रतिष्ठित शिक्षकों में से एक रहे। इतिहासकारों के अनुसार सदियों पहले नालंदा में दाखिला आसान नहीं था। यहां प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को कठिन साक्षात्कार प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। यह सब इतना वैभवशाली था, जो आसुरी शक्तियों और विनाशकारी सोच वालों से देखा नहीं जा रहा था। आसुरी शक्तियों ने समय-समय पर हमारे वैभव को मिटा कर हमें निराश, हताश और आहत करने के लिए प्रयास किए। अतीत में समय चक्र कुछ ऐसे चला जिससे आसुरी शक्तियां हावी हो गईं। विदेशी आक्रांताओं की वजह से एक लंबे कालखंड तक देश में प्रतिकूल हालात बने रहे। आक्रांताओं ने हमारे नालंदा जैसे विशाल भवन नष्ट कर दिए।

हमारे अस्तित्व के खात्मे की कोशिशें की गईं, मगर वह ज्ञान को भला किस प्रकार मिटा पाते। उस ज्ञान को कैसे मिटाते, जो हमारे सहज स्वभाव में है। वक्ती तौर पर भवनों को ढहा देने वाले आक्रांता खुश होकर चले गए, लेकिन जिस प्रकार काले बादलों का अंधेरा छंटने पर सूर्य की सप्त रश्मियां वातावरण को फिर से जगमग कर देती हैं, उसी प्रकार राष्ट्रीय महत्व के संस्थान और उत्कृष्टता के रूप में नामित नालंदा विश्वविद्यालय से पुनः शिक्षा का उजियारा फूटना शुरू हो गया है। मैं चार दशक से ज्यादा समय दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर रहा हूं। एक शिक्षक के रूप में लंबे अनुभव की बदौलत मेरी यह मान्यता है कि शिक्षा और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। शिक्षा की सीढ़ी पर चढ़कर ही विकास की प्रत्येक मंजिल पर पहुंचा जा सकता है।

यदि हम आजादी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश के रूप में देखना चाहते हैं तो यह शिक्षा की बदौलत ही संभव है, लेकिन यह इतना सरल और सहज नहीं है। इसके लिए देश के विश्वविद्यालयों के लिए जमकर काम करना होगा। सरकारी विश्वविद्यालयों को ऊर्जावान बनाना होगा। सभी राज्यों को अपने-अपने विश्वविद्यालयों का ढांचा मजबूत करने के लिए होड़ लगानी पड़ेगी। अभी देश में प्राथमिक शिक्षा से लेकर स्नातकोत्तर तक शिक्षा और सरकारी विश्वविद्यालयों की जो हालत है, वह बेहद चिंताजनक हैं। आजादी के बाद सत्तर सालों में शिक्षा को नजरअंदाज ही किया गया है। बजट में शिक्षा के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं किए गए। इसी कारण हमारे सरकारी विश्वविद्यालय और अन्य उच्चतर संस्थान पिछड़ गए। हमारे देश में निजी विश्वविद्यालय निरंतर विस्तार कर रहे हैं, पैसा कमा रहे हैं, लेकिन इसके विपरीत यूजीसी की फंडिंग वाले विश्वविद्यालय पिछड़ रहे हैं।

हमारे ज्यादातर विश्वविद्यालयों का बुनियादी ढांचा मजबूत नहीं है। उनमें विश्व स्तरीय स्मार्ट क्लास रूम का अभाव है। अच्छे ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, एकेडमिक ब्लॉक्स और बेहतरीन लैब की कमी खलती है, जो भारत प्राचीन काल में समूचे विश्व में शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था, जिस भारत में उच्च शिक्षा के दुनिया के पहले विश्वविद्यालयों में शामिल सर्वाधिक महत्वपूर्ण और विख्यात नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, उस भारत में विश्वविद्यालयों की मौजूदा स्थिति विचारणीय है। इस वजह से देश में उच्च शिक्षा गुणवत्ता के लिहाज से पिछड़ रही है। धनवान लोगों के बच्चे तो उच्च शिक्षा के लिए विदेश चले जाते हैं और वहीं करियर बनाकर बस भी जाते हैं। आम लोगों के बच्चे निजी विश्वविद्यालयों में शोषण झेल रहे हैं। यूजीसी फंडिंग वाले विश्वविद्यालयों की स्थिति सुधारी जाए तो हालात बदले जा सकते हैं। ऐसा तभी संभव है, जब हम हमारे विश्वविद्यालयों को विश्व रैंकिंग में लाएंगे। उन्हें बड़ा ब्रांड बनाने की दिशा में काम करेंगे।

## जनता को भी मिले बैंकों के लाभ का फायदा



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

विगत कुछ वर्षों से सार्वजनिक बैंको ने काफी अच्छा लाभ कमाया है। वर्ष 2023-2024 के लाभ की बात की जाए तो सभी 12 राष्ट्रीकृत बैंकों ने 141203 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया है, जबकि विगत 2022-2023 में यह लाभ 104649 करोड़ था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि सरकार क्यों इनमें से कुछ बैंकों को निजी क्षेत्र में देने की सोच रही है? 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण की शुरुआत हुई थी, लेकिन विगत वर्षों में कुछ बैंको के विलय हो जाने से मात्र 12 ही राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं, जिन्हें आज भी नवरत्न कहना असंगत न होगा।

सरकार को अपनी सोच बदलकर न केवल इनका वर्तमान स्वरूप बनाए रखने की जरूरत है, बल्कि वर्तमान निजी बैंकों को भी राष्ट्रीयकृत घोषित करने की जरूरत है। आखिर जनता की जमा राशियों को सुरक्षित हाथों में रखने की भी जरूरत है।

सरकार को चाहिए कि वो इस बात को समझे कि जनता की निधि जनता के हितों और सामाजिक लाभ के लिए ही हो, न कि प्राइवेट लूट के लिए, आने वाले बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस पर यह मांग बैंक कर्मचारियों की ओर से उठने जा भी रही है। जब सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों ने आशा से अधिक लाभ कमा कर दिया है तो जनता पर लगाए गए अधिभारों जैसे एसएमएस चार्जेज, एटीएम से नकद निकासी चार्जेज, पासबुक, चेकबुक चार्जेज, नकदी जमा चार्जेज, को समाप्त करने, जमाराशियों पर ब्याज दरें बढ़ाने और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में ब्याज कम कर जनता को राहत दिए जाने का समय आ गया है। क्या हमारी यह सरकार इस पर विचार करेगी?

## सनातन सहिष्णुता



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

ओटीटी नेटफ्लिक्स पर आई महाराज फिल्म देखी। एक सत्य ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बावजूद यह प्रभावित नहीं करती। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जितनी स्वतंत्रता फिल्मकार हिन्दू धर्म की विकृतियों को उघाड़ने में लेते हैं, दूसरे धर्मों की नुक्ताचीनी में उनकी घिग्घी क्यों बंधी रहती है?

क्या यह हिन्दू धर्म की सनातन सहिष्णुता का नाजायज फायदा उठाना नहीं है? इस लिहाज से महाराज ओटीटी फिल्म को यदि वल्लभाचार्य संप्रदाय के अनुयायियों द्वारा अदालत में दी गई चुनौती कि उनकी भावनाओं को फिल्म द्वारा आहत किया गया है, उचित है अथवा अनुचित अदालत को फैसला करना है। महाराज से जुड़े अदालती मामले की विस्तृत जानकारी गूगल पर उपलब्ध है।

फिल्म 1862 की एक सच्ची घटना से संबंधित है जिसमें एक वैष्णवपंथी दुराचारी मठाधीश हवेली में चरणसेवा के नाम पर नारियों का दैहिक मानसिक शोषण करता रहता है और धर्म तथा परंपरा के नाम उसको उचित ठहराता है। नायक जब धर्म के नाम पर दुराचार का विरोध करता है और अपने पक्ष में जन जागरण करता है तो महाराज द्वारा अदालत में उसके विरुद्ध मानहानि का मुकदमा दायर किया जाता है। अंग्रेजी कोर्ट का फैसला महाराज के विरुद्ध आता है। फिल्म में महाराज के अभिनय के अलावा सभी दूसरे पात्र बहुत फीके हैं। संवाद प्रभावशाली हैं, पर उनकी अदायगी बेदम है। न भी देखेंगे तो चलेगा।

इसके साथ ही अन्नू कपूर की “हम दो हमारे बारह” भी अदालती प्रक्रिया से गुजरकर तनिक कतर ब्योंत के साथ रिलीज हो गई है जिस पर मुस्लिम समुदाय का एक बड़ा वर्ग आहत है। फिल्म अभी मैंने देखी नहीं इसलिए उस पर टिप्पणी करना मुनासिब नहीं है।

# उत्तराखंड में हादसों की सड़कें



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> देवभूमि में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का सबब हैं। सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सबसे पहले सभी सड़कों की हालातों को ठीक किया जाए। जिम्मेदार विभागों और अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए तथा लापरवाही पर सख्त सजा का प्रावधान हो। रात में वाहन चलाने पर तत्काल रोक लगा दी जानी चाहिए। हर सड़क पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के नाम और उनके फोन नंबर के डिस्प्ले होने चाहिए। हर माह सड़कों की मॉनिटरिंग हो तथा सड़क गड्ढा मुक्त हो।

पिछले कुछ महीनों से पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में सड़क दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं और खूनी सड़कें लगातार लोगों की जिंदगियां ले रही हैं। गत 15 जून को रुद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ हाईवे पर दिल्ली से आए एक टेंपो ट्रैवलर के अलकनंदा नदी में गिर जाने से पंद्रह लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना का कारण टेंपो ट्रैवलर के ड्राइवर को नींद आना बताया जा रहा है। झपकी आने के कारण ड्राइवर स्टेरिंग से नियंत्रण खो बैठा और टेंपो ट्रैवलर सीधे नदी में जा गिरा। लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं सड़क सुरक्षा पर कई प्रश्नचिन्ह खड़े कर रही है।

इस दुर्घटना के कुछ दिन बाद पौड़ी गढ़वाल जनपद में भी दो सड़क दुर्घटनाएं हुईं। खिरसू के पास एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं सतपुली में एक टाटा सुमो के खाई में गिरने से 10 लोग बुरी तरह घायल हो गए। इसके अतिरिक्त आए दिन पहाड़ में सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिल रही हैं।

इस समय उत्तराखंड में पर्यटन सीजन चल रहा है। सड़कों पर गाड़ियों की भरमार है। पर्यटन स्थलों और चार धामों जाती सड़कों पर लंबा जाम लग रहा है। ज्यादातर सड़क हादसे चालकों की लापरवाही से होते हैं। मैदानी सड़कों पर चलने वाले ड्राइवरों को पहाड़ की घुमावदार सड़कों पर वाहन चलाने का अनुभव नहीं होता। उन्हें सड़कों की स्थिति का पता नहीं होता कि कहां सड़कें संकरी हैं, कहां घुमावदार मोड़ है और कहां सीधी चढ़ाई या तीव्र ढलान। जरा सी लापरवाही हुई नहीं कि वाहन दुर्घटना का सबक बन जाता है।

नशे में गाड़ी चलाना भी सड़क दुर्घटना का एक प्रमुख कारण है। रात के समय अधिकांश ड्राइवर नशे में गाड़ी चलाते हुए पकड़े गए हैं। नशा और ऊपर से तेज गाड़ी चलाने के कारण भी दुर्घटनाएं होती हैं। पहले पहाड़ में रात के समय गाड़ी चलाना मना था, लेकिन अब नियमों में थोड़ी डील मिलने से ड्राइवर रात को भी धड़ल्ले से गाड़ी चला रहे हैं। नतीजन कई बार चालकों को झपकी आने से भी दुर्घटनाएं हो जाती हैं। रुद्रप्रयाग जनपद में हुई घटना के बाद प्रशासन ने रुद्रप्रयाग जिले में रात में वाहन चलाने पर रोक लगा दी है।

दूसरे कारणों में सड़कों की स्थिति और बनावट है। पहाड़ी इलाकों में खासकर संपर्क मार्गों की स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं हैं। लगातार होते भूस्खलनों के कारण भी सड़कों की स्थिति खराब है। कई जगहों पर सड़कें बहुत संकरी और टूटी हैं तो कहीं सड़कों में गड्ढे हैं। कहीं सड़क किनारे सुरक्षा के लिए लगाए गए पैराफिट ही नहीं हैं। इसके अतिरिक्त कई सड़कों में वर्षों से डामरीकरण नहीं हुआ है। दुर्घटना के लिए चाहे वाहन चालक की लापरवाही हो या सड़क की बदतर स्थिति, दोनों ही सूरत में जिम्मेदारी सरकारी विभागों की ही होती है, क्योंकि सड़क बनाना, वाहन की फिटनेस, सड़क नियमों का पालन कराना, वाहन चालकों को लाइसेंस देना, इन सब में सरकारी विभागों की ही भागीदारी और जिम्मेदारी है।

देवभूमि में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का सबब हैं। सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सबसे पहले सभी सड़कों को ठीक किया जाए। जिम्मेदार विभागों और अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए तथा लापरवाही पर सख्त सजा का प्रावधान हो। रात में वाहन चलाने पर तत्काल रोक लगा दी जानी चाहिए। हर सड़क पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के नाम और उनके फोन नंबर के डिस्प्ले होने चाहिए। हर माह सड़कों की मॉनिटरिंग हो तथा सड़क गड्ढा मुक्त हो। वाहन चालकों को जागरूक और प्रशिक्षित किए जाने की भी आवश्यकता है।

# परीक्षा में धांधली रोकने को कड़ाई जरूरी



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

> ऐसे में उन अभ्यर्थियों की हालत बड़ी खराब हो जाती हैं जिनके माता-पिता किसी प्रकार जमीन-जायदाद बेचकर या गिरवीं रखकर अपने बच्चों की कोचिंग फीस आदि की व्यवस्था करते हैं।

केंद्र तथा राज्य सरकारों की प्रतियोगी परीक्षाओं के लीक होने से चतुर्दिक अफरातफरी की स्थिति हो जाती है। इस वक्त तो केंद्र की नीट एवं यूजीसी नेट का मामला सामने है, लेकिन इसके पहले यूपी में कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए तथा पैसे के बल पर बेचे गए। इसका जबर्दस्त विरोध भी हुआ। हिंसक झड़पें हुईं। इसके अलावा विपरीत आर्थिक परिस्थितियों में अनेक अभ्यर्थियों ने आत्महत्याएं भी कर ली। यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है। उन अभ्यर्थियों की हालत बड़ी खराब हो जाती हैं जिनके माता-पिता किसी प्रकार जमीन जायदाद बेचकर या गिरवीं रखकर अपने बच्चों की कोचिंग फीस आदि की व्यवस्था करते हैं। जिन अभिभावकों के पास पर्याप्त धन है तो उनके ऊपर इस तरह का आर्थिक बोझ भले न पड़ता हो, लेकिन बच्चों पर विपरीत मानसिक दवाब पड़ता है। इसी में पैसे से सब कुछ हासिल करने वाले बच्चे और उनके अभिभावक लाखों रुपए तक खर्च कर एडवांस में पेपर प्राप्त कर लेते हैं। उनकी सेहत पर लीक से कोई असर नहीं पड़ता। अभी लोकसभा चुनाव के पूर्व यूपी में पुलिस परीक्षा का पेपर भी लीक हुआ। लीक पेपरों की प्रारंभिक जांच में इस तरह की बातें सामने आ रही हैं कि लीक करने वाले सामान्य स्तर के नहीं होते। मध्य प्रदेश के व्यापम मामले की याद ताजा होती रहती है।

पेपर सुचारु और पवित्र हो, इस दायित्व में फिलहाल सरकारी मशीनरी फेल दिखती है। स्मरणीय है कि लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों में भी बड़ी अव्यवस्था होती थी, लेकिन जब से अर्धसैनिक बलों की देखरेख में चुनाव की जिम्मेदारी आई तब से चुनावों में हिंसा, मारकाट एवं हानि बहुत कम हुई है। ऐसी स्थिति में यदि सरकारी तंत्र परीक्षा संपन्न कराने में असफल हो रहा है तो हर तरह की प्रतियोगी परीक्षा में भी अर्धसैनिक बलों का इस्तेमाल किया जाए। पेपर बनाने, परीक्षा कराने से लेकर रिजल्ट आउट होने तक सारा इंतजाम अर्धसैनिक बलों की निगरानी में किया जाए। केवल कुछ सख्त कानून से काम नहीं चलेगा, इसके लिए कड़ाई बरतने की भी जरूरत है।

## एक नजर

### ड्यूटी के लिए निकली नगर निगम की कर्मी लापता

काशीपुर, अमृत विचार : ड्यूटी के लिए घर से निकली नगर निगम की महिला कर्मी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। मोहल्ला कटरामालियान निवासी संदीप गोस्वामी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 18 जून की सुबह उसकी 58 वर्षीय माता कमलेश गोस्वामी रोजाना की भांति नगर निगम में ड्यूटी के लिए निकली थी लेकिन घर नहीं पहुंचीं।

### आंधी से बाइक पर गिरा खंभा, महिला की मौत

बदायूं,अमृत विचार : गांव नूरपुर निवासी खुशीना (40) बेटे यासीन के साथ खरीदारी करने के लिए बाइक पर बैठकर बाजार जा रही थीं। इसी दौरान तेज आंधी में पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए। इसी दौरान बिजली का एक खंभा उनकी बाइक पर गिर गया। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल लेकर गई। जहां चिकित्सक ने महिला की मौत की पुष्टि कर दी।

## सुबह 4 बजे भर्ती स्थल पर पहुंचना होगा, 8 सितंबर को होगी लिखित परीक्षा

# यूएचक्यू कोटा के तहत सेना भर्ती रैली एक जुलाई से

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मुरादाबाद, संभल, रामपुर ,बिजनौर, बरेली, बदायूं, बुलंदशहर,मुजफ्फर नगर के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली 5 जुलाई को

**अमृत विचार :** यूनिट हेड क्वाटर्स कोटा (यूएचक्यू) के तहत अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर ट्रेड्समैन, अग्निवीर खिलाड़ी और अग्निवीर लिपिक पदों की भर्ती रैली 1 से 8 जुलाई तक जाट रेजिमेंटल सेंटर (जेआरसी) में होगी।

सेंट्रल कमांड के पीआरओ शांतनु प्रताप सिंह के अनुसार यह भर्ती रैली युद्ध विधवाओं के पुत्रों, जाट रेजिमेंट के भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिकों, युद्ध के दौरान शहीद और घायल सैनिकों के पुत्र और सगे भाइयों के लिए आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त इस भर्ती रैली में अन्य रेजिमेंटों के भूतपूर्व, सेवारत सैनिक, युद्ध के दौरान घायल सैनिकों के भाई, पुत्र व कानूनी रूप से गोद लिए हुए बच्चों सहित सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी भाग ले सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रारंभिक जांच के लिए अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्रों के साथ सुबह 4 भर्ती स्थल जाट रेजिमेंटल सेंटर के जाट गेट पर पहुंचना होगा। सुबह 7 बजे के बाद आने वाले अभ्यर्थियों को भर्ती में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। विभिन्न प्रदेशों में अलग अलग तिथियों पर भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। 2 को हरियाणा और 6 जुलाई को राजस्थान के विभिन्न जनपदों के लिए भर्ती रैली आयोजित होगी। अभ्यर्थियों का चिकित्सकीय परीक्षण 2 जुलाई से होगा और लिखित परीक्षा 8 सितंबर को आयोजित की जाएगी।

### तिथिवार भर्ती रैली

- 1 जुलाई को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद के लिए उत्तराखंड और किसी भी राज्यों के अभ्यर्थियों के लिए (उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा को छोड़कर) जिन खिलाड़ियों को खेल परीक्षण के दौरान चयनित किया गया था।
- 4 जुलाई को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद के लिए आगरा, अलीगढ़, इलाहाबाद, अंबेडकर नगर, अमेठी , अमरोहा , औरैया, आजमगढ़, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जौनपुर, झांसी, कनौज, कानपुर नगर, कांशीराम नगर (कासगंज), कौशाम्बी, लखीमपुर खेरी, कुशीनगर, ललीतपुर, लखनऊ, महराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मेरठ, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, इटावा, फैजाबाद चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, इटावा, फैजाबाद, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गौतम बुद्ध नगर के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली आयोजित की जाएगी।
- 5 जुलाई को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद के लिए बागपत, बहराइच, बलिया, बलरामपूर, बांदा, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बदायूं, भदोही, बुलंदशहर, मिर्जापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फर नगर, जालौन, हापुड़, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रामपुर, रायबरेली, सहारनपुर, संत कबीर नगर, शाहजहांपुर, गाजियाबाद, गाजीपुर, मथुरा, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी, कानपुर देहात, बिजनौर और संभल के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली आयोजित होगी।
- 8 जुलाई को अग्निवीर ट्रेड्समैन पद के लिए सभी राज्यों के अभ्यर्थी रैली में भाग ले सकते हैं। अग्निवीर लिपिक पद के लिए सिर्फ जाट रेजिमेंट के लिए सभी राज्यों के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली आयोजित की जाएगी।

## सवारियों से भरी मारुति वैन तालाब में गिरी, वृद्ध की मौत

**शाहबाद, अमृत विचार:** रामपुर से शाहबाद के जाहिदपुर में रिश्तेदारी में बच्चे के जनाजे में शामिल होने आए लोगों की मारुति वैन बेक करते समय तालाब में गिर गई। हादसे से मौके पर चीख-पुकार मच गई। रिश्तेदारों ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से वैन में फंसे लोगों को निकाला। इस दौरान वैन में सवार बुजुर्ग को सांस लेने में तकलीफ होने लगी। इस पर उन्हें सीएचसी लाया गया।चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव जाहिदपुर निवासी जाहिद की पत्नी को दिन पहले बेटा हुआ था। हालत बिगड़ने पर उसे रामपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान पैदा हुए नवजात की मौत हो गई। जिसके जनाजे में शामिल होने के लिए भोट के इंड्रा से रिश्तेदार आए थे। उन्होंने अपनी मारुति वैन गांव के पास तालाब किनारे खड़ी कर दी थी।

जनाजे में शामिल होने के बाद घर जाने के लिए रिश्तेदार मारुति वैन में सवार हुए। कार चालक ने बेक करने के लिए कार पीछे ली,तो ड्राइवर का ब्रेक से कंट्रोल हट गया। लिहाजा,मारुति वैन तालाब में गिर गई और पानी में समाती चली गई। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मदद के लिए तालाब की ओर दौड़ पड़े।

## सार-संक्षेप



संभल में सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### सड़क निर्माण की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**संभल, अमृत विचार :** जिला संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं में दीपा सराय ठंडी कोठी से मांडली समसपुर तक जाने वाली लिंक रोड के निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। समिति के पदाधिकारी चौधरी रविराज सिंह चाहल एडवोकेट के नेतृत्व में इकट्ठा हुए। ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। कहा गया कि सड़क की दशा खराब होने की वजह से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस रास्ते से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं लेकिन इस समय गहरे गड्ढे होने की वजह से आवागमन बेहद मुश्किल हो गया है। बलजीत सिंह ने कहा कि सड़क का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए जिससे लोगों को सुविधा प्राप्त हो। कहा गया कि जल्द ही सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान चमन सिंह, भागमल सिंह,खिलेंद्र सिंह,संदीप भारद्वाज, चमन सिंह, डॉक्टर नाजिम, सफदर अल्वी, विजेंद्र सिंह, नेपाल सिंह, जयवीर सिंह,लल्लू सिंह,काले सिंह, सुरेंद्र सिंह, शिवम कुमार, मुन्नालाल शर्मा, मोहित कुमार, कुलवंत सिंह आदि लोग मौजूद थे।

### डीजे पर डांस करते समय कलाकार की हार्ट अटैक से मौत

**शाहबाद, अमृत विचार :** डीजे पर डांस करते समय कलाकार को हार्ट अटैक आ गया। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने कलाकार को मृत घोषित कर दिया। मोहल्ला पुराना गंज निवासी सौरभ रुहेला (38) झांकी ग्रुप चलाता था। शुक्रवार रात शाहबाद के मोहल्ला हकीमान में एक शादी समारोह में उनकी बुकिंग थी। इसमें सौरभ का डीजे पर डांस का शो भी था। शाहबाद में कार्यक्रम में डांस के दौरान उसकी तबियत खराब हो गई थी। उसने करीब दो से तीन घंटे तक डांस किया। तबियत खराब होने पर वहीं पर लेट गया। तबियत बिगड़ने पर उसे शाहबाद सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने हार्ट अटैक बताकर रेफर कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया।

# शादी करने जा रहा दूल्हा पहली पत्नी की शिकायत पर गिरफ्तार

## दस माह पहले गांव की युवती के साथ हुआ था विवाह

संवाददाता, संभल/सिरसी

**अमृत विचार:** दूसरी शादी करने जा रहे दूल्हे को पहली दुल्हन की शिकायत पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कानूनी कार्रवाई कर दूल्हे का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया। युवक की पहली शादी दस माह पहले गांव की युवती के साथ हुई थी।

थाना क्षेत्र के गांव फुलसिंघा निवासी जमशेद की सितंबर माह में शादी गांव की युवती के साथ हुई थी। शादी के थोड़े दिन बाद ही जमशेद का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद रहने लगा। इसी विवाद के चलते जमशेद ने एक अप्रैल को अपनी पत्नी को तीन तलाक दे दिया। जिसके बाद महिला अपने पिता के घर जाकर रहने लगी और जमशेद के खिलाफ तीन तलाक का वाद दायर कर दिया।

इस बीच जमशेद शनिवार को दूसरी शादी करने के लिए बरात लेकर हयातनगर थाना क्षेत्र के एक गांव जाने की तैयारी कर रहा था। जमशेद दूल्हा बनकर जाने को तैयार था तभी उसकी पहली पत्नी अपने परिजनों के साथ पहुंच गई। विरोध किया तो जमशेद गाली गलौज करते हुए मारपीट करने पर उतारू हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जमशेद को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि जमशेद का शांतिभंग की धारा में चालान किया गया है।

### दुल्हन को विदा कराकर ले जाने से इन्कार पर मारपीट

**संभल,अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में निकाह के छह दिन बाद दुल्हे ने दुल्हन को विदा कराकर ले जाने से मना किया तो दूल्हा व दुल्हन पक्ष के लोग आमने सामने आ गये। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने दूल्हे सहित तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का गांव के ही युवक के साथ सोमवार की रात आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े जाने पर पंचायत ने प्रेमी युगल का निकाह करा दिया था। साथ ही पंचायत ने दूल्हे से दो माह बाद मायके से दुल्हन को विदा करके ससुराल ले जाने की बात कही थी। आरोप है कि शनिवार की सुबह युवक दुल्हन के घर पहुंचा और दुल्हन को विदा कराकर ले जाने से मना करने लगा। इसी बात को लेकर दुल्हन पक्ष व दुल्हा पक्ष आमने सामने आ गए और गाली गलौज के बाद दोनों पक्षों में जमकर लात घूसे चले। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दुल्हन के पिता ,दूल्हा व उसके तहेरे भाई को हिरासत में लेकर थाने आ गई। दुल्हन पक्ष के लोगों ने दूल्हे पर दहेज में दो लाख रुपये व बाइक मांगने का आरोप लगाया है।

## विदा होने से दस दिन पहले दुल्हन पहुंची प्रेमी के घर

संवाददाता, संभल

### प्रेम प्रसंग

- घर साथ जाने से मना किया तो परिजनों ने युवती से नाता तोड़ लिया
- चार माह पहले युवती की शादी परिजनों ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की थी

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में ससुराल जाने के दस दिन पहले ही युवती प्रेमी के साथ फरार हो गई। परिजन युवती की तलाश कर रहे थे कि प्रेमी युगल कोतवाली पहुंच गए। साथ जाने से मना किया तो परिजनों ने युवती से नाता तोड़ लिया। जिसके बाद युवती प्रेमी के साथ उसके घर चली गई।

नखासा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के अपनी चचेरी बहन के घर सदर कोतवाली निवासी के यहां आने-जाने के दौरान पड़ोसी युवती के साथ प्रेम प्रसंग हो गया।

चार माह पहले युवती की शादी परिजनों ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम में चंदौसी निवासी युवक के साथ करा दी। लेकिन परिजनों ने युवती को दूल्हे के साथ विदा नहीं किया। तभी से युवती मायके में रह रही है। अब दस दिन बाद चंदौसी निवासी पति मायके से विदा कर युवती को अपने साथ लेकर जाने वाला था। इससे पहले ही शुक्रवार को युवती अपने प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई।

शनिवार की दोपहर बाद युवती युवक के साथ चौधरी सराय पुलिस चौकी पहुंच गई। सूचना मिलने पर युवती के परिजन भी पुलिस चौकी आ गए, लेकिन युवती ने परिजनों के साथ जाने से मना कर दिया। जिसके बाद परिजन युवती से संबंध खत्म करने की बात कहते हुए घर चले गए।

## पशु चोरी के मामले में पुलिस ने 6 दिन बाद दर्ज की रिपोर्ट

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में भैंस और कटरे की चोरी के मामले में पुलिस पर आरोप लगे थे कि पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कई दिनों तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की। घटनाक्रम के करीब छह दिन गुजरने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

बता दें कि ग्रामीणों को ग्राम तेवर खास के जंगल में मवेशियों के अवशेष भी दिखाई दिए थे। पीड़ित ने पुलिस को पिकअप के साथ आरोपी को पकड़वा दिया था। इसके अलावा कुंदरकी से लेकर थांवला गांव के मार्गों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी साक्ष्य के तौर पर पुलिस को सौंप गई थी और पीड़ित के द्वारा पुलिस को कार्यवाही करने के लिए तहरीर भी दी गई थी। बताया गया है कि पीड़ित ने वरिष्ठ अधिकारियों के पास पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई थी। इसके बाद मामले के तूल पकड़ता देख पुलिस ने अज्ञात पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी हाजी बाबू पुत्र तस्लीम ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि उसके घर में 16 जून की रात डेढ़ बजे चोर घुस आए और उसकी एक भैंस और दो कटरे चोरी करके ले गए। जिसे वह ईद पर कुर्बानी के लिए लाया था। आहट सुनकर उसकी आंख खुल गई। उसने शोर मचाया तो गांव के लोग आ गए थे। लेकिन चोर उसके मवेशियों को गाड़ी में भरकर लेकर फरार हो गए थे। कई दिन बीतने के बाद आखिरकार पुलिस ने मामला ज्यादा बढ़ता देख अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। वहीं थाना क्षेत्र के ग्राम मिलक सीकरी में चोरों ने एक परिवार को लूटने का प्रयास किया गया था। लूट में असफल होने पर चोरों ने गृह स्वामी को पीटकर उसका सिर फोड़ दिया था।

### नाम परिवर्तन

पहले नाम ZENUB PARVEEN था अब बदल कर ZAINAB PARVEEN D/O HASEEN AHMAD H.N. 215 MOHALLA CHILLA AMROHA DISTT AMROHA रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम Bhoomi Arora से बदलकर Bhumi Arora D/o Bharat Bhushan Arora R/o 2/1625 Budhi Vihar, Near Parshu Ram Chowk, Buddhi Vihar, Moradabad रख लिया है। भविष्य में मुझे नए नाम से जाना जाए।

### नीलामी सूचना

सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बहेड़ी ब्रहम्नान में लगने वाला साप्ताहिक बाजार मंगलवार, शुक्रवार की तहबाजारी नीलामी दिनांक 27.06.2024 को समय 10:00 बजे पंचायत भवन पर की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता अधिक बोली लगाकर अपने पक्ष में बाजार की नीलामी ले सकते हैं।

सचिव/ग्राम प्रधान बहेड़ी ब्रहम्नान

## बारिश से पहाड़ी से गिरे बोल्डर, वाहन क्षतिग्रस्त

**नैनीताल, अमृत विचार:** प्री मानसून ने अब धीरे-धीरे रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है। शुक्रवार को हुई तेज बारिश के बाद शनिवार को भी नगर में सुबह 11:20 से रुक-रुक कर बारिश होती रही वहीं दो बजे बाद एक बार फिर हल्की धूप खिल गई तो शाम होते होते फिर बादलों ने नैनीताल को घेर लिया। मौसम विज्ञान केंद्र जीआईसी के अनुसार शनिवार को नगर का अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तो वहीं न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

शनिवार को तल्लीताल कूड़ा खड्ड के समीप पहाड़ी से बोल्डर गिरने शुरू हो गए इससे वहीं सड़क किनारे खड़ी एक गाड़ी के आगे का सीसा पूरी तरह चकनाचूर हो गया।

गनीमत रही कि इस दौरान सड़क से कोई वाहन या पैदल नहीं गुजर रहा था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। दो तीन घंटे की बारिश के बाद से ही कई स्थानों पर अभी से पहाड़ियों से बोल्डर गिरने लगे हैं।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में सभी प्रस्ताव पारित

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


ठाकुरद्वारा ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक को संबोधित करते वक्ता।

- बैठक का एजेंडा न मिलने पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों का हंगामा

**अमृत विचार :** क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख संजना सैनी व वीर सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। बैठक में सभी प्रस्ताव पारित हो गए। हालांकि बैठक का एजेंडा ने मिलने पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने आधा घंटे तक हंगामा किया। ब्लॉक प्रमुख ने सदस्यों को भविष्य में ऐसी शिकायत न होने देने का विश्वास दिलाया।

शनिवार को बैठक में फरीदनगर के क्षेत्र पंचायत समिति सदस्य एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख के पति हाफिज एजाज अंसारी ने कहा कि बीडीसी सदस्यों को एजेंडा नहीं दिया गया है। ब्लॉक प्रमुख संजना वीर सिंह सैनी ने भविष्य में ऐसा न होने का भरोसा दिलाया और ग्राम पंचायत अधिकारियों कि इस हरकत को लेकर नाराजगी जताई। खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि वह इस संबंध में स्वयं ग्राम पंचायत अधिकारियों से पूछताछ करेंगे। बैठक का संचालन कर रहे अवर अभियंता लघु सिंचाई निर्मल सिंह ने आवासों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि विधवा, विकलांग और वृद्धावस्था पेंशन सहित तमाम शासकीय योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। कहा कि जिलाधिकारी के आदेश पर पहले गोशालाओं की चार दिवारी आदि पर पैसा खर्च किया जा रहा है। फरीदनगर के बीडीसी सदस्य यासीन ने सभी बीडीसी सदस्यों को बराबर सम्मान देने और सड़कों, नालियों का निर्माण की मांग उठाई। पूर्व ज्येष्ठ उप प्रमुख इनामुल हक ने कहा कि यासीन की शिकायत पर ध्यान दिया जाए उनके नाम का पत्थर लगवाया जाए। यह सुनते ही हाफिज एजाज अंसारी भड़क गए। वीर सिंह सैनी और खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता ने उन्हें शांत कराया। बैठक में सहायक विकास अधिकारी राम आशीष प्रजापति, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार, बीडीसी सदस्य आदि रहे।

## गमगीन माहौल में किया महिला का अंतिम संस्कार

**जसपुर, अमृत विचार:** राजस्थान में गोली मारकर की गई जसपुर की विवाहिता की हत्या के बाद शनिवार को विवाहिता का शव मायके में पहुंचा। गमगीन माहौल में मृतका का अंतिम संस्कार किया गया।

जसपुर के मोहल्ला चौहान निवासी विशाल कुमार अपनी पत्नी 35 वर्षीय वर्षा को विगत 13 जून को किराए की कार से खाटू श्याम बाबा के दर्शन कराने राजस्थान ले गया था। इसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में गोली मारकर उसकी हत्या हो गई थी। बुधवार को उसका शव जिला पाली, राजस्थान के थाना सोजत सिटी के अंतर्गत बिलाड़ा मोड़ मार्ग पर लावारिस हालत में पड़ा पाया गया था। घटना का पता चलने पर मृतका के पिता थाना रेहड़, बिजनौर के गांव उदयपुर निवासी यशपाल सिंह चौहान व भाई हिमांशु चौहान ने राजस्थान पहुंचकर पति विशाल कुमार, चालक समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

# कालाबाजारी के लिए जा रहा राशन पुलिस ने पकड़ा

संवाददाता, कुंदरकी

- पूर्ति निरीक्षक ने वाहन से बरामद चावल के सैंपल के लिए
- जिलाधिकारी ने भी जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए

**अमृत विचार :** ब्लॉक के थाना मैनाठेर क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर पस्तौर में राशन डीलर का भाई सरकारी राशन को कालाबाजारी के लिए ले जा रहा था। जिसको सूचना पर पुलिस ने पकड़ लिया और थाने ले आई। इसकी सूचना पूर्ति विभाग को भी दी गई।

कुंदरकी ब्लॉक के गांव हुसैनपुर पस्तौर में राशन डीलर राजवीर सिंह का भाई विनोद शनिवार सुबह सरकारी राशन की दुकान से चावल वाहन में भरकर कहीं ले जा रहा था। जिसकी गांव के ही कुछ लोगों के सूचना मैनाठेर पुलिस को देकर बताया कि गांव का सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का राशन कालाबाजारी के लिए भेजा जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने रास्ते में घेराबंदी कर सरकारी चावल से भरी पिकअप को पकड़ लिया। बताया गया है कि गाड़ी में राशन डीलर का भाई विनोद मौजूद था। जिसे पुलिस पकड़कर थाने ले आई। वहीं, सूचना पर बिलारी तहसील की पूर्ति निरीक्षक शिखा पांडे भी टीम के साथ थाने पहुंची और जानकारी की। पूर्ति निरीक्षक को वाहन में 21 कट्टे चावल के मिले। वहीं, थाना दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने भी अधिकारियों से जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए। पूर्ति निरीक्षक शिखा पांडे ने बताया कि वाहन से बरामद चावल के सैंपल ले लिए गए हैं। सैंपल की रिपोर्ट आने पर राशन डीलर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## आनंद विहार गरीब रथ में बढ़ेंगी 664 बर्थ

**बरेली, अमृत विचार :** गरीबरथ एक्सप्रेस में रेलवे इकोनॉमी कोच लगाएगा। इसकी वजह से ट्रेन में 664 बर्थ बढ़ जाएंगी। कोच में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और स्मोक डिटेक्टर भी लगाए जाएंगे। ट्रेन को नए डिजाइन की एलएचबी रैक से चलाया जाएगा और कोच भी अधिक लगाए जाएंगे ताकि यात्रियों को कंफर्म सीट मिल सके।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 22541/22542 बनारस-आनंद विहार-बनारस गरीब रथ सुपरफास्ट एक्सप्रेस में वाराणसी से 7 जुलाई से और आनंद विहार से 8 जुलाई से एलएचबी रैक लगाई जाएगी। ट्रेन के अंदर तृतीय श्रेणी इकोनॉमी के 20 और जनरेटर और लगेज यान के दो कोच होंगे। ट्रेन को 22 कोच के साथ चलाया जाएगा। पहले ट्रेन में तृतीय श्रेणी के 12 कोच लगाए जा रहे थे। अब 20 कोच लगाए जाने से 664 अतिरिक्त बर्थ यात्रियों को मिल सकेंगी।


बार सभागार में बैठक करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

# लेखपाल के निलंबन तक आंदोलन जारी रखेंगे वकील

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन ने बैठक कर लेखपाल मुनेश कुमार के निलंबन समेत अन्य मांग पूरी होने तक एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन की चेतावनी दी है। पुलिस व प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर मामले की जानकारी देने का भी निर्णय लिया गया।

शनिवार को बार सभागार में हुई बैठक में अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता योगेंद्र यादव और लेखपाल मुनेश कुमार के विवाद को लेकर आगे की रणनीति पर चर्चा की। बैठक में कई अधिवक्ताओं ने एसडीएम के स्थानांतरण और लेखपाल मुनेश कुमार के निलंबन, लेखपालों के मुंशी हटाने समेत खतौनियों में गड़बड़ी खत्म होने तक राजस्व न्यायालयों के बहिष्कार की बात कही गई। इसके साथ ही जनपद और अन्य तहसीलों से सहयोग लेकर एक दिन की सांकेतिक हड़ताल के लिए सहयोग मांगने को लेकर भी बात हुई।

## बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय

प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइंसेंज**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेन्टल साइंसेज**
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

**पैरामेडिकल साइंसेज**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

**फोरेंसिक साइंसेज**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

**योगा एंड नेचुरोपैथी**
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)

E-mail : admission@biu.edu.in

# बिजली व्यवस्था की गुणवत्ता दुरुस्त करें: योगी

## अधिकारियों से कहा-बिजली बिल के नाम पर न परेशान किया जाय उपभोक्ताओं को

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में बिजली व्यवस्था की गुणवत्ता दुरुस्त की जाय। बिजली बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को कतई परेशान न किया जाय। हर हाल में उपभोक्ताओं को समय पर सही बिजली बिल मुहैया कराया जाय। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

उन्होंने विभाग की ओर से प्रस्तुत किये गये प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने अपने पहले पांच साल बुनियादी सुविधाओं को विकसित करने में लगाया है, अब हमें अपना पूरा जोर गुणवत्ता पर देना होगा। बिजली का बिल समय से जमा कराने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करना अत्यंत जरूरी है। जिस प्रकार लोग मोबाइल का बिल नियत समय पर जमा करते हैं, उसी प्रकार बिजली का बिल भी तय समय पर जमा कराने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाय। इसके लिए विभाग एक सुदृढ़ व्यवस्था तैयार करे। सही बिल के लिए मीटर रीडर को जवाबदेह बनाना बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने पर जोर देते हुए कहा कि जनता को इसके लिए तैयार किया जाय। स्मार्ट मीटर आज की आवश्यकता है। उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना के बारे में जागरूक किया जाय।


सरकारी आवास पर ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री व अन्य।

### शटडाउन की जानकारी देने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि रखरखाव कार्य के कारण अगर बिजली आपूर्ति बंद 'शटडाउन' की जाती है तो कब और कितनी देर तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी, इसकी पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को देना जरूरी है। इसके लिए सोशल मीडिया का ज्यादा से ज्यादा उपयोग किया जाय।

**अफसरों ने मुख्यमंत्री को गिनाई उपलब्धियां :** मुख्यमंत्री के साथ बैठक में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने उपलब्धियां गिनाईं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति के घंटों में बढ़ोतरी हुई है। भीषण गर्मी के बावजूद केवल स्थानीय खराबी को छोड़ दें तो बीते 15 मार्च से 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में कहीं भी बिजली की कमी नहीं हुई है। अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में 3.45 करोड़ बिजली कनेक्शन हैं, वहीं दो साल में 30 लाख कनेक्शन बढ़े हैं। 2024 में अब तक 70 हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। बिल जमा करने में कंज्यूमर टर्नअप शहरी इलाकों में करीब 92 प्रतिशत व ग्रामीण इलाकों में 51 प्रतिशत है। बिजली बिल का 40 प्रतिशत हिस्सा ऑनलाइन, 32 प्रतिशत काउंटर से व 30 प्रतिशत विभिन्न ई-वॉलेट के माध्यम से प्राप्त हो रहा है।

## मेरठ में सारस की संख्या में वृद्धि

### गणना का कार्य पूरा

**मेरठ, एजेंसी :** मेरठ में 20 जून से चल रही सारस गणना शुक्रवार को पूरी हो गई और उनकी संख्या में वृद्धि पायी गयी है। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) राजेश कुमार ने बताया कि ग्रीष्मकालीन सारस गणना में मेरठ जनपद में 51 सारस देखे गये, जिनमें 47 व्यस्क एवं चार बच्चे हैं। उनके मुताबिक इससे पूर्व 2022 ग्रीष्मकालीन सारस गणना में इस जनपद में 47 सारस नजर आये थे एवं 2023 में 45 सारस देखे गये थे। कुमार ने बताया कि पिछले सालों एवं इस साल में सारस मुख्य रूप से मालीपुर, भीकुण्ड (सराय खादर) द्रौपदी घाट, गणेशपुर चेतावाला मार्ग, सिकन्दरपुर वन ब्लाक में नजर आये। डीएफओ के अनुसार एक जुलाई 2014 को सारस को राज्य पक्षी घोषित किया गया था। सारस क्रेन प्रजाति ऐतिहासिक रूप से भारत के उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी तराई क्षेत्रों में गंगा नदी के मैदानों में पाई जाती है। भारत में सारस क्रेन को पवित्र पक्षी माना जाता है एवं लोग इसे कभी नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।

## धौंस जमा उगाही कर रहा था फर्जी दरोगा, गिरफ्तार

**रुदौली,अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने शनिवार को एक फर्जी उपनिरीक्षक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस की वर्दी आईडी कार्ड,नेम प्लेट और पी कैप आदि बरामद किया है। धोखाधड़ी और कूटरचना की धारा में नामजद रिपोर्ट दर्ज करवा आरोपी का चालान किया है। क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने शनिवार को बताया कि कई दिनों से शिकायत मिल रही थी कि एक उपनिरीक्षक की ओर से पीड़ितों को धमका कर वसूली की जा रही है। जिसके चलते चौकी प्रभारी किला उपनिरीक्षक मुनिमन रंजन दुबे को जांच के लिए कहा गया था। जाँच में शिकायत सही पाई गई और फर्जी दरोगा इसी कोतवाली के मोहल्ला मखदूमजादा निवासी नदीम की पहचान की गई। उन्होंने बताया कि कोतवाली पुलिस ने शानिवार को रसूलाबाद के निकट से नदीम को बावर्दी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से उपनिरीक्षक की वर्दी,चार स्टार,लाल जूता, परिचय पत्र, नेम प्लेट,लाल रंग की बेल्ट और पी कैप बरामद की है।

## सार-संक्षेप

### पटककर पांच वर्षीया बच्ची की ले ली जान

**नवाबगंज(गोंडा), अमृत विचार :** करीब पांच वर्षीया बच्ची की लाश शनिवार की सुबह कटरा रेलवे स्टेशन के समीप पाई गई। आसपास लगे पेड़ों की जड़ों पर खून के धब्बे मिले जिससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि उक्त बालिका की पेड़ों की जड़ों पर पटक कर हत्या की गई है। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस व रेलवे पुलिस जांच में जुटी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के कटरा रेलवे स्टेशन के बगल में स्थित बाग में शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने एक पांच साल बच्ची की लाश देखी। कुछ स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार की शाम को एक अज्ञात साधु वेश धारी युवक लड़की को लेकर आया था। लोगों के पूछने पर उसने बताया कि यह उसकी लड़की है। इसकी मां किसी के साथ भाग गई है। इसलिए हम इसको साथ लिए हुए हैं। लड़की ने भी उस युवक को अपना पापा बताया था। सुबह उसी लड़की की लाश मिलने पर साधु वेश धारी युवक पर हत्या की आशंका जताई जा रही है।

### राजूदास ने योगी को बताए अयोध्या में हार के कारण



**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी नितीश कुमार और हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास के बीच गुरुवार की रात दो मंत्रियों के सामने हुई तीखी बहस का मामला मुख्यमंत्री के दरबार तक पहुंच गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शनिवार को लखनऊ में मुलाकात कर लौटे पुजारी राजू दास ने बताया कि उन्होंने करीब एक घंटे तक मुख्यमंत्री से वार्ता कर अपनी बात रखी। इस दौरान अयोध्या में भाजपा के हार के कारणों को भी उनके सामने रखा। योगी आदित्यनाथ ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और गुनहगारों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। राजूदास ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि अयोध्या में जगह-जगह तोड़फोड़ हुई। डंडा मारकर काम कराया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं की एक भी बात नहीं सुनी गई। माना कि अफसरों को अधिकार था, लेकिन इस तरह की कार्रवाई सही नहीं थी। यही कारण रहा लोग इस बार घरों से वोट डालने के लिए नहीं निकले।

### राममंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाएं बढ़ाने की तैयारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में 23 और 24 जून को चल रहे निर्माण कार्य की समीक्षा होगी। उसके पूर्व शनिवार को मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र, प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, सीडीओ ऋषिराज, एलएंडटी और अन्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ राम मंदिर और परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। प्रशासनिक भवन में लगभग एक घंटे से अधिक समय तक मंदिर परिसर की सुरक्षा और निर्माण कार्य को लेकर मंथन किया गया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र शनिवार को अयोध्या पहुंचे थे। यहां सबसे पहले हनुमानगढ़ी पर दर्शन पूजन किया। इसके बाद अधिकारियों के साथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार, बिड़ला धर्मशाला के सामने यात्री सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया।

### सुभासपा की सभी पुरानी कार्यकारिणियां भंग

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार में मंत्री व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी(सुभासपा) के प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने पार्टी के अंदर सभी ईकाईयां भंग कर दी है। उन्होंने प्रांतीय पदाधिकारी, मण्डल, जिला, विधानसभा और ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी को भंग करते हुए कहा कि उप्र .विधानसभा चुनाव 2027 के लिए नए संगठन का गठन किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में पार्टी को करारी हार का सामना करने के बाद शनिवार को ओम प्रकाश राजभर ने पार्टी की सभी कार्यकारिणी भंग कर दी है। उन्होंने कहा कि अब नई ऊर्जा के साथ नए संगठन का गठन किया जाएगा।

# मसलक के अंदर मसलक, क्या करेगा मुशावरत

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

**अमृत विचार :** आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशावरत के 60 साल बाद एक बार फिर से सक्रिय होने की खबर अमृत विचार ने शनिवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसे लेकर आल इंडिया सुन्नी उलमा काउंसिल ने मुशावरत की कवायद पर कई सवाल खड़े किए हैं। काउंसिल के महामंत्री हाजी मोहम्मद सलीस ने बयान जारी किया है कि वर्तमान में मुसलमानों का न तो कोई रहनुमा है और न ही कोई सियासी कायद (जनप्रतिनिधि)। मुसलमानों का एक भी संगठन ऐसा नहीं है जो उनकी आवाज उठा सके। इसकी वजह यह है कि मुसलमानों में मसलक के अंदर मसलक बने हुए हैं, हर मसलक के कई-कई शहरकाजी हैं।

आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशावरत को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की तर्ज पर मजबूत बनाकर सक्रिय करने के संबंध में आल इंडिया सुन्नी उलमा काउंसिल के महामंत्री का कहना है कि मुसलमान मसलक में बंटे हुए हैं। शिया, सुन्नी, देवबंदी, अहले हदीस समेत कई फिरकों में मुसलमान बंटा है। पहले मुशावरत को इन सभी को एकजुट करने का काम करना होगा। मुस्लिम संगठनों से मुशावरत के लोग पहले संपर्क स्थापित करें। उन्हें हर मीटिंग में आने की दावत दें। सभी मसलक के लोगों को एक करें फिर मुसलमानों के बीच जाएं। मुशावरत को अपना संगठन राज्य, जिला और वार्ड स्तर पर मजबूत करना होगा। यूं ही संगठन बनाने से कुछ नहीं होने वाला है, क्योंकि संगठन तो रोज बनते हैं लेकिन मुसलमानों के दुख-दर्द में कोई मदद नहीं करता।

### पर्सनल लॉ बोर्ड अध्यक्ष मौलाना रहमानी भी हैं सदस्य

आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशावरत के प्रमुख जिम्मेदार मोहम्मद सुलेमान का कहना है कि आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष मौलाना सैफ उल्लाह रहमानी भी मुशावरत के सदस्य हैं। उनके अलावा कमाल फारुकी एवं सैयद कासिम रसूल इलियास (आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के कार्यकारिणी सदस्य) भी मुशावरत के सदस्य हैं। सुलेमान के मुताबिक सभी मुस्लिम संगठनों से संपर्क किया गया है, मुशावरत में देश भर के मुस्लिम बुद्धिजीवियों को लेने का काम शुरू किया गया है। कमाल फारुकी, मंजूर अहमद (आईपीएस), हाफिज आरए चौधरी, अहमद रशीद शेरवानी, अताउर्रहमान कासिमी, मुजतबा फारुक (औरंगाबाद), बशीर अहमद खान (नई दिल्ली), सैयद तहसीन अहमद (नई दिल्ली), अब्दुल अजीज (कोलकाता), उजमा नाहिद (मुंबई) के अलावा अनवारुल इस्लाम प्रमुख रूप से शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया देश के लगभग सभी मुस्लिम संगठनों से संपर्क साधा गया है, जो शेष रह गए हैं, उनसे भी संपर्क किया जा रहा है, सभी के सहयोग से मुशावरत को मजबूत किया जाएगा।

## पेड़ से टकराने पर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत

**सुलतानपुर,एजेंसी:** सुलतानपुर के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में पहाड़पुर गांव के पास में एक महिला को बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो युवक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराए, जिससे उनकी मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक बहरी गांव के अमित निषाद (23) एवं कृष्णा (21) शुक्रवार को अपनी बुआ के घर होलेपुर गांव गए थे और जब दोनों घर वापस लौट रहे थे तब बिरसिंहपुर-हालापुर मार्ग पर पहाड़पुर गांव के पास उनकी मोटरसाइकिल के सामने अचानक एक महिला आ गई। पुलिस के अनुसार उस महिला को बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। बिरसिंहपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों युवक को जिला अस्पताल अंबेडकरनगर ले जाने की सलाह दी जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी ।

# कैदी की मौत पर बवाल को लेकर 45 नामजद, 50 अज्ञात पर रिपोर्ट

फिरोजाबाद, एजेंसी

- फिरोजाबाद जेल में बंदी की मौत के बाद हुआ था बवाल

फिरोजाबाद जेल में एक बंदी की मौत के बाद हुए बवाल और उपद्रव के मामले में पुलिस ने 45 नामज़द और 50 अज्ञात लोगों के ख़िलाफ़ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के अनुसार चोरी के आरोप में जेल भेजने के बाद एक युवक की हालत बिगड़ने पर मौत हो गई थी।

इसके बाद शुक्रवार को पोस्टमार्टम पूरा होने के बाद शव घर ले जाते समय पुलिस एवं लोगों के बीच झड़प हो गयी जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ एवं आगजनी भी की गई थी। शनिवार सुबह मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक दिये जाने के बाद परिजनों द्वारा युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक (नगर) सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि कल हुए बवाल के में उप निरीक्षक देवेश कुमार सहित घायल पुलिसकर्मियों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है और इलाके में पुलिस बल की तैनाती के साथ स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जिलाधिकारी रमेश रंजन द्वारा मृतक के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। 25 वर्षीय आकाश को 19 जून को चोरी की मोटरसाइकिल मिलने के बाद हिरासत में लिया गया था।

# इलाज के नाम पर ठगी करने वाला नाइजीरियाई दिल्ली से गिरफ्तार

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार :** इलाज के नाम पर ठगी करने वाले कथित विदेशी डाक्टर को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया साइबर ठग नाइजीरिया का रहने वाला है। पुलिस ठग से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। इससे और भी राज खुलने की उम्मीद जताई जा रही है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सधवाड़ा स्ट्रीट लोहाई रोड निवासी डॉ. अमित शुक्ला ने साइबर क्राइम थाना में एक धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि उनकी पत्नी डॉ. शिवानी को पुत्र अर्नव की आंखों के इलाज के लिए फेसबुक के माध्यम से एक विज्ञापन मिला। जिसमें साइबर ठग ने खुद को डॉक्टर एलेक्स जेबिल लंदन बताया । साथ ही विज्ञापन में ब्रिटेन का कंट्री कोड का नंबर भी पड़ा था। जब पुत्र की आंखों की दवाई के लिए उस नंबर पर बात की तो कथित चिकित्सक ने धोखाधड़ी कर दवाई भेजने की बात कही। इसके लिए अलग-अलग बैंक खातों में 3 लाख 19 हजार रुपये डलवा लिए।

जब काफी दिनों तक दवा नहीं आई तो पीड़िता को समझ में आया कि वह साइबर ठगी का शिकार हो चुकी है। इसके बाद पीड़िता के पति ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की विवेचना साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने शुरू की। इसके बाद कई साक्ष्यों की मदद से वह आरोपित की पहचान कर पाने में सफल हुए। सर्विलांस टीम व साइबर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चंदन नगर वीर बाजार रोड थाना निहाल दिल्ली से आरोपित को गिरफ्तार किया।

## दुर्घना में पिता-पुत्र समेत तीन की मौत

**बहराइच, अमृत विचार:** जनपद के नानपारा बहराइच मार्ग पर शनिवार सुबह सवा तीन बजे ट्रक और कार में आमने सामने की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार सवार भाई बहन समेत चार घायल हो गए। सभी को पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। नानपारा बहराइच मार्ग पर कोतवाली नानपारा अंतर्गत खुदादभारी गांव के पास शनिवार सुबह 3.15 बजे ट्रक और कार की भीषण टक्कर हो गई। कोतवाल आरके सिंह ने बताया कि नानपारा से बहराइच की ओर से जा रही ट्रक संख्या यूपी 21 डीटी और बहराइच से नानपारा की ओर जा रही हुंडई कार में हादसा हुआ।

# पौधरोपण अभियान एक बड़ा घोटाला : अखिलेश यादव

संवाददाता, लखनऊ

- पौधारोपण जमीन पर होता तो गर्मी से बुरा हाल न होता



**अमृत विचार :** सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण के सभी दावे झूठे और कागजी हैं। पौधरोपण अभियान एक बड़ा घोटाला बन गया है। भाजपा सरकार अब तक जितने पौधे लगाने का दावा करती आई है अगर उनका जोड़ हो तो प्रदेश में कोई जगह अब अगले पौधरोपण के लिए नहीं बची है। भाजपा का पौधरोपण महज एक कागजी कार्रवाई बन कर रह गया है।

उन्होंने शनिवार को बयान जारी करते हुए कहा, मुख्यमंत्री, 2023 में 36 करोड़ 15 लाख से अधिक पौधारोपण का दावा करते है। इसके पहले 2022 में 35 करोड़ से ज्यादा, 2021 में 30 करोड़ से ज्यादा, 2020 में 25 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाने का दावा किया गया है। इससे पहले भी हर साल पौधारोपण के बड़े-बड़े दावे किये गये है लेकिन ये पौधे कहां लगाये गये हैं इसका कोई विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया जाता है।

सपा प्रमुख ने कहा भाजपा सरकार ने फाईलों की जगह अगर पौधारोपण जमीन पर किया होता तो भीषण गर्मी से जनता का इतना बुरा हाल न होता। गर्मी में सैकड़ों लोगों की जानें जा रही है। अस्पताल बीमारों से भरे पड़े हैं। उन्होंने कहा,भाजपा सरकार पौधारोपण के झूठे दावे कर रही है।

## वर्ग पहेली-109

**बाएं से दाएं**

1.1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।

4. दादूदयाल नामक संत द्वारा चलाए हुए पंथ या संप्रदाय का अनुयायी।

5.1. सफ़ेद गाय 2. सफ़ेद गोल मिर्च।

8.1. अन्न के ढेर के चारों ओर गोबर आदि से घेरा बनाना 2. निशान लगाना।

9. स्त्रियों के लिए उनके माता-पिता के घर के सदस्य; मायके के लोग।


**ऊपर से नीचे**

2.1. जिसके लिए कोई बंधन न हो, बंधन-रहित 2. स्वतंत्र।

3.1. ज़िंदादिल होना, ख़ुशमिज़ाजी, सहृदयता 2. उत्साह, प्रसन्नता 3. रसिकता 4. हंसोढ़पन 5. विनोदप्रियता।

6.1. कारण, सबब, हेतु 2. माध्यम, ज़रिया।

7.1. किसी वस्तु का टूटकर या कट-छंटकर अलग हुआ कोई हिस्सा।



### वर्ग पहेली -108 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ख़ि | ज़ाँ | ■ | ■ | ■ | 2 फ़ |
| ■ | ज़ा | ■ | 3 गं | ■ | ■ | ह |
| ■ | 4 ब | हु | गा | मी | ■ | श |
| ■ | ■ | ■ | ला | ■ | 5 अं | ■ |
| 6 दु | रा | 7 ल | भ | ■ | श | ■ |
| चं | ■ | म | ■ | ■ | भा | ■ |
| द | ■ | धी | ■ | 8 जो | गी | ड़ा |

## सुडोकू -22

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 9 | 3 |
| | | 4 | | | 6 | | | |
| | 5 | | | 2 | | 8 | | |
| | | | 7 | | | 4 | | |
| 3 | | | | | | | 1 | 6 |
| | | 8 | | | 1 | | | |
| | 9 | 1 | | | | | | |
| | 2 | | 8 | | | 5 | | |
| 6 | | | 4 | | | 7 | | |

### सुडोकू - 21 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 7 | 4 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 6 | 7 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 4 | 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 2 | 9 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 1 | 8 | 4 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 3 | 5 | 1 | 8 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 1 | 7 | 6 | 8 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 24 जून 03 .25 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 17 .03 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष:** आज आप सामयिक विषयों पर चर्चाओं में शामिल रहेंगे तथा लोगों के सामने आप एक परिपक्व व्यक्ति के रूप में सामने आएंगे। रुके हुए कार्यों को आसानी से पूरा कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष:** आज अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। पुराना अनुभव आपके लिए हितकारी होगा। अनावश्यक धन खर्च होने से आप थोड़े नाराज हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तालमेल की कमी रहेगी।

**मिथुन:** आज व्यापार में भी अपेक्षित प्रगति देखने को मिलेगी। मन में कई दिनों से जो शंका थी, उसका समाधान हो सकता है। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। समय का सदुपयोग करेंगे।

**कर्क:** आज सेहत को लेकर लापरवाही न करें। अपने कार्यक्षेत्र की समस्याओं को लेकर कुछ तनाव में रहेंगे। आपको सिर्फ अपनी मेहनत पर ध्यान देना चाहिए। परिवार में आपका प्रभाव मजबूत होगा। आपको घुटनों में पीड़ा हो सकती है।

**सिंह:** आज प्रेम विवाह के विषय में परिवार से सहमति ले सकते हैं। घर का माहौल शांत रहेगा। उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय सफलता मिल सकती है। नए संबंध बनने के योग बन रहे हैं। पुराने मित्रों से कई दिनों बाद मिलने का अवसर मिलेगा।

**कन्या:** आज घर-बाहर तनाव होने की आशंका है। दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। व्यापार में सफलता मिलेगी। चलते हुए कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। प्रियजनों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है।

**तुला:** आज वरिष्ठ अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपके नए मित्र बन सकते हैं। मन काफी शांत रहेगा और आपकी ऊर्जा बढ़ेगी। आप नया काम शुरू कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। विरोधी अपने षड्यंत्र में विफल होंगे।

**वृश्चिक:** आज विद्यार्थियों को पढ़ाई में मेहनत करने की आवश्यकता है। लोगों से बहुत अपेक्षाएं न रखें। आपकी कार्यशैली में सुधार देखने को मिलेगा। महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए दिन उत्तम नहीं है। सहकर्मियों पर विश्वास कम होगा।

**धनु:** आज व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आपको मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। किसी नई पॉलिसी में निवेश करने की योजना पर काम कर सकते हैं। नया कार्य शुरू करने के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मकर:** आज दिनभर कोई न कोई परेशानी भरा माहौल रहेगा। शाम के समय किसी प्रियजन से चर्चा कर मन शांत होगा। अधीनस्थ लोगों पर ज्यादा निर्भरता न रखें। दांपत्य जीवन में तनाव हो सकता है। सेहत काफी नरम रहने वाली है।

**कुंभ:** आज दूसरों की भावनाओं का सम्मान करेंगे। प्रेमी जन को मनाने के लिए कोई उपहार देने का विचार कर सकते हैं। आपका आत्मबल और ऊर्जा स्तर बढ़ेगा। प्रियजनों के साथ सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। नए व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं।

**मीन:** आज भूमि-भवन से जुड़े मामले अटक सकते हैं। करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है। घर के माहौल को शांत रखने की कोशिश करें। कार्यों में ज्यादा व्यस्तता रहेगी। जीवनसाथी आपसे अतिरिक्त देखभाल की अपेक्षा रखेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- हैसियत — दोपहर : 12 .00
- दरार — रात : 07 .16

SONY PIX
- 65 — सुबह : 11 .15
- स्पाइडर मैन — रात : 09 .00

&pictures
- सिम्बा — सुबह : 11 .00
- शादी में जरूर आना — रात : 08 .00

ZEE CINEMA
- रमैया वस्तावैया — दोपहर : 12 .00
- भोला — रात : 08 .30

colors CINEPLEX
- कर्ज — सुबह : 11 .10
- गंगूबाई काठियावाड़ी — रात : 07 .55

### आज की सुपरहिट फिल्म



कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात : 07 .55 बजे

## जोक्स ऑफ द डे


15 साल का चिंटू अपने पापा के साथ एक होटल में गया।
पापा (वेटर से) - एक बियर और एक आइसक्रीम लाओ।
चिंटू- आइसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिए न
उसके बाद होटल से घर तक चिंटू की सुताई चालू रही।
ये देखकर होटल का वेटर जोर जोर से हंसने लगा।

पत्नी (पति से)- पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट ..
मैं घर छोड़ कर जा रही हूं।
पति- (कमेंटरी के अंदाज़ में)
पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल।

# नीट मामले में लीपापोती कर रही राजग: खरगे

## पेपर लीक विवाद : कांग्रेस अध्यक्ष बोले- किसी स्तर पर जिम्मेदारी से बच नहीं सकती है राजग सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी



● खरगे ने कहा- शिक्षा मंत्री मामले में कर रहे हैं गलत बयानबाजी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि नकल विरोधी कानून को अधिसूचित करके भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबधंन (राजग) सरकार का मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट धांधली मामले में लीपापोती का प्रयास है लेकिन उसे समझ लेना चाहिए इस मामले की जिम्मेदारी से वह किसी स्तर पर बच नहीं सकती है।

खरगे ने कहा कि सरकार के शिक्षा मंत्री इस मामले में गलत बयानबाजी कर रहे हैं। नया कानून अधिसूचित हो गया है जबकि कानून कल ही अधिश्चित हुआ है और इसे फरवरी में है ही राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी। उन्होंने कहा कि घोटाले मे भाजपा जितनी भी कोशिश कर ले-धांधली, भ्रष्टाचार और शिक्षा माफ़िया को बढ़ावा देने की अपनी ज़िम्मेदारी से नहीं बच सकती। तीन तथ्य और तीन सवाल हैं जिनका जवाब मोदी सरकार को देना ही पड़ेगा। तथ्य - पेपर लीक के विरुद्ध क़ानून अधिसूचित नहीं हुआ था, जब शिक्षा मंत्री से इसके बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि क़ानून अधिसूचित हो गया। 13 फ़रवरी 2024 में इस क़ानून को राष्ट्रपति का एसेंट मिल गया था पर क़ानून बीती रात को ही अधिसूचित हुआ है। सवाल है मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री ने झूठ क्यों बोला कि क़ानून अधिसूचित हो गया है और विधि एवं न्याय मंत्रालय को उसके नियम बनाने ही रह गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि दूसरा तथ्य - शिक्षा मंत्री पहले तो पेपर लीक को नकारते रहे फ़िर जब गुजरात, बिहार, हरियाणा में गिरफ्तारियां हुईं तब कह रहें हैं कि चूंकि कुछ जगहों पर स्थानीय तौर पर पेपर लीक हुए हैं इसलिए दोबारा परीक्षा नहीं करा पाएंगे। जबकि तथ्य है कि 2015 में प्री मेडिकल टेस्ट में महज 44 छात्रों की संलिप्तता थी तब भी सुप्रीम कोर्ट के कहने पर छह लाख अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा दोबारा कराई गई। सवाल है नीट पर भी माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर 0.001 भी घपला हुआ है तो वो कार्रवाई होनी चाहिए पर मोदी सरकार परीक्षा दोबारा क्यों नहीं करवा रही, जबकि शिक्षा मंत्री ने गड़बड़ी की बात मान ली है। तीसरा तथ्य है नौ दिनों में एनटीए ने तीन बड़ी परीक्षाएं रद्द या स्थगित की हैं। क़ानून पास करवाने के बाद भी भाजपा शासित उत्तर प्रदेश में उप्र पुलिस तथा पदोन्नति बोर्ड जिसके तार गुजरात की एक कंपनी से जुड़े पाएं गए हैं।

### परीक्षा कानून डैमेज कंट्रोल की कोशिश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि नीट-स्नातक, यूजीसी-नेट परीक्षाओं को लेकर विवाद के बीच, केंद्र सरकार द्वारा लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 अधिसूचित किया जाना डैमेज कंट्रोल (स्थिति को संभालने) की कोशिश है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि इस कानून की जरूरत थी, लेकिन यह पेपर लीक के बाद की स्थिति से निपटता है जबकि यह सुनिश्चित करने के लिए कानून और प्रक्रियाओं की आवश्यकता है कि पेपर लीक ही न हो। नीट, यूजीसी-नेट परीक्षाओं को लेकर विवाद के बीच, केंद्र सरकार ने शुक्रवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 अधिसूचित किया, जिसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाना है।

### छात्र संगठनों का केंद्रीय मंत्री के आवास पर प्रदर्शन

**हैदराबाद।** कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई और वाम समर्थित छात्र संगठनों ने केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी के आवास पर शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया और मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट फिर से आयोजित करने की मांग की। छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं ने रेड्डी के खिलाफ नारेबाजी की लेकिन पुलिस ने उन्हें वहां से हटा दिया।

## करंट की चपेट में आने से एक मादा पैंथर, दो शावकों की मौत

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के नाका डेहरा शाहपुर के वन क्षेत्र अमृतवास में बिजली का तार टूट कर गिरने के बाद करंट लगने से एक मादा पैंथर और उसके दो शावकों की मौत हो गई। मंडल वन अधिकारी राजेंद्र हुड्डा ने बताया कि 21 जून को रात 10 बजे पर अलवर वन मण्डल में रेंज के नाका डहरा शाहपुर के वन क्षेत्र अमृतवास में एक बघेरा और दो शावकों के शव मिलने की सूचना मिली। शव दो-तीन दिन पुराने हैं। उन्होंने बताया कि बिजली के तार टूटने से बघेरा एवं उसके दो शावको की मौत होने की सूचना बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा दी गयी। इसके बाद संबंधित कर्मचारियों ने मौके पर जाकर देखा तो घटनास्थल पर जहां बघेरों के शव पड़े हुये थे, वहाँ बिजली के तार टूटे हुये थे। मृत बघेरों के शवों पर बिजली का कंरट लगने से उनके शरीर पर जलने के निशान भी स्पष्ट नजर आ रहे थे।

## गुरुग्राम में फायर एग्जीक्यूटर फैक्ट्री में विस्फोट, 8 की मौत

गुरुग्राम, एजेंसी



● विस्फोट से आसपास के काफी संख्या में मकान और उद्योगों को हुआ भारी नुकसान

हरियाणा में गुरुग्राम स्थित दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में फायर एग्जीक्यूटर बनाने वाली कंपनी में विस्फोट होने से आठ लोगों की मौत होने का सूचना है। विस्फोट से आसपास के क्षेत्र में काफी संख्या में मकान और उद्योगों को नुकसान हुआ है।

सहायक दमकल अधिकारी सैनी ने बताया कि शनिवार को तड़के 2:45 बजे सिपाही संजय ने भीम नगर दमकल विभाग को फोन कर बताया कि दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में विस्फोट हुआ है और भयंकर आग लग गई है। सूचना मिलते ही भीमनगर और गुरुग्राम के सेक्टर 29 से दमकल विभाग के कार्यालय से एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मसकत के बाद आग को काबू में किया। घटनास्थल से पांच लोगों को जख्मी हालत में निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि दो व्यक्ति मृत मिले और एक लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि विस्फोट इतना जबरदस्त था कि आसपास के कई मकानों और उद्योगों में भारी नुकसान हुआ है। पुलिस ने बताया कि फैक्ट्री मालिक तथा प्रबंधकों खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है और जांच की जा रही है। अभी तक प्रशासन की ओर से इस घटना में आठ लोगों की मौत होने की पुष्टि नहीं हुयी है।

## एक नजर

### असम में 5 करोड़ मूल्य की हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के कछार जिले में पांच करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को यह जानकारी दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में शर्मा ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर कछार पुलिस ने चलचपरा में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर एक विशेष अभियान चलाया और एक वाहन को रोका। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर वाहन से 5 करोड़ रुपये मूल्य की 974 ग्राम हेरोइन बरामद की गई, जिसे पड़ोसी राज्य से लाया जाया जा रहा था। इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

### तमिलनाडु में शराब से मरने वालों की संख्या हुई 53

**कल्लाकुरिचि।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देशी शराब पीने से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या शनिवार को बढ़कर 53 हो गई। प्रशासन ने बताया कि अवैध देशी शराब पीने से बीमार हुए 140 लोगों की हालत अभी स्थिर है। कल्लाकुरिचि के जिलाधिकारी एम.एस प्रशांत ने बताया कि जिले में मंगलवार रात अवैध देशी शराब पीने से 193 लोग बीमार पड़ गए और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया, हालांकि उनमें से 140 लोगों की हालत अभी स्थिर है। उन्होंने कहा कि शराब पीने से 53 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि इस घटना के सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## झारखंड में ईडी का छापा, 1 करोड़ नकद, 100 कारतूस बरामद

रांची, एजेंसी

जमीन हड़पने का मामला



● पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ मामले की जांच के तहत एजेंसी ने की कार्रवाई

● आईएएस एवं रांची के पूर्व उपायुक्त सहित 25 से अधिक लोगों हुए हैं गिरफ्तार

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ कथित तौर पर जमीन हड़पने से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची में छापेमारी कर एक करोड़ रुपये नकद और 100 कारतूस जब्त किए।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि कांके रोड स्थित परिसर में छापेमारी कर ये जब्ती हुईं। परिसर का मालिक कमलेश सिंह है। छापेमारी की यह कार्रवाई पूर्व मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन के खिलाफ कथित तौर पर जमीन हड़पने के मामले में की जा रही है, लेकिन यह एक अलग भूखंड से जुड़ा मामला है। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने कारसूत बरामद किए जाने के संबंध में शस्त्र अधिनियम के तहत पुलिस में मुकदमा भी दर्ज कराया है। मामले की जांच के तहत ईडी सोरेन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी एवं रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, भानु प्रताप प्रसाद और अन्य सहित 25 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

एजेंसी, सोरेन की ओर से रांची के बार्गेन इलाके में कथित तौर पर अवैध तरीके से हासिल किए गए कई भूखंड सहित 266 करोड़ रुपये कीमत के भूखंड जब्त कर चुकी है और एजेंसी अब तक चार आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। भूमि हड़पने के आरोपों को खारिज करते हुए सोरेन का कहना है कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने राजनीतिक प्रतिशोध में उनके खिलाफ यह मामला दर्ज कराया है। झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ ही मिनटों बाद ईडी ने 31 जनवरी को उन्हें रांची स्थित राजभवन से गिरफ्तार कर लिया था।

## बीटीसी की रेसिंग और सट्टेबाजी पर हाईकोर्ट की रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में बेंगलुरु टर्फ क्लब (बीटीसी) को ऑन-कोर्स और ऑफ-कोर्स घुड़दौड़ तथा सट्टेबाजी गतिविधियों को जारी रखने की अनुमति देने वाले एकल न्यायाधीश के आदेश पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश एनवी अंजारिया और न्यायमूर्ति केवी अरविंद की खंडपीठ ने पहले के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका के बाद शनिवार को स्थगन आदेश जारी किया। कोर्ट ने घुड़दौड़ और सट्टेबाजी के लिए लाइसेंस देने के खिलाफ राज्य सरकार के मजबूत प्रथम दृष्टया मामले को नोट किया, जिसमें राज्य के गृह विभाग तथा वित्त विभाग की ओर से छह जून को अपने संबंधित इनकारों में उठाई गई चिंताओं पर जोर दिया गया। बीटीसी, कर्नाटक रेस हॉर्स ओनर्स एसोसिएशन, कर्नाटक ट्रेनर्स एसोसिएशन, पंटर्स और जॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया सहित याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि घुड़दौड़ लोगों को आजीविका पाने का समर्थन करती है और पर्याप्त कर राजस्व भी देती है।

## 4 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे अभिनेता दर्शन

बेंगलुरु, एजेंसी

रेणुकास्वामी हत्या मामला



कर्नाटक में बेंगलुरु की अदालत ने कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीप को रेणुकास्वामी हत्या मामले में शनिवार को 4 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दर्शन के कथित साथियों विनय, प्रदोष और धनराज को भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

अभिनेता 11 जून से हिरासत में है। दर्शन की मित्र पवित्रा गौड़ा सहित 13 अन्य आरोपियों को दो दिन पहले 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। रेणुकास्वामी की हत्या में अब तक 17 लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस के अनुसार अभिनेता के प्रशंसक रेणुकास्वामी ने गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे। रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर अभिनेत्री गौड़ा के सोशल मीडिया अकाउंट पर टिप्पणी कर उन पर अभिनेता व उनकी पत्नी के बीच दरार पैदा करने का आरोप लगाया था।

## आंध्र के पूर्व सीएम जगनमोहन रेड्डी के पार्टी कार्यालय पर चला बुलडोजर

अमरावती, एजेंसी

● वाईएसआरसीपी ने कहा-प्रतिशोध की राजनीति कर रहे चंद्रबाबू नायडू

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को राज्य सरकार ने बुलडोजर से गिरवा दिया है। शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे यह कार्रवाई आंध्र प्रदेश राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (सीआरडीए) ने की। गुंटूर के तडेपल्ली में यह कार्यालय करीब दो एकड़ जमीन में बनाया जा रहा था। कार्रवाई के लिए तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेता की शिकायत को आधार बनाया गया। तेदेपा नेता ने सीआरडीए और मंगलगिरी ताडेपल्ली नगर निगम (एमटीएमसी) के आयुक्तों के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी कि वाईएसआर कांग्रेस का कार्यालय सिंचाई विभाग की दो एकड़ जमीन पर अवैध रूप से बनाया जा रहा है।

सत्तारूढ़ तेदेपा ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ताडेपल्ली में सर्वेक्षण संख्या 202/ए1 के तहत कार्यालय के निर्माण के लिए भूमि का यह टुकड़ा आवंटित किया था। जगनमोहन रेड्डी ने इस दो एकड़ जमीन पर पार्टी का कार्यालय बनाकर पड़ोस की 15 एकड़ जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। अब यह स्पष्ट हो गया है कि सिंचाई विभाग ने इस दो एकड़ जमीन को वाईएसआरसीपी को सौंपने की मंजूरी नहीं दी थी।

इससे पहले दिन में, वाईएसआरसीपी के अध्यक्ष वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने गुंटूर जिले के ताडेपल्ली में विपक्षी दल के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को ध्वस्त कर दिया। रेड्डी ने दावा किया कि उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए पार्टी के कार्यालय को ध्वस्त किया गया। रेड्डी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि चंद्रबाबू प्रतिशोध की राजनीति कर रहे हैं। एक तानाशाह की तरह उन्होंने वाईएसआर कांग्रेस के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया।

## अनशन में बाधा डालने की कोशिश करा रही है भाजपा : आतिशी

नई दिल्ली, एजेंसी



● अनशन स्थल पर प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए, लहराईं तख्तियां

जल मंत्री आतिशी के अनशन स्थल पर प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को जल संकट को लेकर नारे लगाए और तख्तियां लहराईं। आप ने भाजपा पर अनशन में बाधा डालने का आरोप लगाया। भाजपा ने आतिशी की भूख हड़ताल को नाटक बताते हुए पलटवार किया और दावा किया कि प्रदर्शनकारी नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक तथा बस मार्शल थे, जिन्हें आप सरकार ने नौकरी से हटाया था।

दक्षिणी दिल्ली के भोगल में शुक्रवार को अनशन शुरू करने वाली आतिशी ने कहा कि कुछ लोग हंगामा करने और उन पर हमला करने के लिए अनशन स्थल पर आए। लेकिन मैं भाजपा को बताना चाहती हूं कि मैं सत्याग्रह के रास्ते पर हूं। मैं डरने वाली नहीं हूं। मैं ऐसे कार्यों से भूख हड़ताल को बंद नहीं करने वाली हूं। 28 लाख दिल्लीवासियों को उनके हिस्से का पानी मिलने तक यह भूख हड़ताल जारी रहेगी। आप ने कहा कि आतिशी के उपवास के दूसरे दिन स्थिति तब बिगड़ी जब भाजपा के भेजे गए लोगों ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में बाधा डालने का प्रयास किया।

# कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-925 फ्लैग-1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100
**चन्दौसी :** शिवालिक- 900 फ्लैग-1045 बोल्ड- 1190 डीएमओ- 800

### मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90 से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

### देश को दलहन तिलहन में आत्मनिर्भर बनाएं: शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के वैज्ञानिकों से प्रोद्योगिकी पर काम करते समय देश के लघु और सीमांत किसानों की भलाई पर ध्यान देने तथा दलहन और तिलहन में देश को आत्म निर्भर बनाने के लिए काम करने का आह्वान किया है। चौहान पूसा में आईएआरआई के पूर्व छात्रों के सम्मेलन में मुख्य अतिथि थे।

### कार्यबल बढ़ाने पर गडकरी ने दिया जोर

**नागपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को उद्योगों से कौशल विकास संस्थान शुरू करने का आग्रह किया, ताकि कुशल कार्यबल तैयार किया जा सके। नागपुर में सीआईआई-इंडस्ट्री एकेडमिया कॉन्क्लेव में गडकरी ने कुशल जनशक्ति विकसित करने के लिए उद्योग और शिक्षा जगत के बीच सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों के कौशल विकास और जनशक्ति बढ़ाने के लिए उद्योग और शिक्षा जगत के बीच समन्वय आवश्यक है।

## केंद्र ने राज्यों का समर्थन करते हुए समय पर कर हस्तांतरण, जीएसटी का मुआवजा दिया: वित मंत्री

### राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट से पहले बैठक में सीतारमण ने केंद्रीय योजना का लाभ लेने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्र ने राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिए समय पर कर हस्तांतरण और जीएसटी मुआवजा बकाया चुकाया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को यह बात कही। राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व बैठक में सीतारमण ने उनसे उस योजना का लाभ उठाने के लिए भी कहा, जिसके तहत केंद्र राज्यों को तयशुदा सुधार करने के लिए 50 साल का ब्याज मुक्त ऋण देता है।

आधिकारिक बयान में कहा गया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए समय पर कर हस्तांतरण, वित्त आयोग अनुदान और जीएसटी मुआवजे के बकाया के जरिए राज्यों को केंद्र सरकार के समर्थन को रेखांकित किया। सीतारमण ने पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना का उल्लेख किया। ज्यादातर राज्यों ने केंद्र की पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना की सराहना की और आगे सुधार के लिए सुझाव दिए। प्रतिभागियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री को 2024-25 के आम बजट के लिए कई सुझाव भी दिए। राजस्थान की वित्त मंत्री और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बताया कि उन्होंने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी), जल जीवन मिशन (जेजेएम), कुछ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं और रेलवे लाइनों के लिए आवंटन में बढ़ोतरी की मांग की। कर्नाटक के वित्त मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने ऊपरी भद्रा जल परियोजना के लिए पहले से घोषित सहायता में से 5,300 करोड़ जारी करने और इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग की।

### उद्यमियों को कर-राहत, जीएसटी दरें कम होने की उम्मीद

**पुणे।** उद्योग एवं सेवा क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों ने 2024-25 के पूर्ण बजट में कर से राहत और जीएसटी की दरों में कमी किए जाने की उम्मीद जताई है। यहां मारवाड़ी चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्रीज एंड एजुकेशन (एएमसीसीआईई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि आगामी बजट के मद्देनजर उद्योगपतियों ने सरकार के सामने अपनी मांगें रखनी शुरू कर दी हैं। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में जीएसटी को सरल बनाने और कई क्षेत्रों में दरें कम करने पर चर्चा संभव है। उन्होंने कहा कि महंगाई को देखते हुए आगामी पूर्ण बजट में आयकर के सबसे निचले स्तर में आने वाले लोगों को राहत देने पर विचार करने की जरूरत है। साथ ही कर प्रणाली सरलीकरण की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। नयी सरकार का पहला आम बजट जुलाई में पेश किया जा सकता है। हमारी 43बी(एच) अधिनियम की समीक्षा कराने की मांग हैं, जो सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्यमों के पंजीकृत व्यापारियों पर लगाया गया है।

## अरामको चेयरमैन की नियुक्ति के विरोध में रिलायंस के 16% शेयरधारक

नई दिल्ली, एजेंसी



● अल रुमय्यान के पक्ष में 83.97 और खिलाफ 16.02% मत पड़े

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरधारकों ने सऊदी अरामको के चेयरमैन यासिर ओथमान एच अल-रुमय्यान की कंपनी के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में पांच साल के लिए पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। हालांकि, 16 प्रतिशत से अधिक शेयरधारकों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया।

रिलायंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि शेयरधारकों ने डाक मतपत्र से अल रुमय्यान की पुनर्नियुक्ति के साथ ही हैग्रीव खेतान को निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दी। लंबे समय से कंपनी के कार्यकारी पीएमएस प्रसाद को अगले पांच साल के लिए निदेशक के रूप में फिर से नियुक्त करने को भी शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई। सूचना में कहा गया कि अल रुमय्यान की पुनर्नियुक्ति के प्रस्ताव के पक्ष में 83.97 प्रतिशत और खिलाफ 16.02 प्रतिशत मत पड़े। अल-रुमय्यन दुनिया के सबसे बड़े सॉवरेन वेल्थ फंड में से एक सऊदी अरब के सार्वजनिक निवेश कोष के प्रमुख भी हैं। अल-रुमय्यन को पहली बार 2021 में तीन साल के कार्यकाल के लिए रिलायंस के निदेशक मंडल में नियुक्त किया गया था। उनका पहला कार्यकाल 18 जुलाई, 2024 को समाप्त हो रहा है। ...और अब उन्हें 18 जुलाई 2029 तक फिर से नियुक्त किया गया है। खेतान एंड कंपनी में साझेदार खेतान को एक अप्रैल 2024 से पांच साल के लिए स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया था। लेकिन उनकी नियुक्ति के प्रस्ताव के खिलाफ भी लगभग 13 प्रतिशत शेयरधारकों ने मतदान किया। उनकी नियुक्ति के पक्ष में 87.15% शेयरधारकों ने मतदान किया।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 90850 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54800-55000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 72,450 |
| सोना रवा | 72,300 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72400 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71400 |
| सिल्वर (पक्की) | 888 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,600 |
| चांदी आभूषण | 89,800 |

### मांग कमजोर होने से ज्यादातर तेल-तिलहनों में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** शनिवार को मांग कमजोर होने से तेल-तिलहनों की कीमतों में गिरावट आई है। सस्ते आयातित तेल के आगे देशी तेल-तिलहन पिराई मिलों का हाल खराब हो गया है। थोक भाव टूट गए हैं लेकिन खुदरा बाजार में उपभोक्ता को ज्यादा फायदा नहीं मिलता है। हर साल समर्थन मूल्य बढ़ाने से तेल के दाम में कोई वृद्धि नहीं होती है जबकि तिलहनों के दाम बढ़ जाते हैं, जिससे किसानों को लागत नहीं मिलती है। सस्ते आयातित तेल के आगे देशी मिलों में बिक्री नहीं हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि तिलहनों की खरीफ की बिजाई चल रही है।

### दूरसंचार अधिनियम 2023 से शुरू होगा कनेक्टिविटी का नया युग

**नई दिल्ली।** सरकार ने ब्रिटिश काल के भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 और भारतीय वायरलेस टेलीग्राफ अधिनियम, 1933 जैसे कानूनों के स्थान पर दूरसंचार अधिनियम 2023 की धाराएं एक, दो, 10 से 30, 42 से 44, 46, 47, 50 से 58, 61 और 62 को अधिसूचित कर दिया है। इस संबंध में कल गजट अधिसूचना जारी किया गया। जिन धाराओं को अधिसूचित किया गया है उससे कनेक्टिविटी को लेकर नये युग का सूत्रपात होगा। इसका उद्देश्य दूरसंचार सेवाओं और नेटवर्क के विकास, विस्तार और संचालन से संबंधित कानून को संशोधित और समेकित करना के साथ स्पेक्ट्रम का आवंटन और उससे जुड़े मामलों में तेजी लाना है। दूरसंचार क्षेत्र और प्रौद्योगिकियों में तकनीकी प्रगति से ब्रिटिश काल के पुराने कानूनों के स्थान पर लाया गया है।



### एलएनजी प्लांट के लिए ओएनजीसी और इंडियन ऑयल में साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

● दीनदयाल उर्जा भवन में हस्ताक्षर समारोह हुआ आयोजित

तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने विंध्य बेसिन क्षेत्र में मध्य प्रदेश के हट्टा गैस फील्ड के नज़दीक छोटे पैमाने का लिक्विफाईड नैचुरल गैस (एलएनजी) प्लांट स्थापित करने के लिए समझौता किया है।


ओएनजीसी शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार हट्टा एलएनजी प्लांट की स्थापना विंध्य बेसिन को श्रेणी दो से श्रेणी एक के बेसिन का दर्जा दिलाएगी। राजधानी में दीनदयाल उर्जा भवन में आयोजित हस्ताक्षर समारोह में आईओसीएल के निदेशक (प्लानिंग एण्ड बिज़नेस डेवलपमेन्ट), सुजय चौधरी और ओएनजसी की निदेशक (अन्वेषण) सुषमा रावत मौजूद थीं। प्रस्तावित संयंत्र में पारम्परिक जीवाश्म ईंधन के स्वच्छ विकल्प- एलएनजी के उत्पादन के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। यह प्लांट कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और भारत के जलवायु परिवर्तन उन्मूलन लक्ष्यों को हासिल करने में योगदान देगा।

### जर्मनी की शिपिंग कंपनी के लिए चार मालवाहक जहाज बनाएगी जीआरएसई

**कोलकाता।** सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उद्यम गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने शनिवार को जर्मनी की शिपिंग कंपनी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।



एक अधिकारी ने बताया कि यह समझौता 4 बहुउद्देश्यीय मालवाहक जहाजों के निर्माण और आपूर्ति के लिए है। जीआरएसई ने एनएसई और बीएसई को बताया कि यह ठेका 5.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है और इसे 33 महीनों में पूरा करना है। जीआरएसई के अधिकारी ने कहा कि जीआरएसई ने जहाजों के निर्माण और आपूर्ति के लिए जर्मनी की शिपिंग कंपनी कार्स्टन रेहडर शिफ्समैकलर अंड रीडरेई जीएमबीएच एंड कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते में निकट भविष्य में चार और जहाज बनाने का विकल्प भी है।



# भारत की जीत में हार्दिक और कुलदीप चमके

## बांग्लादेश को 50 रन से हराया, कोहली-पंत और दुबे भी गरजे


कुलदीप यादव

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा),एजेंसी**

हार्दिक पंड्या के तेजतर्रार अर्धशतक के बाद कुलदीप यादव के फिरकी के जादू से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में शनिवार को यहां बांग्लादेश को 50 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत के साथ सेमीफाइनल के लिए अपना दावा बेहद मजबूत किया। इस जीत से भारत के ग्रुप एक में दो मैच में दो जीत से चार अंक हो गए हैं और टीम शीर्ष पर है। ऑस्ट्रेलिया एक मैच में दो अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। लगातार दूसरी हार झेलने वाले बांग्लादेश और अफगानिस्तान का अभी खाता भी नहीं खुला है।

भारत के 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम कुलदीप (19 रन पर तीन विकेट), जसप्रीत बुमराह (13 रन पर दो विकेट) और अर्शदीप (30 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने सर्वाधिक 40 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन ने 29 और रिशाद हुसैन ने 24 रन की पारी खेली। इससे पहले पंड्या (नाबाद 50 रन, 27 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के तेजतर्रार अर्धशतक के अलावा विराट कोहली (37), ऋषभ पंत (36) और शिवम दुबे (34) की उपयोगी पारियों से भारत ने पांच विकेट पर 196 रन बनाए।

बांग्लादेश की तरफ से तंजीम हसन साकिब ने 32 जबकि रिशाद हुसैन ने 43 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश ने सतर्क शुरुआत करते हुए पावर प्ले में लिटन दास (13) का विकेट गंवाकर 42 रन बनाए। तंजीद ने अर्शदीप पर चौके से खाता खोला और फिर इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में भी दो चौके मारे।

लिटन ने पंड्या का स्वागत छक्के के साथ किया लेकिन अगली गेंद पर इस शॉट को दोहराने की कोशिश में डीप स्क्वायर लेग पर सूर्यकुमार यादव को कैच दे बैठे। तंजीद अगले ओवर में भाग्यशाली रहे जब बुमराह की गेंद पर विकेटकीपर पंत ने उनका कैच टपका दिया। कप्तान शंटो ने पंड्या पर दो छक्कों के साथ नौवें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। कुलदीप ने तंजीद को पगबाधा करके कप्तान के साथ उनकी 31 रन की साझेदारी का अंत किया। उन्होंने 31 गेंद का सामना करते हुए चार चौके मारे। कुलदीप ने अपने अगले ओवर में तौहीद हृदय (04) को भी पगबाधा किया। शंटो ने जडेजा पर अपना तीसरा छक्का मारा। शाकिब अल हसन (11) ने कुलदीप पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर एक्स्ट्रा कवर पर रोहित को कैच दे बैठे जिससे बांग्लादेश का स्कोर चार विकेट पर 98 रन हो गया।


हार्दिक पंड्या

## खेल डायरी

### गंगजी ने सेलांगोर मास्टर्स गोल्फ खिताब जीता

**सेलांगोर (मलेशिया)।** भारतीय गोल्फर राहिल गंगजी शनिवार को यहां अंतिम दिन तीन ओवर 73 के कार्ड में छह बोगी के बावजूद डेयेन लॉसन (69) को एक शॉट से पछाड़कर पीकेएनएस सेलांगोर मास्टर्स खिताब जीता। इस 45 साल के अनुभवी गोल्फर ने पांच शॉट की बढ़त से शुरुआत की और आठ अंडर पर रहे। यह गंगजी की एडीटी में दूसरी जीत है। उन्होंने 2018 में भारत में लुई फिलिप कप में खिताब जीता था। गंगजी एशियाई टूर पर दो जीत दर्ज कर चुके हैं, जिसमें पहली 2004 में बीजिंग में फॉक्सवैगन मास्टर्स में और फिर जापान में पैनासोनिक ओपन में मिली थी।

### अदिति ने महिला पीजीए गोल्फ में हासिल किया कट

**समामीश (सिएटल)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे दौर में लचर प्रदर्शन के बावजूद यहां केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप में कट हासिल करने में सफल रहीं। महिला गोल्फ में 30वें मेजर टूर्नामेंट में खेल रही अदिति ने दूसरे दौर मे पांच बोगी से 77 का स्कोर बनाया। दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर पांच ओवर 149 है। अदिति संयुक्त रूप से 64वें स्थान पर चल रही हैं। वह अगस्त में पेरिस में अपने तीसरे ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। सारा श्मेलजेल (67) और एमी यंग (68) दोनों छह अंडर 138 के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं।

### तलवारबाज ने टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता

**जम्मू।** भारतीय टीम में शामिल जम्मू-कश्मीर के तलवारबाज अजय कुमार ने रूस के कज़ान में चल रहे ब्रिक्स खेलों में टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सूत्रों के अनुसार जम्मू-कश्मीर के शीर्ष तलवारबाज अजय ने ब्रिक्स खेलों में एपी टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। अजय ने सीनियर और जूनियर नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप के पिछले दोनों संस्करणों में भी पदक जीते हैं। इसके अलावा, उन्होंने एशियाई चैम्पियनशिप, सीनियर और जूनियर विश्व कप जैसे कई अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया।

### नागल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

**चेन्नई।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने शनिवार को पुष्टि की कि उन्होंने आगामी पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल स्पर्धा के लिए आधिकारिक तौर पर क्वालीफाई कर लिया है। नागल के लिए यह दूसरा ओलंपिक होगा। उन्होंने इससे पहले 2020 तोक्यो खेलों के लिए भी क्वालीफाई किया। वह तोक्यो में दूसरे दौर में पहुंचे थे। नागल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैंने आधिकारिक तौर पर 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह मेरे लिए एक यादगार क्षण है क्योंकि ओलंपिक मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है।

# पंत की वापसी काबिले तारीफ

**ग्रॉस आइलेट, एजेंसी**

**इयान स्मिथ बोले**

- गिलक्रिस्ट के स्तर तक पहुंचने के लिए ऋषभ को तय करना होगा लंबा रास्ता





न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ का मानना है कि ऋषभ पंत की एडम गिलक्रिस्ट के साथ तुलना करना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन उन्होंने कहा कि अगर भारत का विकेटकीपर बल्लेबाज अपनी वर्तमान फॉर्म को जारी रखता है तो वह ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी के करीब पहुंच सकता है।

स्मिथ स्वयं भी विकेटकीपर बल्लेबाज रहे हैं और पंत ने कार दुर्घटना से उबरने के बाद जिस तरह से वापसी की है उससे काफी प्रभावित हैं। पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग में अच्छा प्रदर्शन किया और टी20 विश्व कप में भी वह विकेट के आगे और विकेट के पीछे अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से निभा रहे हैं। पंत को वर्तमान समय में विश्व क्रिकेट के सबसे प्रतिभाशाली क्रिकेटरों में गिना जाता है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट शतक लगाए हैं लेकिन गिलक्रिस्ट की बराबरी पर पहुंचने के लिए उन्हें अभी लंबा रास्ता तय करना होगा जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15000 से अधिक रन बनाने के साथ 800 से अधिक कैच लिए हैं। टी20 विश्व कप में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे स्मिथ ने कहा कि ऋषभ पंत ने दुर्घटना के बाद दमदार वापसी की है और वह बेहतरीन फॉर्म में दिख रहा है।

## क्विंटन की पारी ने पैदा किया अंतर : बटलर

**ग्रॉस आइलेट, एजेंसी।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में उनके बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक की तरह आक्रामकता नहीं दिखा पाए जिनकी पारी ने दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया।

डिकॉक ने 38 गेंद पर 65 रन बनाए जिससे दक्षिण अफ्रीका छह विकेट पर 163 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम छह विकेट पर 156 रन ही बना पाई। बटलर ने मैच के बाद कहा कि जिस तरह से डिकॉक ने बल्लेबाजी की उससे वास्तव में हम पर दबाव आ गया था। उसने कुछ शानदार शॉट खेले और हम उसकी बराबरी नहीं कर पाए। मेरा मानना है कि उसकी पारी ने मैच में अंतर पैदा किया।

# शाई होप ने जिंदा रखी विंडीज की उम्मीद



**ब्रिजटाउन,एजेंसी**

**टी-20 विश्व कप**

- अमेरिका को नौ विकेट से दी करारी शिकस्त
- अभी भी सेमीफाइनल में पहुंच सकता है वेस्टइंडीज

रोस्टन चेज और आंद्रे रसेल की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज शाई होप की धमाकेदार पारी की मदद से वेस्टइंडीज अपने सह मेजबान अमेरिका को 55 गेंद शेष रहते हुए 9 विकेट से हराकर टी-20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को पंख लगाए। पहले मैच में इंग्लैंड से हारने वाले वेस्टइंडीज के लिए इस मैच में सब कुछ सकारात्मक रहा।

उसने पहले टॉस जीता और फिर अमेरिका की पूरी टीम को 19.5 ओवर में 128 रन पर आउट कर दिया। वेस्टइंडीज ने इसके बाद होप की 39 गेंद पर खेली गई नाबाद 82 रन की परी की मदद से केवल 10.5 ओवर में एक विकेट पर 130 रन बनाकर अपने नेट रन रेट में बहुत सुधार किया। होप ने अपनी पारी में चार चौके और आठ छक्के लगाए।

विंडीज को अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अफ्रीका को हराना होगा। इंग्लैंड अगर अपने अगले मैच में अमेरिका को हरा देता है तब भी विंडीज आगे बढ़ सकता है क्योंकि अभी उसका नेट रन रेट अफ्रीका और इंग्लैंड से बेहतर है। जॉनसन 15 रन पे आउट हो गए, लेकिन होप और निकोलस पूरन ने 23 गेंद पर 63 रन जोड़कर टीम को बड़ी जीत दिलाई।

# अफगान के सामने ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती

**किंग्सटाउन, एजेंसी**



भारत से हारने के बाद अफगानिस्तान को रविवार को यहां टी-20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप एक के अपने दूसरे मुकाबले में आस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। सुपर आठ के अपने पहले मुकाबले में भारत से 47 रन से हारने वाली अफगानिस्तान की टीम काफी दबाव में होगी, उस पर जीत ही नहीं बल्कि नेट रन रेट सुधारने का दबाव भी होगा।

अफगानिस्तान -2.350 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है और उसके लिए इसे बेहतर करना और साथ ही ग्रुप की अंक तालिका में ऊपर की ओर बढ़ना मुश्किल काम होगा जिसमें बांग्लादेश भी शामिल है। अफगानिस्तान ने ग्रुप चरण में हरफनमौला कौशल का प्रदर्शन किया जिसकी बदौलत वह वेस्टइंडीज के बाद दूसरे स्थान पर रहने में सफल रहा। लेकिन 2021 की विजेता आस्ट्रेलिया को रोकने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा जो लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी है।

**टीमें : आस्ट्रेलिया :** मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), डेविड वार्नर और एडम जम्पा।

**अफगानिस्तान :** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हजरतुल्लाह जजई, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक।

**मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा।**

## पर्वतारोही बलजीत एक बार फिर माउंट एवरेस्ट पर पहुंचीं

**शिमला, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक टाटा पावर ने गर्व के साथ की है कि इसकी सस्टेनेबिलिटी चौंपियन और शीर्ष पर्वतारोही बलजीत कौर ने कंपनी केस स्टेनेबल इज अटेनेबल संदेश को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी तक पहुंचाते हुए माउंट एवरेस्ट पर सफलता पूर्वक फतह हासिल की।

टाटा पावर के सीईओ एवं एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने अप्रैल में इस अभियान की शुरुआत मुंबई में औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर की थी। इसके बाद बलजीत ने लद्दाख जंस्कर हिमालय पर्वतमाला में कठिन प्रशिक्षण लिया जहां उन्होंने माउंट यूटी लद्दाख कांगड़ी (6070 मीटर) पर चढ़ाई की।

# तीरंदाजी टीम की स्वर्ण की हैट्रिक

**अंताल्या (तुर्की), एजेंसी**



भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण 3 में यहां स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगायी। खेलो इंडिया योजना की एथलीट ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति गोपीचंद स्वामी की तिकड़ी ने इस 2024 में लगातार तीसरा विश्व कप जीता। शंघाई में विश्व कप चरण 1 में तिकड़ी ने स्वर्ण पदक जीता था जबकि येचिओन, कोरिया गणराज्य में विश्व कप चरण 2 में स्वर्ण पदक जीता और अंताल्या, तुर्की में विश्व कप स्टेज-3 में स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की।

उन्होने कड़े मुकाबले में छठी रैंकिंग वाली एस्टोनिया को 232-229 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने तीरंदाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक की हैट्रिक बनाई।

उन्होने फाइनल में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार 13वीं जीत दर्ज की। इस साल की शुरुआत में शंघाई में पहले चरण और येचेओन में दूसरे चरण में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद टीम ने स्वर्ण पदकों की क्लीन स्वीप भी पूरी की। शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण-3 में स्वर्ण पदक जीता।

# बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा इंग्लैंड

**ब्रिजटाउन, एजेंसी**

**टी-20 वर्ल्ड कप**

- अमेरिका से मुकाबला आज लाज बचाने उतरेगी टीम
- अमेरिकी टीम को हल्के में नहीं ले रहे इंग्लैंड के खिलाड़ी

गत चैंपियन इंग्लैंड को टी20 विश्व कप में अगर अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे अमेरिका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी और ऐसे में उसके 'पावर हिटर' की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

इंग्लैंड के बल्लेबाज अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी नहीं कर पाए और इस मैच में हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया। विंडीज की अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत से इस ग्रुप में सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ रोमांचक हो गई है।

ऐसी परिस्थितियों में इंग्लैंड को अपने नेट रन रेट में सुधार करने के लिए अमेरिका पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। वहीं, इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि अमेरिका की टीम को हल्के में लेना हमारे लिए गलत होगा।

**यूरो कप** — ग्रुप डी में दोनों टीम चार अंकों के साथ शीर्ष पर

# नीदरलैंड-फ्रांस ने गोलरहित ड्रॉ पर बांटे अंक

**लीपज़िग, एजेंसी**

यूरो 2024 के ग्रुप डी के एक करीबी मुकाबले में नीदरलैंड और फ्रांस ने शनिवार को यहां गोल रहित ड्रॉ खेला और अंक बांट लिये। ग्रुप डी में दोनों टीमें अब चार अंकों के साथ शीर्ष पर हैं और शीर्ष पर बने रहने की यह जंग ग्रुप के अंतिम मैच तक जारी रहेगी।

दोनों टीमों ने मैच के दौरान लचीली और रक्षात्मक शैली अपनायी। नीदरलैंड के कप्तान वर्जिल वान डिज्क ने प्रभावित किया और फ्रांस के शक्तिशाली आक्रमण को बेअसर कर दिया।



### चेक गणराज्य और जॉर्जिया ने खेला ड्रॉ

**हैम्बर्ग।** जॉर्जिया ने शनिवार को यहां यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट में ग्रुप एफ मैच में चेक गणराज्य को 1-1 से बराबरी पर रोककर किसी बड़े टूर्नामेंट में पहली बार अंक हासिल किया। मैच में वीडियो रिव्यु पर चेक गणराज्य के एडम हलोजेक के गेल को हैंडबॉल के कारण नकार दिया गया। यूरो 2024 में पदार्पण कर रही एकमात्र टीम जॉर्जिया ने इसके बाद जॉर्जेस मिकाउताद्ज़े के गोल से बढ़त बनाई। जॉर्जेस ने पेनल्टी पर गोल किया जो चेक गणराज्य के डिफेंडर रोबिन हरानेक के हैंडबॉल के कारण मिली थी।

# भारतीय महिला टीम की निगाहें क्लीन स्वीप पर

**बेंगलुरु, एजेंसी**

**तीन मैचों की श्रृंखला**

- भारतीय टीम ने 2-0 से हासिल कर रखी है अजेय बढ़त
- फॉर्म में चल रहीं स्मृति मंधाना पर रहेगी अफ्रीकी टीम की नजर

पहले दो मैच में हर तरह की चुनौती का डटकर सामना करने वाली भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच को जीतकर श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारत ने श्रृंखला का पहला मैच आसानी से जीता लेकिन दूसरे मैच में उसे कड़ा संघर्ष करना पड़ा। पहले मैच में भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 99 रन के स्कोर से उबरकर 260 रन से अधिक का स्कोर बनाया था। भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद इस स्कोर का अच्छी तरह से बचाव किया। पिछले मैच में हालांकि लॉरा वोल्वार्ड्ट और मारिजान कैप ने शतक बनाकर भारतीय गेंदबाजों की नहीं चलने दी और अंतिम गेंद तक मैच को रोमांचक बनाए रखा। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# स्विटजरलैंड की अदालत के सजा सुनाने पर हिंदुजा परिवार स्तब्ध, अपील दायर की

लंदन, एजेंसी

- हिंदुजा परिवार के चार सदस्य घरेलू सहायकों का शोषण करने के दोषी पाए गए

ब्रिटेन के सबसे धनी परिवार हिंदुजा ने कहा है कि वह अपने कुछ सदस्यों को स्विटजरलैंड की अदालत द्वारा जेल की सजा सुनाये जाने के फैसले से स्तब्ध है और उन्होंने इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील दायर कर इस निर्णय को चुनौती दी है। स्विस अदालत ने हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को जिनेवा स्थित अपने विला में घरेलू सहायकों का शोषण करने का दोषी पाया था।

शुक्रवार को परिवार की ओर से जारी एक बयान में स्विट्जरलैंड के वकीलों ने अपने मुवक्किलों का बचाव करते हुए कहा कि प्रकाश और कमल हिंदुजा (दोनों की आयु 70 वर्ष) तथा उनके बेटे अजय और उनकी पत्नी नम्रता को मानव तस्करी के सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। उन्होंने जिनेवा स्थित अदालत के आदेश के बाद परिवार के किसी भी सदस्य को हिरासत में लिए जाने के मीडिया रिपोर्ट को भी खारिज कर दिया। वकील येल हयात, रॉबर्ट असैल और रोमन जॉर्डन द्वारा हस्ताक्षरित बयान में कहा गया है, हमारे मुवक्किलों को मानव तस्करी के सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। प्रथम दृष्टया, इस अदालत में लिये गये बाकी निर्णय से हम स्तब्ध व निराश हैं और हमने निश्चित रूप से उपरी अदालत में अपील दायर की है, जिससे फैसले का यह हिस्सा प्रभावी नहीं होगा। स्विट्जरलैंड की एक आपराधिक अदालत ने शुक्रवार को हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को घरेलू सहायकों का शोषण करने के मामले में चार से साढ़े चार साल तक की जेल की सजा सुनाई। अदालत ने साथ ही, मानव तस्करी के आरोपों को खारिज कर दिया।


भारतीय मूल के उद्योगपति प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी, बेटे व पुत्रवधू पर अपने नौकरों की तस्करी का आरोप लगाया गया था, जो जिनेवा में उनके आलीशान विला में काम करते थे। चारों आरोपी जिनेवा की अदालत में मौजूद नहीं थे, हालांकि परिवार का व्यवसाय प्रबंधक और पांचवां आरोपी नजीब जियाजी अदालत में मौजूद था।

## रूसी राजनयिकों के कर छूट का विशेषाधिकार छीना

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूसी राजनयिकों से उनके कर छूट विशेषाधिकार छीन लिए हैं। अमेरिका में रूस के राजदूत अनातोली एंटोनोव ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी है। यह कर छूट विशेषाधिकार कार्ड विदेशी राजनयिकों को अमेरिका में दुकानों, रेस्तरां और अन्य इस तरह के प्रतिष्ठानों में किसी भी वस्तु को खरीदने के बाद उसका भुगतान करते समय उन्हें बिक्री कर भुगतान नहीं करने की अनुमति देता हैं। एंटोनोव ने कहा, आज अमेरिका ने रूसी राजनयिकों, द्विपक्षीय संस्थानों के राजनयिकों पर चौंकाने वाला हमला किया। उन्होंने हमारे कर छूट विशेषाधिकार कार्ड छीन लिये।

# यात्रा से पहले पुख्ता की गई सुरक्षा व्यवस्था

श्रीनगर, एजेंसी



एक सप्ताह में शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि तीर्थयात्रा को सफल बनाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के साथ ही सुविधाओं में भी सुधार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और तीर्थयात्रा को बाधित करने के आतंकवादियों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए उच्च स्तर की सतर्कता की जरूरत पर जोर दिया।



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शनिवार को श्रीनगर के राजभवन से ही अमरनाथ यात्रा की प्रथम पूजा में डिजिटल माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने कहा, देशभर के तीर्थयात्रियों के लिए दर्शन 29 जून से शुरू होंगे। श्राइन बोर्ड (श्री अमरनाथ) और जम्मू कश्मीर प्रशासन ने तीर्थयात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की है। पिछले दो वर्षों में यात्रियों के लिए सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने पवित्र गुफा मंदिर तक जाने वाली सड़कों को बेहतर बनाया है और कुछ हिस्सों को चौड़ा किया है। पूजा के बाद राजभवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा, मेरा मानना है इस बार तीर्थयात्रियों की यात्रा ज्यादा सुगम होगी। उपराज्यपाल ने कहा कि सभी धर्म के लोगों ने हमेशा यात्रा का समर्थन किया है।

### अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताः डुल्लू

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने शनिवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यहां भगवती नगर आधार शिविर में व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन के साथ डुल्लू ने वार्षिक तीर्थयात्रा से पहले व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए भारी सुरक्षा वाले आधार शिविर का दौरा किया। अमरनाथ के लिए 52 दिवसीय तीर्थयात्रा 29 जून को अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर के छोटे लेकिन खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग से शुरू होगी। मुख्य सचिव ने आधार शिविर में संवाददाताओं से कहा, तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को 28 जून को यहां (भगवती नगर) से रवाना किया जाएगा और अगले दिन (कश्मीर में) यात्रा शुरू होगी। हम व्यवस्था का निरीक्षण करने आए हैं और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की है।

## एक नजर

### इटली में शरणार्थी जहाज़ दुर्घटनाग्रस्त 34 की मौत

**रोम।** इटली के दक्षिणी तट के पास आयोनियन सागर में 14 प्रवासियों के शव बरामद किए जाने के साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। इस सप्ताह के शुरुआत में शरणार्थी को ले जा रही नाव दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। इतालवी समाचार मीडिया ने शनिवार को तटीय रक्षक सेवाओं का हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले इतालवी मीडिया आउटलेट्स ने बताया था कि दुर्घटना में कम से कम 20 लोगों की मौत की पुष्टि की गई थी, जिनमें से आठ नाबालिग थे।

### ईशनिंदा में हत्या के मामले में दो केस दर्ज

**मद्यन (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान में स्वात पुलिस ने मद्यन में एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या के मामले में दो प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की हैं। पिछली रात एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में शुक्रवार को प्राथमिकियां दर्ज की गईं। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पवित्र कुरान के कथित अपमान के आरोप में हिरासत में लिये गये एक व्यक्ति की मद्यन पुलिस स्टेशन के अंदर भीड़ ने गुरुवार शाम बेरहमी से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। इसके बाद भीड़ ने संदिग्ध के शव, पुलिस स्टेशन और एक पुलिस वाहन में आग लगा दी।

### चीन ने नया खगोलीय उपग्रह प्रक्षेपित किया

**ज़िचांग।** चीन ने शनिवार को ब्रह्मांड के सबसे दूर तक आतिशबाजी की तरह टिमटिमाती गामा-किरणों को पकड़ने के लिए एक खगोलीय उपग्रह प्रक्षेपित किया। यह उपग्रह चीन और फ्रांस के वैज्ञानिकों के बीच 20 वर्षों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार यह उपग्रह अंतरिक्ष-आधारित मल्टी-बैंड वैरिएबल ऑब्जेक्ट मॉनिटर को दक्षिण पश्चिम सिचुआन प्रांत में ज़िचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च-2 सी रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया था।

### रूस के साथ लड़ाई में 370 सैनिक खोए

**मॉस्को।** रूस के जैपाद (पश्चिम) ग्रुप ऑफ फोर्सेज ने यूक्रेन के साथ चल रहे संघर्ष में पिछले 24 घंटों में दो हमलों को विफल कर दिया और गोला-बारूद के भंडार को नष्ट कर दिया है जबकि यूक्रेन के कम से कम 370 सैनिक मारे गये। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने 370 सैनिकों, दो वाहनों, एक 122 मिमी डी-30 होवित्जर को खो दिया है।

# भविष्य की योजना पर जताई सहमति

## भारत-बांग्लादेश में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और बांग्लादेश ने शनिवार को नये क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र समेत कई अहम क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना के बीच व्यापक वार्ता के दौरान समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित प्रमुख समझौतों में डिजिटल क्षेत्र में संबंध प्रगाढ़ करने और हरित साझेदारी पर भी एक समझौता शामिल है। दोनों पक्षों ने रेलवे संपर्क पर भी एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। अन्य समझौते समुद्र विज्ञान, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, आपदा प्रबंधन और मत्स्य पालन के क्षेत्रों में किए गए।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक बयान में कहा, आज हमने नये क्षेत्रों में सहयोग के वास्ते भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण तैयार किया है। हरित साझेदारी, डिजिटल भागीदारी, समुद्री अर्थव्यवस्था और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बनी सहमति से दोनों देशों के युवाओं को लाभ मिलेगा। अपनी टिप्पणी में हसीना ने भारत को बांग्लादेश का प्रमुख पड़ोसी और एक विश्वसनीय मित्र बताया। उन्होंने कहा, भारत हमारा प्रमुख पड़ोसी, विश्वसनीय मित्र और क्षेत्रीय साझेदार है। बांग्लादेश, भारत के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने कहा, मैं 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता में भारत सरकार और भारत के लोगों के योगदान को कृतज्ञता के साथ याद करती हूं। हसीना ने 1971 के युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारत के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने कहा, आज हमारी बहुत ही सार्थक बैठकें हुईं, जिसमें हमने सुरक्षा, व्यापार, संपर्क, साझा नदियों के पानी के बंटवारे, बिजली और ऊर्जा तथा क्षेत्रीय व बहुपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।



बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का स्वागत करते प्रधानमंत्री मोदी।

### सहयोग दोनों देशों के संबंधों की दिशा तय करेगाः मुर्मु

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को कहा कि भारत और बांग्लादेश विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और उन्हें विश्वास है कि इससे भारत-बांग्लादेश संबंधों की भविष्य की दिशा होगी। भारत की दो दिन की यात्रा पर आयीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार शाम राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

### भारतीय कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रण

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारतीय कंपनियों को देश के विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला है। हसीना ने शुक्रवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और बांग्लादेश, दोनों को कारोबार क्षेत्र में मिलकर काम करना चाहिए। हसीना ने कहा, भारत बहुत बड़ा बाजार है, इसलिए दोनों देश मिलकर काम कर सकते हैं।

### धनखड़ से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। श्रीमती हसीना और धनखड़ की यह बैठक उप राष्ट्रपति एन्क्लेव पर हुई। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के ऐतिहासिक और गहरे संबंधों का उल्लेख किया और विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में आर्थिक एवं विकास भागीदारी, क्षेत्रीय संपर्क, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रसार और अंतरिक्ष समेत कई मुद्दों पर विचारों का आदान प्रदान किया गया।

## अमेरिका में गोलीबारी में तीन की मौत

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के अर्कांसस के फोर्डिस प्रांत में एक किराने की दुकान के बाहर गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। राज्य पुलिस ने शुक्रवार को अपराह्न में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घायलों में दो कानून प्रवर्तन अधिकारी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि घायलों में से कुछ लोगों को हल्की चोटें आयी हैं, जबकि कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने कहा कि पुलिस द्वारा गोली मारे जाने के बाद शूटर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे हिरासत में ले लिया गया है।

# ओलंपिक में हमले की योजना बनाने का आरोप

पेरिस, एजेंसी

- इले-डी-फ्रांस क्षेत्र में रहने वाले किशोर को हिरासत में लिया

फ्रांस में एक किशोर पर आगामी ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के दौरान हमलों की साजिश रचने का आरोप लगाया गया और उसे हिरासत में ले लिया गया। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने शनिवार को एक न्यायिक स्रोत का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। इले-डी-फ्रांस क्षेत्र में रहने वाले 19 वर्षीय किशोर पर आपराधिक आतंकवादी साजिश के साथ-साथ आतंकवादी उद्देश्यों के लिए हथियार खरीदने और रखने का आरोप लगाया गया है।

समाचार प्रसारक ने कहा कि कानून प्रवर्तन को किशोर और 13 जून को हिरासत में लिए गए नाबालिग के बीच संबंधों पर संदेह है। समाचार आउटलेट की रिपोर्ट के अनुसार दोनों किशोरों पर विशेष रूप से यहूदियों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई की योजना बनाने के लिए सोशल मीडिया पर संपर्क बनाने का संदेह है। पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

# भारतीय चालक दल के आठ सदस्य रवाना

वाशिंगटन, एजेंसी

- 26 मार्च को बाल्टीमोर में पुल से टकराकर मालवाहक पोत हुआ था दुर्घटनाग्रस्त

अमेरिका के मैरीलैंड प्रांत में 26 मार्च को बाल्टीमोर में पुल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुए मालवाहक पोत डाली के भारतीय चालक दल के आठ सदस्य तीन महीने बाद शुक्रवार को स्वदेश रवाना हुए। बाल्टीमोर मैरीटाइम एक्सचेंज के अनुसार 21 सदस्यीय चालक दल में से चार अब भी मालवाहक पोत एमवी डाली पर ही हैं जो कि शुक्रवार शाम वर्जीनिया के नॉरफॉक के लिए रवाना होगा।

चालक दल को शेष सदस्यों को बाल्टीमोर के एक सरकारी आवास में ले जाया गया है और जांच पूरी होने तक वे सभी वहीं रहेंगे। पोत सवार चालक दल के 20 सदस्य भारतीय नागरिक थे। इस दुर्घटना में छह श्रमिकों की मौत हो गई थी। इस मालवाहक पोत की मरम्मत नॉरफॉक में की जाएगी। न्यायाधीश की मंजूरी के बाद एक रसोइए, एक फिटर और नाविक सहित भारतीय चालक दल के आठ सदस्यों को स्वदेश रवाना कर दिया गया है। इनमें से कोई भी अधिकारी स्तर का नहीं है। अन्य 13 लोग जांच पूरी होने तक अमेरिका में ही रहेंगे।

बाल्टीमोर इंटरनेशनल सीफेयरर्स सेंटर के निदेशक जोशुआ मेसिक ने सीएनएन को बताया, वे (चालक दल) इस बात को लेकर काफी चिंतित हैं और तनाव में हैं कि आगे क्या होगा।

# अमेरिकी विमानवाहक पोत दक्षिण कोरिया पहुंचा

सियोल, एजेंसी

- परमाणु ऊर्जा से संचालित अमेरिकी विमानवाहक पोत त्रिपक्षीय अभ्यास में होगा शामिल

परमाणु ऊर्जा से संचालित अमेरिकी विमानवाहक पोत त्रिपक्षीय अभ्यास के लिए शनिवार को दक्षिण कोरिया पहुंचा। रूस और उत्तर कोरिया की गुटबंदी के बाद उत्तर कोरिया के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए दोनों देशों के सैन्य प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने के तहत यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट स्ट्राइक ग्रुप दक्षिण कोरिया के बुसान शहर पहुंचा।

इससे एक दिन पहले दक्षिण कोरिया ने रूस के राजदूत को तलब किया था और इस हफ्ते के शुरू में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तथा उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के बीच एक समझौते के लिए बनी सहमति को लेकर विरोध दर्ज कराया था। यह समझौते में किसी एक देश पर युद्ध की स्थिति में पारस्परिक रक्षा सहायता का संकल्प जताया गया है। दक्षिण कोरिया का कहना है कि यह समझौता उसकी सुरक्षा के लिए खतरा है और उसने चेतावनी दी है कि वह रूसी आक्रमण से निपटने के लिए यूक्रेन को हथियार भेजने पर विचार कर सकता है।

जून की शुरुआत में सिंगापुर में अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के रक्षा प्रमुखों की बैठक हुई थी जिसके बाद इन देशों ने फ्रीडम एज की घोषणा की।

# पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने आईएसआईएस, टीटीपी और अन्य प्रतिबंधित संगठनों के 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर एक बड़ी आतंकी साजिश को विफल करने का शनिवार को दावा किया। आतंकवाद-निरोधक विभाग के प्रवक्ता के अनुसार, इस सप्ताह पुलिस ने खुफिया सूचनाओं के आधार पर पंजाब के विभिन्न जिलों में अभियान चलाया तथा आईएसआईएस, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और लश्कर-ए-झांगवी (एलईजे) के 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि इन कथित आतंकवादियों को लाहौर, एटक, शेखपुरा, मुजफ्फरगढ़, ननकाना साहिब, बहावलपुर, डी जी खान, फैसलाबाद, मुल्तान, बहावलनगर और रावलपिंडी जैसे क्षेत्रों से गिरफ्तार किया गया। प्रवक्ता के अनुसार, संदिग्धों के पास से कथित रूप से 1645 ग्राम विस्फोटक, तीन हथगोले, एक आईईडी बम, 12 डिटोनेटर, एक पिस्तौल और प्रतिबंधित साहित्य सामग्री बरामद की गयी।

उन्होंने कहा, गिरफ्तार किये गये आतंकवादियों ने पंजाब में गड़बड़ी फैलाने की साजिश रची थी और वे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं हस्तियों को निशाना बनाना चाहते थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आतंकवादियों के खिलाफ 19 मामले दर्ज किये हैं और उन्हें पूछताछ के लिए अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है।

### पाकिस्तान में आतंकवादी हमला, पांच सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों के हमले में पांच सैनिकों की मौत हो गयी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि शुक्रवार को कुर्रम जिले में सुरक्षा बलों के वाहन पर विस्फोट किया गया। हमले में मारे गए सैनिकों की उम्र 24 से 33 वर्ष के बीच थी। फिलहाल किसी आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# कनिष्क कांड की जांच अब भी जारी : कनाडा पुलिस

ओटावा, एजेंसी

- पुलिस ने इसे आतंकवाद के मामले की सबसे लंबी और सबसे जटिल जांच में से एक बताया

कनाडा की पुलिस ने कहा है कि एअर इंडिया की उड़ान संख्या-182 को बम से उड़ाने की जांच अब भी जारी है। पुलिस ने इसे आतंकवाद के मामले की सबसे लंबी और सबसे जटिल जांच में से एक बताया है। पुलिस ने यह टिप्पणी विमान को बम से उड़ाने के 39 साल पूरे होने से तीन दिन पहले की है।

मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एयर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या-182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया, जिससे विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए थे। इनमें ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई थे। यह बम सिख आतंकवादियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के जवाब में रखा था। यह अभियान अमृतसर में स्वर्ण मंदिर को आतंकवादियों से मुक्त कराने के लिए 1984 में चलाया गया था। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के सहायक आयुक्त डेविड टेबौल ने एक बयान में कहा कि बम विस्फोट की यह वारदात देश के इतिहास में कनाडाइयों की जान लेने वाली और उन्हें प्रभावित करने वाली आतंकवाद संबंधी सबसे भयावह घटना है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की।

## बॉलीवुड हलचल

### प्रभास की फिल्म कल्कि का नया ट्रेलर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है।ट्रेलर में फिल्म के कलाकारों को उनके शानदार अवतारों में दिखाया गया है। अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा के रूप में साहसी स्टंट करते हैं, उलगनायगन कमल हासन यास्किन के रूप में एक अपरिचित लेकिन घातक अवतार में दिखाई देते हैं, और प्रभास उनके साथ भैरव के रूप में स्क्रीन पर कमान संभालते हैं। दीपिका पादुकोण ने सुमति का किरदार निभाया है, जो गर्भवती होने के दौरान अपनी भूमिका में तीव्र चुनौतियों का सामना करती है, और दिशा पटानी रॉक्सी के रूप में एक शक्तिशाली उपस्थिति देती हैं। बुज्जी के अवतार को भी दिखाया गया है। ट्रेलर में कल्कि 2898 एडी की तीन अलग दुनियाओं का परिचय दिया गया है।

### स्काईफोर्स में पायलट की भूमिका में नजर आयेंगे अक्षय कुमार



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार अपनी आने वाली फिल्म स्काई फोर्स में पायलट की भूमिका में नजर आयेंगे। अक्षय कुमार फिल्मकार दिनेश विजन के बैनर की फिल्म स्काई फोर्स में काम कर रहे हैं। इस फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान के बीच 1965 में हुई जंग के बैकग्राउंड पर आधारित है।इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ निमरत कौर,वीर पहाड़िया और सारा अली खान हैं। अक्षय कुमार इस फिल्म में एयरफोर्स पायलट के किरदार में नजर आयेंगे। इस फिल्म के लिये आर्ट डायरेक्शन और सिनेमैटोग्राफी पर खासा ध्यान दिया गया है।इस फिल्म के डीओपी सामंथा कृष्णन रविचंद्रन हैं। स्काई फोर्स का निर्देशन और लेखन संदीप केवलानी और अभिषेक कपूर ने किया है। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान, अमर कौशिक और ज्योति देशपांडे ने किया है।

### कुलदीप-पूजा स्टारर प्रोडक्शन न. 1 की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** रिलफील एंटरटेनर फिल्म्स के बैनर तले बन रही कुलदीप कुमार और पूजा गांगुली स्टारर फ़िल्म प्रोडक्शन न.1 की शूटिंग शुरू हो गयी है। फ़िल्म प्रोडक्शन न. 1 के निर्माता ललित कुमार शर्मा है, जबकि सह निर्माता राजेश पटेल है। निर्देशक सुमित सागर है। यह एक पारिवारिक फ़िल्म है। फ़िल्म को लेकर निर्माता-निर्देशक ने बताया कि फ़िल्म पूरी तरह सामाजिक अनूठी कहानी पर केंद्रित है, जिसमे दर्शकों को पूरी तरह नायपन दिखेगा। फ़िल्म समाज का आइना होता है और यह फ़िल्म पूरी तरह से अपने टाइटल के अनुसार फिलमाया जा रहा है। अभिनेता कुलदीप ने कहा, मैं इस फ़िल्म के हिस्सा बनाकर बहुत ख़ुश हूं और उम्मीद करता हूं की यह फ़िल्म दर्शकों के दिलो पर राज करेंगी।

खगोल विज्ञान | सुपर मैसिव ब्लैक होल जे1120 0641 नामक आकाशगंगा के केंद्र में है मौजूद

# ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास में महत्वपूर्ण ब्लैक होल की खोज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने एक ऐसे ब्लैक होल की खोज की है, जिसका उदय ब्रह्मांड की उत्पत्ति के बाद हुआ था। यह सुपर मैसिव ब्लैक होल एक परिपक्व क्वासर है, जो जे1120 0641 नामक आकाशगंगा में मौजूद है। ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास को लेकर यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार यह सुपर मैसिव ब्लैक होल है, जो आकाशगंगा के केंद्र में मौजूद है। यह गैस और धूल की एक चमकदार घेरे में घिरा हुआ है। नासा की अंतरिक्ष दूरबीन जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप अब इस ब्लैक होल की आगे का अध्ययन करेगी। इसी टेलीस्कोप से जे1120 0641 आकाशगंगा को देखा गया। तब इस ब्लैक होल की मौजूदगी की जानकारी मिल पाई। इस आकाशगंगा से प्रकाश को पृथ्वी तक पहुंचने में लगभग उतना ही समय लगता है, जितना कि ब्रह्मांड को आज तक विकसित होने में लगा है। इस ब्लैक होल का वजन एक अरब सौर द्रव्यमान से अधिक हो सकता है। यह खोज नेचर एस्ट्रोनॉमी पत्रिका में प्रकाशित हुई है। इस खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि यह हैरान कर देने वाली खोज है। इस ब्लैक होल के नजदीक सामग्री के अवलोकन से विशेष रूप से कुछ और पता चलने वाला था, लेकिन उन्हें कुछ खास नहीं मिला। मगर यह परिणाम और भी अधिक असाधारण है। इसका मतलब यह हो सकता है कि खगोल भौतिकीविद् आकाशगंगाओं के विकास के बारे में जितना सोचते थे, वह वास्तव में पर्याप्त नहीं हैं। जिस कारण यह खोज अधिक महत्वपूर्ण हो चली है। संभवतः यह खोज भौतिकी के क्षेत्र में नई दिशा देगी।



ब्रह्मांड की उत्पत्ति के समय जन्मा ब्लैक होल।

### आकाशगंगाओं की व्याख्या बड़ी चुनौती

प्रारंभिक विशाल ब्लैक होल व आकाशगंगा विकास की व्याख्या वर्तमान मॉडल के लिए एक बड़ी चुनौती है। क्या ऐसा हो सकता है कि प्रारंभिक ब्लैक होल वर्तमान की तुलना में गैस एकत्र करने में अधिक कुशल थे। आकाशगंगाओं में धूल की उपस्थिति व क्वासर का द्रव्यमान हमारे अनुमानों को प्रभावित कर सकता है। बहरहाल वर्तमान में कुछ नहीं कहा जा सकता। इसका सही पता भविष्य बताएगा।